संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार, 21 नवंबर 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गोपाष्टमी पर जिला पलवल के होडल क्षेत्र में स्थित गौ सेवा धाम परिसर में पहुंचकर गौ पूजन किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 311 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### हाई कोर्ट ने चंद्रबाबू को नियमित जमानत दी

**अमरावतीः** आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने सोमवार (20 नवंबर) को कौशल विकास मामले में पूर्व सीएम एन चंद्रबाबू नायडू को नियमित जमानत दे दी। नायडू 28 नवंबर तक अंतरिम जमानत पर हैं। हाई कोर्ट ने तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू को 29 नवंबर से सार्वजनिक रैलियां और बैठकें आयोजित करने या उनमें भाग लेने की भी अनुमति दी है। कोर्ट ने 31 अक्टूबर को चंद्रबाबू नायडू को स्वास्थ्य के आधार पर चार हफ्ते की अंतरिम जमानत दी थी। चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास निगम घोटाले के आरोप में सीआईडी ने गिरफ्तार कर लिया था, जिसके बाद उन्हें 10 सितंबर से राजमुंदरी केंद्रीय जेल में रखा गया है।

**मामले में सीआईडी कर रही है जांच**

इसी साल मार्च में सीआईडी ने पूर्ववर्ती टीडीपी सरकार के दौरान एपीएसएसडीसी में 3,300 करोड़ रुपये के कथित घोटाले की जांच शुरू की थी। बता दें कि एपीएसएसडीसी की स्थापना साल 2016 में नायडू के सीएम रहने के दौरान की गई थी. इसका मकसद राज्य के बेरोजगार युवाओं को उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाने के लिए थी।

### यूएफओ का पता लगाने के लिए भेजे दो राफेल विमान

**नई दिल्ली।** मणिपुर के इंफाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास रविवार दोपहर को यूएफओ देखा गया। सच्चाई का पता लगाने के लिए भारतीय वायु सेना ने फौरन इंफाल हवाई अड्डे के पास दो राफेल लड़ाकू विमानों को भेज दिया। इंफाल एयरपोर्ट पर यूएफओ देखे जाने की घटना रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे हुई, जिसके बाद सामान्य उड़ान सेवाएं प्रभावित हुईं। रक्षा सूत्रों ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, "इंफाल एयरपोर्ट के पास यूएफओ के बारे में सूचना मिलने के तुरंत बाद सबसे नजदीकी एयरबेस से एक राफेल लड़ाकू विमान को यूएफओ की तलाश के लिए भेजा गया।"

तलाशी में नहीं मिला यूएफओ

उन्होंने कहा, "उन्नत सेंसर से लैस राफेल ने यूएफओ की तलाश के लिए संदिग्ध क्षेत्र में निचले स्तर पर उड़ान भरी, लेकिन उसे वहां कुछ नहीं मिला।"

# 'राजस्थान में महिला अत्याचार बढ़ा'

= राजस्थान में महिला अत्याचार बढ़ा है और यहां के मुख्यमंत्री सर्टिफिकेट देते हैं : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**साधा निशाना**

8 'गहलोत सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ भी नहीं है। इस कांग्रेस सरकार को सबक सिखाना जरुरी'

**टीम एक्शन इंडिया/पाली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राजस्थान की गहलोत सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ भी नहीं है। इस कांग्रेस सरकार को सबक सिखाना जरुरी है। राजस्थान में महिला अत्याचार बढ़ा है और यहां के मुख्यमंत्री सर्टिफिकेट देते हैं कि वे फर्जी शिकायत दर्ज करवाती हैं, यह महिलाओं का अपमान है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को पाली के जाडन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आपके मोबाइल का बिल भी कम कर दिया है। डेटा की वर्ष 2014 से पहले की कीमत होती तो आज आपको एक मोबाइल पर अधिक खर्च करने पड़ते। एक परिवार में कम से कम चार मोबाइल होते हैं, मोदी ने यह खर्चा बचाया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में



कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं है। कांग्रेस के लिए परिवारवाद ही सब कुछ है। उसके पास तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं है। दंगाइयों और आतंकियों के हौसले बुलंद हो गए। ऐसी विकृत वाली मानसिकता वाली कांग्रेस को अच्छे से सबक सिखाना जरूरी है। कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन की यह पहली हरकत नहीं है। सनातन को लेकर उन्होंने क्या-क्या कहा, यह सबने देखा है। कांग्रेस और उसके साथी सनातन को खत्म करने का ऐलान कर रहे हैं। सनातन को खत्म करने का मतलब है, राजस्थान की संस्कृति को खत्म करना। मोदी ने कहा कि महिलाओं और दलितों को लेकर कांग्रेस और इनके गठबंधन के नेता कैसी-कैसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। बिहार के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री अति पिछड़े दलित परिवार से आते हैं, इसलिए उनकी बेइज्जती करने में उन्हें आनंद आता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में दलित परिवारों पर अत्याचार पर कांग्रेस ने किया है। जब से महिला आरक्षण विधेयक पास हुआ है, तब से घमंडिया गठबंधन ने महिलाओं के विरूद्ध अभियान छेड़ दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री ने विधानसभा में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया, लेकिन मजाल है कि कांग्रेस के किसी नेता ने आवाज उठाई हो। यही कांग्रेस का असली चेहरा है।

## देश को बर्बाद कर रहे हैं भाजपा के लोगः मल्लिकार्जुन खड़गे

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीगंगानगर**

**कांग्रेस के** राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सेवा में लगी है। इंदिरा गांधी जैसी महान नेता ने अपनी जान कुर्बान की। राजीव गांधी ने अपनी जान इस देश की एकता के लिए दी। कांग्रेस में जान देने वाले लोग हैं और भाजपा जान लेने वाले लोग हैं। खड़गे ने सोमवार को अनूपगढ़ में पार्टी उम्मीदवार शिमला नायक के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को किसने मारा, नाथूराम गोडसे ने। उस नाथूराम गोडसे के लोग कहां है, किस पार्टी में हैं। देखो यह लोग एक तरफ देश की बात करते हैं और दूसरी तरफ देश के लिए कुबार्नी देने वाले महात्मा गांधी के खिलाफ भी बोलते हैं। गांधी और नेहरूजी की फिलॉसफी के खिलाफ बोलते हैं। इंदिराजी ने जो काम किए, उनको कभी स्वीकार नहीं किया। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने चुनावी वादे किए थे कि विदेशों में जमा कालाधन लाऊंगा और हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख रुपये डालूंगा। आपके खाते में 15 लाख रुपये आ गए क्या। लोगों ने जब नहीं कहा तो उन्होंने कहा कि आप झूठ बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री कैसे झूठ बोल सकते हैं। मैं जब उनको कुछ कहता हूं तो वह कहते हैं कि मुझे झूठों का सरदार बोलते हैं। मोदी ने कहा था कि हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देंगे। 10 साल में 20 करोड़ नौकरी मिलनी चाहिए थी, वो कहां है बताओ। मैं झूठ बोल रहा हूं या प्रधानमंत्री। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने और आय दोगुनी करने की बात कही थी, आपकी आय दोगुनी हुई क्या। किसानों को फ्री फर्टिलाइजर देने की बात कही थी, आपको फ्री मिल रहा है क्या। अरे डीएपी नहीं मिलता, यूरिया नहीं मिलता, लेकिन उन्होंने तो बोल दिया।

## चुनौती के मोर्चों पर सीएम धामी की परीक्षा



**चुनौतीपूर्ण**

8 चुनावी सभाओं के लिए निकलते और रात में देहरादून लौट अफसरों से अपडेट लेने का सिलसिला चलता

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

पिछले कुछ दिन उत्तराखंड सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लिए चुनौतीपूर्ण रहे। राष्ट्रपति, केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा अध्यक्ष के उत्तराखंड दौरे, उस पर मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव। धामी को हर मोर्चा संभालना ही था, लेकिन इसी दौरान देहरादून में दिन-दहाड़े एक ज्वेलरी शोरूम में 20 करोड़ की डकैती और उत्तरकाशी के सिलक्यारा में आल वेदर रोड परियोजना के अंतर्गत बन रही सुरंग में भूस्खलन के कारण 41 श्रमिकों के फंस जाने की घटना ने मानों उनके कौशल की परीक्षा ही ले डाली। आलम यह कि सुबह धामी अन्य राज्यों में चुनावी सभाओं के लिए निकलते और रात में देहरादून लौट अफसरों से अपडेट लेने का सिलसिला चलता। यह सब ठीक, लेकिन डकैती का पर्दाफाश और सिलक्यारा सुरंग में श्रमिकों की सुरक्षा के मामले अभी अंजाम तक नहीं पहुंचे यानी चुनौती आने वाले दिनों में भी बरकरार। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों पर उत्तराखंड भाजपा की भी नजरें टिकी है। ये नतीजे ही तय करेंगे कि लोकसभा चुनाव में राज्य की पांच सीटों पर पार्टी किसे मैदान में उतारती है।

## प्रशासन के हाथ लगी सफलता, टनल के अंदर डाली गई छह इंच की पाइप

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**

**सिलक्यारा** सुरंग में चल रहे रेस्क्यू अभियान में आज एक महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है। सुरंग के अवरुद्ध हिस्से में 6 इंच की पाइपलाइन बिछाकर सेकेंडरी लाइफ लाइन बनाने के लिए की जा रही ड्रिलिंग पूर्ण कर मलवे के आर पार 53 मीटर लंबी पाइपलाइन डाल कर इसके जरिये फंसे श्रमिकों तक खाद्य सामग्री पहुचाने की तैयारी की जा रही है।

**रेस्क्यू की पहली कामयाबीः** शाम लगभग साढ़े चार बजे एनएचएआईडीसीएल के निदेशक अंशुमनीष खलखो, जिलाधिकारी



अभिषेक रूहेला और टनल के भीतर संचालित रेस्क्यू अभियान के प्रभारी कर्नल दीपक पाटिल ने बताया कि गत नौ दिनों से चल रहे रेस्क्यू की इस पहली कामयाबी के बाद श्रमिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकालने के अहर्निश प्रयास तेजी से संचालित किए जाएंगे। छह इंच व्यास की पाइप लाइन मलबे के आरपार बिछा दिए जाने के बाद श्रमिकों तक बड़े आकार की सामग्री व खाद्य पदार्थ तथा दवाएं और अन्य जरूरी साजो सामान के साथ ही संचार के उपकरण भेजने में सहूलियत होगी।

**रेस्क्यू**

8 खाद्य पदार्थ तथा दवाएं और अन्य जरूरी साजो सामान के साथ ही संचार के उपकरण भेजने में सहूलियत होगी

## मणिपुर के कांगपोकली में दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** में हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। रुक-रुककर हिंसा का कोई न कोई मामला सामने आता रहता है। हिंसा का ताजा मामला कांगपोकली जिले से है, जहां पर सोमवार को दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। गोलीबारी की यह घटना हारोथेल और कोब्शा गांवों के बीच हुई, लेकिन यह किस वजह से शुरू हुई। पुलिस को इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। एक आदिवासी संगठन ने दावा किया कि कुकी-जो समुदाय के लोगों पर बिना किसी उकसावे के हमला किया गया और जिले में बंद घोषित कर दिया गया है।

## राष्ट्रीय फार्मेसी आयोग विधेयक का मसौदा जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय स्वास्थ्य** मंत्रालय ने मसौदा राष्ट्रीय फार्मेसी आयोग विधेयक, 2023 जारी कर दिया है। इसमें 1948 के फार्मेसी अधिनियम को निरस्त करने और भारतीय फामेर्सी परिषद की जगह एक राष्ट्रीय आयोग बनाने का प्रविधान प्रस्तावित है। मंत्रालय ने विधेयक के मसौदे को 14 नवंबर को अपनी वेबसाइट पर डाला है और इस पर जनता की राय मांगी है।

**प्रस्तावित विधेयक में क्या है ?**

प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य एक फार्मेसी शिक्षण प्रणाली बनाना है, जो गुणवत्तापूर्ण और किफायती फार्मेसी या फार्मास्युटिक शिक्षा तक पहुंच को सुगम बनाए। इसके साथ



विधेयक का उद्देश्य देश के सभी हिस्सों में पर्याप्त और उच्च गुणवत्ता वाले फामेर्सी पेशेवरों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, समान और सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना और फामेर्सी पेशेवरों की सेवाएं सभी नागरिकों के लिए सुगम बनाना है।

**फार्मेसी पेशेवरों का रखा जाएगा विवरण**

मसौदा विधेयक में फार्मेसी संस्थानों के समय-समय पर और पारदर्शी मूल्यांकन का प्रस्ताव है। विधेयक के मसौदे के अनुसार, फार्मेसी आचार और पंजीकरण बोर्ड के पास एक राष्ट्रीय फार्मेसी पंजी होगी, जिसमें पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए फार्मेसी पेशेवरों का विवरण रखा जाएगा।

**राय मांगी**

8 मंत्रालय ने विधेयक के मसौदे को 14 नवंबर को अपनी वेबसाइट पर डाला है और इस पर जनता की राय मांगी है



अहमदाबाद में खेले गए वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छठी बार चैंपियन बना। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के तीसरी बार चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया। हार के बाद भारत के ड्रेसिंग रूम में पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर हौसला बढ़ाया। उन्हें शमी को गले लगाकर हिम्मत दी और उनके प्रदर्शन की सराहना की।

## सीबीआई की रिपोर्ट लीक मामले में अनिल देशमुख को झटका

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को फिरौती वसूली मामले में झटका देते हुए सीबीआई ने उनकी बेटी पूजा और बहू राहत देशमुख के खिलाफ 2021 में जांच एजेंसी की आंतरिक मसौदा रिपोर्ट लीक करने के संबंध में आरोपपत्र दायर किया है। सीबीआई की विशेष अदालत के समक्ष दायर पूरक आरोपपत्र में जांच एजेंसी ने पूजा को 'सह-साजिशकर्ता' करार दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने मसौदा रिपोर्ट हासिल करने के लिए एजेंसी के उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी को रिश्वत देने के लिए देशमुख के वकील आनंद दिलीप डागा के साथ साजिश रची थी।

## 'जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंद की नीति ठीक नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने** कॉलेजियम की सिफारिश के बावजूद जजों की नियुक्ति में हो रही देरी पर केंद्र सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा- जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंद की नीति ठीक नहीं है। ये अच्छे संकेत नहीं हैं। यह देश में गलत संदेश देता है। जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की बेंच ने सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा- जजों की नियुक्ति और तबादले भी सरकार अपनी पसंद नापसंद के मुताबिक कर रही है। हमने इसके लिए सरकार को पहले भी आगाह किया है। बेंच ने कहा- अभी भी



इलाहाबाद, दिल्ली, पंजाब और गुजरात हाईकोर्ट में जजों के तबादले की सिफारिश वाली फाइल सरकार ने लटका रखी है। गुजरात हाईकोर्ट में तो चार जजों के तबादले पेंडिंग हैं। इन पर सरकार ने अब तक कुछ भी नहीं किया। बेंच ने कहा- दोबारा भेजे गए नामों पर नियुक्ति नहीं करना परेशान करने वाला है। कॉलेजियम की सिफारिशों पर अमल करने के लिए और वक्त देते हुए बेंच ने कहा कि केंद्र इसका समाधान लेकर आए। 5 दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। बेंगलुरु एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से जजों की नियुक्ति को लेकर यह याचिका लगाई गई है। विधानसभा चुनावों में व्यस्तता की वजह से देरी हुई है। सरकार की ऐसी कोई मंशा नहीं थी। हमने सरकार को सूचित कर रखा है। सुप्रीम कोर्टः हमने हाईकोर्ट्स में 14 जजों की नियुक्ति की सिफारिश की है, लेकिन नियुक्ति सिर्फ गुवाहाटी हाईकोर्ट में हुई।

**टिप्पणी**

8 सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा- ये अच्छे संकेत नहीं, देश में गलत मैसेज जाता है

**हाई पावर कमेटी** उपायुक्तों के साथ वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, प्रदेश भर में होगा राजस्व लोक अदालतों का आयोजन

## लंबित राजस्व मामलों का 20 जनवरी तक निपटारा सुनिश्चित करें: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इंतकाल, तकसीम तथा निशानदेही के लम्बित मामलों का 20 जनवरी 2024 तक निपटारा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी ने गत दिवस को प्रदेश में लम्बित राजस्व मामलों की समीक्षा की और सभी उपायुक्तों को मिशन मोड पर लम्बित मामलों का निपटारा करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार आमजन की सरकार है तथा जन समस्याओं का निपटारा हमारी प्राथमिकता है,



इसलिए सरकार लम्बित राजस्व मामलों की संख्या शून्य करना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में काफी संख्या में राजस्व मामले लम्बित हैं, जिनका तुरंत निपटारा करना आवश्यक है तथा सभी अधिकारी इस मामले पर गंभीरता से पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदार से लेकर मंडलीय आयुक्त लम्बित राजस्व मामलों की दैनिक आधार पर सुनवाई कर उनका समयबद्ध निपटारा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों की वार्षिक एसीआर में भी इस प्रगति को दशार्या जाएगा।

**दिशा-निर्देश**

8 इंतकाल के साथ-साथ तकसीम के लम्बित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाएगा

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश भर में 30 व 31 अक्तूबर, 2023 को इंतकाल अदालतों का आयोजन किया, जिसके परिणाम बेहतर रहे तथा इंतकाल के लम्बित 41,907 मामलों में से 31,105 का निपटारा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि आगामी 1 व 2 दिसंबर को पुनः प्रदेश भर में इस प्रकार की विशेष अदालत का आयोजन किया जाएगाए जिसे राजस्व लोक अदालत का नाम दिया गया है। इस विशेष अदालत में इंतकाल के साथ-साथ तकसीम के लम्बित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाएगा।

## चुनाव वाले 5 राज्यों से 1760 करोड़ की शराब-कैश बरामदः चुनाव आयोग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**चुनाव** आयोग ने सोमवार 20 नवंबर को कहा कि चुनाव वाले पांच राज्यों से 1760 करोड़ की शराब, ड्रग्स, कैश और महंगी धातु बरामद की गईं। ये सब चीजें वोटरों को रिझाने के लिए बांटी गई थीं। इन चीजों की बरामदगी 9 अक्टूबर से हो रही थी। इसी दिन इलेक्शन कमीशन ने पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। चुनाव आयोग ने यह भी बताया कि आंकड़ा (1760 करोड़) इन राज्यों में 2018 विधानसभा चुनाव के दौरान हुई बरामदगी का 7 गुना है। पिछली



बार 239.15 करोड़ की चीजें जब्त की गई थीं। अभी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में वोटिंग हो चुकी है। राजस्थान में 25 तो तेलंगाना में 30 नवंबर को वोट डाले जाएंगे।

**मिजोरम से 29 करोड़ की ड्रग्स बरामद हुईः** चुनाव आयोग ने बताया कि पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम से न तो कैश और न ही कोई कीमती धातु जब्त हुई, लेकिन 29.82 करोड़ की ड्रग्स बरामद हुई। 194 सीटों को चुनावी खर्च के लिहाज से सेंसिटिव बताया था चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए 228 एक्सपेंडीचर ऑब्जर्वर्स तैनात किए थे। साथ ही 194 विधानसभा सीटों को चुनावी खर्च के लिहाज से संवेदनशील बताया था।

# गौ सेवा धाम में सीएम मनोहर लाल ने किया गौ पूजन

## मुख्यमंत्री ने गोपाष्टमी पर प्रदेशवासियों के सुखद भविष्य की कामना की, गौ सेवा धाम परिसर में बहुमंजिला गौ हॉस्पिटल की आधारशिला रखी

**गौ सेवा धाम**

8 गौ माता की पूजा की और प्रदेश के हर नागरिक की खुशहाली, स्वस्थ व सुखद जीवन की कामना की




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को गोपाष्टमी के पावन अवसर पर जिला पलवल के होडल क्षेत्र में स्थित गौ सेवा धाम परिसर में पहुंचकर गौ पूजन किया और बहुमंजिला गौ सेवा हॉस्पिटल की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने गौ सेवा धाम की व्यवस्था का अवलोकन करते हुए गौ माता की पूजा की और प्रदेश के हर नागरिक की खुशहाली, स्वस्थ व सुखद जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान गौ सेवा धाम की संस्थापक देवी चित्रलेखा द्वारा इस प्रकार के पुण्य कार्य मे निभाए जा रहे दायित्व की सराहना की। मुख्यमंत्री ने गोपाष्टमी पर्व की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हर जीव के प्रति सेवा भाव का दिन है, ऐसे में गौ सेवा से जुड़ी संस्थाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा दान देना चाहिए। हमें गौधन को बचाने के लिए उसकी उपयोगिता को बढ़ाना होगा।

**गौ सेवा के लिए दिल खोलकर दान दें हर नागरिकः** मुख्यमंत्री ने खुशी जताई कि उन्हें गौ सेवा धाम आने का अवसर मिला, ऐसे में वे अपने आप को धन्य समझते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य का अस्पताल और मानव सेवा तो हम सबके मन मे आती है लेकिन पशुओं, जीव जंतुओं और पक्षियों की सेवा का भाव बिरले लोगों के मन में ही आता है। उन्होंने गौ सेवा धाम के संचालन के लिए देवी चित्रलेखा की सरहाना की और अपने कोष से 21 लाख रुपये सेवा धाम को देने की घोषणा की।

**गौ सेवा आयोग के बजट में 10 गुणा बढ़ोतरीः** मनोहर लाल ने कहा कि गौधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए देश और प्रदेश की सरकार कृत संकल्प है। साथ ही गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार और गौसेवा आयोग प्रभावी रूप से काम कर रहा है। सरकार द्वारा गौ सेवा आयोग के बजट में 10 गुणा बढ़ोतरी करते हुए मौजूदा बजट 400 करोड़ रुपए कर दिया है। सरकार की सोच है कि बेसहारा गौवंश की सेवा के लिए पंचायतें गौशाला बनवाने के लिए प्रस्ताव पास करते हुए गौसेवा आयोग और पशुपालन विभाग से सम्पर्क करें, ताकि गौसेवा के लिए आमजन मानस को जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक अच्छा कानून बनाया गया है। उस मजबूत कानून की आज देश में प्रशंसा हो रही है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा से जुड़े संस्थान हमेशा आपसी सहयोग से चलते हैं, जिनके लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आकर सहयोग के लिए हाथ बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौ सेवा से बढकर कोई दूसरी सेवा नहीं है। प्रत्येक नागरिक को अपनी नेक कमाई में से कुछ हिस्सा निकालकर गौसेवा पर खर्च करना चाहिए। गऊओं के लिए दान देने से कभी धन नहीं घटता, बल्कि घर में समृद्धि और खुशहाली आती है।

मुख्यमंत्री ने गौ सेवा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि गऊओं के लिए विशेषकर चारे और उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि हमारे शास्त्रों में इस बात का उल्लेख है कि गौ माता के शरीर में 84 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है, इसलिए गौ सेवा हम सबके लिए जरूरी है। उन्होंने मंचासीन संत महात्माओं को शाल भेंट कर सम्मान दिया। इस अवसर पर स्वामी चिदानंद सरस्वती, स्वामी सम्पूणार्नंद महाराज, आचार्य लोकेश मुनि जी, पलवल से विधायक दीपक मंगला, होडल से विधायक जगदीश नायर, हथीन से विधायक प्रवीण डागर, गौ सेवा धाम के संस्थापक सदस्य स्वामी टीकाराम, माधव कुमारी, प्रत्यक्ष शर्मा, रमन देव शर्मा, डीसी नेहा सिंह व एसपी अंशु सिंघला सहित अन्य गौ प्रेमी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# 'सरकार व्यवस्था को बदलने का काम कर रही'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि सरकार व्यवस्था को बदलने का काम कर रही है। ना तो कोई भेदभाव हो रहा है, ना नौकरी के लिए कोई पर्ची-खर्ची खर्च हो रही है, मेरिट के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं। सरकार की कल्याणकारी नीतियों का लाभ सीधे तौर पर मिले, इसका हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। अगर किसी कारण से किसी को लाभ नहीं मिलता है तो यह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा सोमवार को सफीदों उपमंडल के गांव पिल्लूखेड़ा में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मिशन 2024 भाजपा को लेकर कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि अभी चुनाव में काफी समय है। यह जनसंवाद कार्यक्रम चुनाव को लेकर नहीं किए जा रहे हैं। सरकार प्रदेश की जनता के प्रति पूर्ण रूप से संवेदनशील है और मुख्यमंत्री मनोहरलाल चाहते हैं कि लोगों की समस्याओं का हर हाल में समाधान हो। इसीलिए

**मेरिट के आधार पर**

8 सरकार की कल्याणकारी नीतियों का लाभ सीधे तौर पर मिले, इसका हरसंभव प्रयास किया जा रहा: सांसद

जनसंवाद कार्यक्रम प्रदेश की जनता के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। इन जनसंवाद कार्यक्रमों के तहत 30 हजार से ज्यादा समस्याएं प्राप्त हुई हैं और नौ हजार से ज्यादा समस्याओं का निपटारा किया जा चुका है। सरकार का यही प्रयास है कि अधिक से अधिक समस्याओं को शीघ्रता से सुलझाया जा सके। उन्होंने कहा कि वो लोागें के बीच आए हैं और लोगों की समस्याएं सुनी हैं। प्रयास यही है कि जयादा से ज्यादा समस्याएं सुलझ सकें और समस्याओं का निदान हो। जो समस्याएं नहीं सुलझ सकी हैं, उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय के संज्ञान में लाया गया है ताकि उनका भी समाधान हो सके।

# देश के लिए शहीद होना सबसे बड़ा गौरवः सीएम मनोहर



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर देना सबसे बड़ा बलिदान है। देश के लिए शहीद होना मनुष्य जीवन का सर्वोच्च गौरव है। शहीदों के परिवार की हर संभव मदद हरियाणा सरकार करेगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज जिला पलवल के गांव बहीन में ड्यूटी के दौरान हुए हादसे में वीरगति को प्राप्त हुए जवान मनमोहन सिंह के घर पहुँचे और परिजनों का ढांढस बंधाया। उनके साथ केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर तथा विधायक श्री दीपक मंगला, श्री जगदीश नायर, श्री प्रवीण डागर भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि लेह लद्दाख में सेना का एक ट्रक खाई में गिर जाने के कारण आर्टलरी विंग का गनर मनमोहन सिंह वीरगति को प्राप्त हुए थे। मनमोहन सिंह वर्ष 2016 सितंबर माह में देशभक्ति की भावना को लेकर फौज में भर्ती हुए थे और पिछले 5 महीनों से उनकी तैनाती लेह लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में थी। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल पिछले महीने शहीद हुए वीर युधिष्ठिर के परिवार को ढांढस बंधाने के लिए गावं खाम्बी पहुंचे। उन्होंने शहीद युधिष्ठिर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार दिवंगत जवान के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। गांव खाम्बी निवासी युधिष्ठिर का गत माह सिक्किम की तीस्ता नदी में बाढ़ आने से निधन हो गया था। युधिष्ठिर सहित सेना के 23 जवान इस बाढ़ में बह गए थे। तदोपरांत मुख्यमंत्री गांव गढीपट्टी में शहीद महेंद्र सिंह के निवास स्थान पर गए और शहीद महेंद्र सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत जवान के परिजनों से भी बातचीत की और उन्हें सांत्वना दी। गांव गढीपट्टी निवासी महेंद्र सिंह का राजस्थान के अलवर में ड्यूटी के दौरान अचानक ह्दय गति रूकने से निधन हो गया था।

**श्रद्धांजलि**

8 मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दी दिवंगत जवानों को श्रद्धांजलि, परिवार को बंधाया ढांढस

# 'बेरोजगारी बढ़ाकर वर्तमान व भविष्य से खिलवाड़ कर रही है सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

**हरियाणा के पूर्व** मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि लगातार भर्ती घोटालों को अंजाम देकर और बेरोजगारी बढ़ाकर बीजेपी-जेजेपी सरकार हरियाणा के वर्तमान ही नहीं, भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि बाकायदा कोर्ट में बार-बार सरकार के भर्ती घोटालों और नीतियों की पोल खुल रही है। वेटनरी सर्जन भर्ती और 75 प्रतिशत आरक्षण का रद्द होना इसका ताजा उदाहरण है।

हुड्डा ने सोमवार को यहां कहा कि वैसे भी बीजेपी-जेजेपी ने हरियाणा डोमिसाइल के नियमों में फेरबदल करके 75 प्रतिशत आरक्षण को शून्य कर दिया था। यह सिर्फ राजनीतिक माइलेज लेने के लिए जनता के बीच उछाला गया जुमला था। डोमिसाइल को 15 से 5 साल करने पर विधानसभा में भी मुद्दा उठाया था।



75फीसदी आरक्षण कोर्ट में भी नहीं ठहर पाया। इसके पीछे सचमुच में हरियाणा वासियो को गुमराह करने की मंशा थी। वहीं, 383 पदों वाली वेटरनरी सर्जन भर्ती रद्द होने से एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि इस सरकार में भर्ती के नाम पर सिर्फ घोटाले हो रहे हैं। दिसंबर 2022 में निकली इस भर्ती को रद्द करने में सरकार ने पूरा एक साल लगा दिया। जबकि यह वहीं भर्ती थी जिसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़झाले हुए। इसमें पेपर लीक से लेकर महाराष्ट्र में साल 2017 की एक परीक्षा से 24 सवाल हूबहू कॉपी करने और 26 सवालों के गलत जवाब रखने के आरोप लगे थे। हुड्डा ने कहा कि बावजूद इसके अब तक पूरे मामले में किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि अभ्यर्थियों ने कोर्ट को 22 संदिग्ध लोगों के मोबाइल नंबर दिए थे, जो पेपर होने से दो दिन पहले ही बंद हो गए थे। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार खुद भर्ती घोटाले करने वालों को संरक्षण दे रही है। इससे पहले भी एचसीएस और नायब तहसीलदार से लेकर कांस्टेबल और क्लर्क तक की भर्तियों में घपले देखने को मिले थे। पिछले 9 साल में इस सरकार के दौरान 30 से ज्यादा पेपर लीक हो चुके हैं।

**बेरोजगारी**

8 कोर्ट में खुली वेटनरी सर्जन भर्ती घोटाले और 75 प्रतिशत आरक्षण के ड्रामे की पोल: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

# इनेलो, कांग्रेस छोड़कर 40 युवाओं ने बीजेपी का दामन थामा

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ हर क्षेत्र में समान रूप से विकास करवा रही है। भाजपा की इन्हीं नीतियां और विकास को देखकर लोग दूसरी पार्टियां छोड़ भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

यह शब्द मेयर मदन चौहान ने सोमवार को मेयर हाउस में इनेलो व कांग्रेस छोड़कर करीब 40 युवाओं के भाजपा में शामिल होने पर कहें। इस दौरान उन्होंने भाजपा का दामन थामने वाले युवाओं को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

# गठबंधन सरकार की अनदेखी के चलते विद्यालयों में शिक्षा का स्तर हुआ शून्यः सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि जिस प्रदेश और देश की सरकारें शिक्षा पर अधिक ध्यान देती है वहां पर विकास ही विकास दिखाई देता है पर हरियाणा में सरकार की अनदेखी के चलते राजकीय विद्यालयों में शिक्षा का स्तर शून्य हो चुका है। कहीं विद्यालय हैं तो अध्यापक नहीं तो कहीं अध्यापक हैं तो बच्चे नहीं और जहां दोनों हैं वहां के जर्जर भवन कक्षा चलाने के लायक नहीं हैं। सरकार की अनदेखी बच्चों को सरकारी स्कूल से दूर कर रही है, शिक्षा विभाग द्वारा तैयार किये गए डेटा से पता चला है कि प्राथमिक



विद्यालयों में इस वर्ष 1.21 लाख छात्रों की कमी आई है। हरियाणा सरकार निजीकरण एवं स्वहित के लिए हरियाणा के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए और जुमलेबाजी छोड़कर सरकार को इस दिशा में कठोर कदम उठाना चाहिए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार हर विभाग में पोर्टल पोर्टल खेल रही है, इस खेल में जो काम पहले होते थे वे भी चौपट हो गए है, अधिकारी भी इस खेल से परेशान आ चुके है। प्रदेश की जनता पोर्टल के खेल में फंसकर रह गई है, उसको मिलने वाली सरकारी मदद तक नहीं मिल पा रही है। ऐसा ही शिक्षा विभाग में हुआ है। जहां पर पोर्टल के खेल में शिक्षक, अभिभावक और बच्चे परेशान है। पिछले शिक्षा सत्र में प्राइमरी स्कूलों में 1041832 दाखिले हुए थे पर इस साल 920899 दाखिले हुए यानि 120933 दाखिले कम हुए। इससे साबित होता है कि सरकार की शिक्षा नीति और उनके क्रियान्वयन में कही न कही कोई कमी जरूर है। उन्होंने कहा कि एमआईएस पोर्टल के आधार पर शिक्षा विभाग डाटा तैयार करता है और इसे डाटा से सरकार इंकार नहीं कर सकती क्योंकि यह डाटा उसका ही तैयार किया हुआ। शिक्षा विभाग ने ही एमआईएस पोर्टल तैयार किया है जिसमें वह बच्चे का नाम, जन्मतिथि, आधार कार्ड नंबर, स्वास्थ्य संबंधी सूचना, जाति, बैंक खाता नंबर, पता और माता पिता की पूरी डिटेल रखती है।

**शिक्षा का स्तर**

8 कहीं विद्यालय हैं तो अध्यापक नहीं तो कहीं अध्यापक हैं तो बच्चे नहीं और जहां दोनों हैं वहां कक्षा चलाने के लायक नहीं

# हरियाणा के बच्चों को चंडीगढ़ के स्कूलों में दाखिले पर बढ़ा विवाद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**चंडीगढ़** प्रशासन के पंचकूला के बच्चों को स्कूलों में दाखिले न देने के मामले को लेकर चंडीगढ़ व हरियाणा के बीच नया विवाद शुरू हो गया है। पंजाब पहले ही चंडीगढ़ फैसले का विरोध कर रहा है। हरियाणा विधानसभा के स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल को पत्र लिखकर इस मामले में फैसला लेने की अपील की है। चंडीगढ़ प्रशासन के स्कूलों में इस साल नर्सरी कक्षाओं में दाखिले के दौरान पंचकूला व मोहाली के बच्चों को दाखिला नहीं दिया जा रहा है। चंडीगढ़ हरियाणा व पंजाब की राजधानी है। इसके अलावा मोहाली, चंडीगढ़ व पंचकूला को ट्राईसिटी के रूप में चिन्हित किया गया है। इन तीनों शहरों का फोन एसटीडी कोड भी एक ही है। इसके अलावा तीनों शहरों की हर मामले में आपस में कनेक्टीविटी है। चंडीगढ़ प्रशासन ने शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए पंचकूला के बच्चों को दाखिला देने से इनकार कर दिया गया है, जिसे लेकर हजारों की संख्या में लोग परेशान हो रहे हैं। सोमवार को हरियाणा विधानसभा के स्पीकर एवं पंचकूला के विधायक ज्ञान चंद गुप्ता ने चंडीगढ़ के प्रशासन बनवारी लाल पुरोहित को पत्र लिखकर शिक्षा विभाग की अधिसूचना पर आपत्ति जताई है। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि चंडीगढ़ शिक्षा विभाग का यह निर्णय शिक्षा के अधिकार के पूरी तरह से विपरीत है। शिक्षा के अधिकार को क्षेत्रों में नहीं बांटा जाना चाहिए। इससे पंचकूला एवं मोहाली के मासूम बच्चों के शिक्षा के अधिकार का हनन होगा। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हवाला देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश में एक शिक्षा नीति लागू कर रहे हैं। चंडीगढ़ शिक्षा विभाग का यह निर्णय प्रधानमंत्री की इस पहल के भी विपरीत है।

उन्होंने पत्र में लिखा कि पंचकूला, चंडीगढ़ एवं मोहाली एक प्रकार से स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) है। हरियाणा एवं पंजाब की राजधानी होने के नाते चंडीगढ़ पर दोनों राज्यों का अधिकार है। इस प्रकार के निर्णय लेने से पहले बच्चों के भविष्य को लेकर भी संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाना चाहिए था।

**विवाद**

8 विधानसभा के स्पीकर ने पंजाब के राज्यपाल को पत्र लिखकर इस मामले में फैसला लेने की अपील की है

# वार्डों में तैनात ग्राम प्रहरी तैयार करेंगे नशेड़ियों व नशा बेचने वालों की सूची

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

**जिला** के हर गांव में वार्डों में तैनात ग्राम प्रहरी अपने क्षेत्र में नशा करने वालों व नशा बेचने वालों की सूची तैयार करेंगे। गांव के दबंग व आवारा लोगों के साथ-साथ महिलाओं पर अत्याचार करने वाले लोगों की भी लिस्ट तैयार होगी। इस काम में रुचि न लेने वाले पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। सोमवार को पुलिस लाइन में ग्राम प्रहरियों की जनरल परेड के दौरान एसपी उपासना ने प्रहरियों को यह निर्देश जारी किए। एसपी ने ग्रामीणों से कहा कि गांवों को नशा मुक्त, अपराध मुक्त तथा हिंसा मुक्त बनाने में ग्राम प्रहरियों की अहम भूमिका है इसलिए सभी ग्राम प्रहरी समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए ईमानदारी और मेहनत से कार्य करते हुए अपने रजिस्टर में सभी प्रकार का रिकॉर्ड पूरा करें। प्रहरी गांव में नशा बेचने वाले तथा नशा करने वालों की पूरी सूची तैयार करें और इन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए उचित कदम उठाए। वे अपने क्षेत्रों के अनैतिक कार्यों पर पूरी नजर रखें। इसके साथ ही गांव के दबंग ,आवारा लोगों तथा घरों में महिलाओं के साथ हिंसा करने वालों की भी सूची बनाएं ताकि उन पर कार्यवाही की जा सके। इसके अलावा, ग्राम प्रहरी अपने क्षेत्र में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर ध्यान रखते हुए उनके खिलाफ मामला दर्ज करवाएं। इस दौरान एसपी उपासना द्वारा ग्राम प्रहरी में बेहतरीन कार्य करने वाले थाना सिविल लाइन से एसआई रामफल सिंह, थाना शहर से एचसी दीपक, चौकी प्रभारी सगतपुरा एएसआई अनवर सिंह तथा सीसीटीएनएस इंचार्ज एचसी सुरेंद्र कुमार को प्रशंसा पत्र व नकदी इनाम देकर सम्मानित किया।



# बहादुरगढ़ : सीवर में गिरने से आठ साल के बच्चे की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**

**जिले के प्रमुख शहर बहादुरगढ़** शहर के निजामपुर रोड पर स्थित बिहारी कॉलोनी में सोमवार की दोपहर को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सीवर में गिरने से आठ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। हादसे के लिए सफाई कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। सूचना मिलने पर लाइनपार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवाया है। मामले में जांच शुरू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की तहसील बबेरू का निवासी सोहन पिछले चार-पांच वर्ष से यहां बिहारी कॉलोनी में रह कर दिहाड़ी-मजदूरी करता है। सोमवार को सोहन व उसकी पत्नी काम पर गए थे। तीनों बच्चे घर में अकेले थे। दोपहर को कॉलोनी में सीवरों की सफाई चल रही थी। इसलिए मेन हॉल खुले हुए थे। इसी दौरान सोहन का करीब आठ वर्षीय बेटा मनीष खेल-खेल में मेनहॉल में जा गिरा। साथ खेल रहे बच्चों ने आसपास लोगों को मामले से अवगत कराया। सूचना पाकर परिजन भी तुरंत मौके पर पहुंचे। मनीष को सीवर से बाहर निकाला गया, लेकिन उसकी सांसें थमी गई थीं। परिजन बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में रोष पनप गया। वहीं सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस अस्पताल में पहुंची और पोस्टमार्टम के लिए दस्तावेजी कार्रवाई शुरू की। बच्चे की मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

**हादसा**

8 लाइनपार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवाया

# 'बाढ़ग्रस्त एरिया के किसानों से विश्वास घात कर रही है सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

**सोमवार को** राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला कैथल पहुंचे। किसान भवन में कार्यकताओं से मिलने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। रणदीप सुरजेवाला ने जहरीली शराब कांड पर प्रदेश सरकार को घेरा। सुरजेवाला ने कहा कि लोगों के आशीर्वाद से पांच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस जीत की ओर अग्रसर है। इन चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने जो लोगों से वादे किए हैं। उन्हें हम पूरा करेंगे। हमने जो अलग-अलग राज्य में अपने घोषणा पत्र के माध्यम से गारंटी दी है, चाहे वह किसी भी वर्ग की हो, उसे हम पूरा जरूर करेंगे। सुरजेवाला ने कहा कि अभी इसी साल जून-



जुलाई महीने में गुहला-चीका, कुरुक्षेत्र, शाहबाद, अम्बाला, यमुनानगर सहित हरियाणा के कोने कोने में लगभग 12 जिले और 1000 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए। लगभग 30 लोग मौत के शिकार हुए। हजारों लोगों को घर और गांव छोड़कर दूसरी जगह शरण लेनी पड़ी। पूरे प्रदेश में 3,50,000 एकड़ से अधिक कृषि भूमि बाढ़ की चपेट में आई। भाजपा-जजपा सरकार ने आज तक न बाढ़ ग्रस्त एरिया के किसानों को मुवावजा दिया और न ही उन किसानों की कोई सूध ली। बल्कि उस बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में दोबारा से लगाईं गई फसल और आज जब वो पककर तैयार हो गई तो भाजपा-जजपा सरकार ने मंडियो में खरीद बंद कर दी। किसानों को वही फसल प्राइवेट सेक्टर में सस्ते दामों पर बेचनी पड़ी। जहरीली शराब कांड पर बोलते हुए रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि आज से नहीं कोरोना काल से ही भाजपा - जजपा और शराब माफिया से मिलीभगत साफ है। कांग्रेस ने कोरोना काल में यह उजागर किया था कि भाजपा और जजपा के संरक्षण में कितना बड़ा नाजायज शराब का धंधा चल रहा है। उस पर जांच कमेटी भी बिठाई गई। आज 3 साल बीत जाने पर भी उस जांच का कुछ नहीं हुआ। लगातार शराब माफिया जो नाजायज शराब बनता है और राजस्व की चोरी करता है। 20 लोग जहरीले शराब की वजह से मारे गए हैं उनके परिवार के आंसू कौन पोंछेगा। क्या हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बताएंगे कि उनकी मौत का जिम्मेदार कौन है।

**जनविरोधी**

8 शराब माफिया को संरक्षण दे रही है सरकार, अब कानून खत्म जुमला हजम यही भाजपा-जजपा का असली चरित्र

# गौ माता की सेवा करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं: विजय

## गौ माता में ही 33 कोटी देवी देवताओं का वास है इसलिए हम सभी को सुबह-सुबह उठकर के पहले रोटी गौ माता के लिए निकलना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत ग्रामीण** हलके के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी और जन-जन के प्यारे नेता भाई विजय जैन और उनके चाचा जगदीश जैन ने बतौर मुख्य अतिथि गोपाल गौशाला गांव सोनपुर और राधा कृष्ण गौशाला बरसत रोड पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंच करके गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। गौ भगत परशुराम महाराज ने भाई विजय जैन के हाथों से जोत प्रचंड कराई। इस अवसर पर समाजसेवी और प्रसिद्ध उद्योगपति जगदीश जैन और विजय जैन ने गौशाला बरसात रोड को महिंद्रा पिकअप गाड़ी गौशाला को दान की इस अवसर पर बोलते हुए विजय जैन ने कहा है कि गौ माता की सेवा करने से मनुष्य के



सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। इसलिए हम सभी को तन मन और धन से गौ माता की सेवा करनी चाहिए जैन ने कहा है। कि गौ माता में ही 33 कोटी देवी देवताओं का वास है इसलिए हम सभी को सुबह-सुबह उठकर के पहले रोटी गौ माता के लिए निकलना चाहिए। ताकि हमारे दिन भर की दिनचर्या हंसी-खुशी रहे यह अवसर पर पानीपत शहर के प्रसिद्ध जाने माने उद्योगपति और समाजसेवी जगदीश जैन ने कहा है कि मैं और मेरा परिवार सदा से ही गौ माता की सेवा में तत्पर रहते हैं। गौ माता की सेवा करके जो संतुष्टि हमारे परिवार

**सेवा**

**8 सतपाल राणा ने कहा है कि जगदीश जैन और भाई विजय जैन वर्षों से गौशालाओं में गौ माता की सेवा करते रहते हैं**

को मिलती है हम उसी में ही सदा खुश रहते हैं जगदीश जैन ने कहा है कि गौ माता की सेवा में ही आमजन की सेवा है इस अवसर पर बोलते हुए पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा ने कहा है कि जगदीश जैन और भाई विजय जैन वर्षों से गौशालाओं में गौ माता की सेवा करते रहते हैं। यह परिवार परम को भगत है और वर्षों से गौ माता की सेवा कर रहे हैं राणा ने कहा है कि बरसत रोड गौशाला को जो गाड़ी जगदीश जैन और विजय जैन ने गौ माता के चारे को लाने और ले जाने के लिए दान दी है इससे बड़ा दान कोई नहीं हो सकता और यह परिवार पानीपत शहर में एक दानवीर सेठ के नाम से भी मशहूर है और पानीपत शहर और आसपास की कई गौशालाओं से यह समाजसेवी परिवार जुड़ा हुआ है और अब इस परिवार का मकसद पानीपत ग्रामीण हल्के की गरीब जनता की सेवा करने का है सिवा कोई ही माध्यम बनाकर के यह परिवार ग्रामीण हल्के की बाहरी कॉलोनी में बसे गरीब और ऐसा है लोगों के भी मदद करते हैं। गौशाला के प्रधान अनिल गर्ग, जोगिंदर नांदल, बरसत रोड

# 'भारत विकास परिषद के नाम और काम से समाज को भारतीयता के दर्शन होते हैं'

**प्रतियोगिता**

**8 भारत विकास परिषद ने करवाई भारत को जानो प्रांतीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** लाडवा की शिवाला रामकुण्डी में भारत विकास परिषद द्वारा भारत को जानो शीर्षक के नाम से एक प्रांतीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की व कार्यक्रम की अध्यक्षता भाविप क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव परमजीत पाहवा द्वारा की गई। प्रकल्प प्रमुख अरविंद सिंघल ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा हर वर्ष ये प्रतियोगिता शाखा स्तर पर, प्रांतीय स्तर पर, क्षेत्रीय स्तर पर और फिर राष्ट्रीय स्तर पर करवाई जाती है। इस बार प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में 24 और कनिष्ठ वर्ग में 21 टीमों ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित व राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् से हुआ। स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत से अतिथियों का वंदन किया गया। मुख्यातिथि समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि भारत विकास परिषद के नाम और काम से समाज को भारतीयता के दर्शन होते हैं और हम अपनी संस्कृति से जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष परमजीत पाहवा ने कहा कि छोटे छोटे बच्चों को भारत की सभ्यता और संस्कृति, भारत के स्वर्णिम इतिहास और विश्व में भारत की अद्वितीय उपलब्धियों से संबंधित जानकारी को इस प्रतियोगिता के माध्यम से अवगत कराया जाता है ताकि वे भारत की महान विरासत को अच्छी तरह जान सके। वहीं शाखा प्रधान नरेश बंसल ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग में कुरुक्षेत्र शाखा से बी आर इंटरनेशनल स्कूल, यमुनानगर से स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, शाहबाद से विश्वास पब्लिक स्कूल,कैथल से आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम और कनिष्ठ वर्ग में लाड़वा से ओ पी जी सीनियर सेकेंडरी स्कूल,कैथल से ओ एस डी ए वी पब्लिक स्कूल, घरोंडा से द सेंचरी स्कूल,कुरुक्षेत्र से यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान पर रही।

अतिथियों द्वारा सभी विजेता टीमों के प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विकास बंसल, डा. अमन पंजेटा, प्रांतीय अध्यक्ष धीरज भाटिया, प्रांतीय महासचिव कपिल गुप्ता, प्रांतीय वित्त सचिव मनीष मलिक, अशोक चौधरी, नरेश बंसल, नवनीत सिंघल, विनय गर्ग, अंजू सिंघल, अरविंद सिंघल, कुंवर सिंघल, नवीन गर्ग, मुकेश गर्ग, सुमित गर्ग, बृजमोहन शर्मा, सुरेन्द्र आदि मौजूद थे।

# सोनीपत में शुरू होगी विकसित संकल्प भारत यात्रा: उपायुक्त डा. मनोज

**सोनीपत:** उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सोनीपत में दिसंबर माह के पहले सप्ताह में प्रवेश करेगी, जो जिले के गांव-गांव में जाकर लोगों को सरकार की सेवाओं की जानकारी प्रदान करेगी। यात्रा को उत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए जोरदार तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। उपायुक्त सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर आयोजित वीडियो कांफ्रेंस में हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल को तैयारी के बारे में जानकारी दे रहे थे।

# घायल को अस्पताल पहुंचने से पहले ही घटनास्थल पर प्राथमिक उपचार मिले: कुलबीर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**शांतनु** शर्मा उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रास सोसाइटी कुरुक्षेत्र के कुशल मार्गदर्शन में कार्य कर रही जिला रेडक्रॉस एवं सेंट जॉन शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा चार दिवसीय ट्रेनिंग में20 नवम्बर 2023 को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार तथा जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से चार दिवसीय प्राथमिक सहायता तथा गृह परिचरिया ट्रेनिंग कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमीन कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया। कुलबीर मालिक सचिव जिला रेड क्रॉस सोसाइटी ने बताया कि जिले के विभिन्न स्कूलों के




1700 विधार्थियो को चार दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स के लिए योजना कर जिला के विभिन्न स्कूली बच्चों को प्राथमिक सहायता तथा गृह परिचरिया का प्रशिक्षण अंजू कश्यप, जिला प्रशिक्षण अधिकारी के नेतृत्व में सभी स्कूलों में यह कार्यक्रम शुरू करवाया ताकि घायल को अस्पताल पहुंचने से पहले ही घटनास्थल पर प्राथमिक उपचार मिल सके इस कार्यक्रम के अंतर्गत किरण

**चर्चा**

**8 गृह परिचरिया ट्रेनिंग कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमीन कुरुक्षेत्र में आयोजित किया**

कश्यप प्रवक्ता प्राथमिक सहायता एवं गृह्परिचर्या ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अमीन में विद्यालय के नोवी कक्षा के 100 विद्यार्थियों को प्राथमिक सहायता तथा गृह परिचरिया की पूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक भी उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों ने भी प्रैक्टिकल माध्यम से बढ़-चढ़कर प्राथमिक उपचार तथा गृह परिचरिया के गुर सीखें। किरण कश्यप ने उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, नशा ना करने, पर्यावरण बचाव के लिए नए पेड़ लगाने तथा रेड क्रॉस सोसाइटी की गतिविधियों से अपने परिवार के अन्य सदस्यों को भी जोड़ने के लिए जागरूक किया। प्रवक्ता किरण कश्यप ने प्राथमिक सहायता के महत्व के बारे में बताया कि कैसे हम घटनास्थल पर ही थोड़ी सी कोशिश कर घायल की स्थिति को और बिगड़ने से रोक सकते हैं। प्रिंसिपल महोदया श्री मति कमल बत्रा ने जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कुरुक्षेत्र का आभार व्यक्त किया।

# 'एनीमिया से आती है कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**सीएचसी** शहजादपुर के एसएमओं डॉ. तरूण प्रसाद ने कहा कि एनीमिया यानि शरीर में खून की कमी होने से कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं खड़ी हो जाती है।उन्होंने कहा कि फोलिक एसिड की कमी से होती है एनीमिया बिमारी। अगर समय रहते इस ओर ध्यान दिया जाए तो उन समस्याओं से बचा जा सकता हैं। महिलाएं और किशोरियां जागरूकता के अभाव के कारण एनीमिया की शिकार होती हैं।

एनीमिया तब होता है, जब शरीर के रक्त में लाल कणों या कोशिकाओं के नष्ट होने की दर, उनके निर्माण की दर से अधिक होती है। किशोरावस्था और रजोनिवृत्ति के बीच की आयु में एनीमिया सबसे अधिक होता है। गर्भवती महिलाओं को बढ़ते शिशु के लिए भी रक्त निर्माण करना पड़ता है। इसलिए गर्भवती महिलाओं को एनीमिया होने की संभावना अधिक रहती है। एनीमिया एक गंभीर बीमारी है। इसके कारण महिलाओं को अन्य बीमारियां होने की संभावना और बढ़ जाती है। एनीमिया से पीड़ित महिलाओं की प्रसव के दौरान मरने की संभावना सबसे अधिक होती है। लक्षण- त्वचा का सफेद दिखना, जीभ, नाखूनों एवं पलकों के अंदर सफेदी, कमजोरी एवं



**परामर्श**

**8 ाहिलाएं और किशोरियां जागरूकता के अभाव के कारण एनीमिया की शिकार होती हैं**

बहुत अधिक थकावट, चक्कर आना-विशेषकर लेटकर एवं बैठकर उठने में, बेहोश होना, सांस फूलना, हृदयगति का तेज होना, चेहरे एवं पैरों पर सूजन दिखाई देना। लौह तत्व वाली चीजों का उचित मात्रा में सेवन न करना, मलेरिया के बाद जिससे लाल रक्त करण नष्ट हो जाते हैं। किसी भी कारण रक्त में कमी, जैसे- शरीर से खून निकलना (दुर्घटना, चोट, घाव आदि में अधिक खून बहना), शौच, उल्टी, खांसी के साथ खून का बहना, माहवारी में अधिक मात्रा में खून जाना, पेट के कीड़ों व परजीवियों के कारण खूनी दस्त लगना, पेट के अल्सर से खून जाना, बार-बार गर्भ धारण करना।

# 237 ग्रामीणों ने उठाया निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप का लाभ



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

पं. केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप वार्ड नं. 18 के गांव सौंडा के श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में लगाया गया। कैंप का 237 ग्रामीणों ने लाभ उठाया। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टैस्ट निशुल्क किए गए साथ ही आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र, ई - श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए। कैंप में संजीवनी आई अस्पताल से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. ओ.पी. आर्य ने 53 लोगों की आंखें जांचीं व उन्हें परामर्श दिया। वहीं, मिशन अस्पताल से हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. संदीप गोयल ने 45 लोगों की हड्डियों से संबंधित बीमारियों को जांचा। एम्पायर क्लीनिक से सामान्य रोग विशेषज्ञ डा. सतिंद्र सिंह ने 62 लोगों का स्वास्थ्य जांचा व उन्हें परामर्श दिया।

**मेडिकल कैंप**

**8 श्री गुरुद्वारा सिंह सभा, गांव सौंडा में लगाया गया था कैंप, 60 लोगों ने करवाई अपने रक्त की जांच**

ट्रस्ट की मोबाइल वैन में 60 लोगों ने अपने रक्त की भी जांच करवाई। जिन्हें उनकी रिपोर्ट जल्द सौंप दी जाएगी। कैम्प में जरूरतमंदों के लिए लैंस संजीवनी आई अस्पताल से मशीन द्वारा बिल्कुल मुफ्त डलवाए जाएंगे। कैंप में 10 लोगों ने अपने आयुष्मान कार्ड व 7 लोगों ने अपने परिवार पहचान पत्र मौके पर ही बनवाए। गौरतलब है कि पं. केदारनाथ शर्मा चैरीटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट द्वारा शहरों व गांवों में लगातार निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच कैंपों का आयोजन किया जा रहा है।

# कन्या कॉलेज की छात्राओं ने युवा महोत्सव में लहराया परचम

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जिला उधमिता व प्रशिक्षण विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा विगत 17 व 18 नवंबर को मल्टी आर्ट कल्चर सेंटर में जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल की छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा। बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा हिमानी ने तत्कालीन व्याख्यान में प्रथम स्थान व भाषण में दूसरा स्थान हासिल किया। बी.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा आरजू ने भासग में तीसरा स्थान हासिल किया। एकल



नृत्य में एम. ए हिंदी की छात्रा आरजू ने दूसरा स्थान व कहानी लेखन में एम. कॉम की कुलजीत कौर ने तीसरा स्थान हासिल प्राप्त किया। व्यंजन मिलेट्स बनाने की प्रतियोगिता में आरुषि की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर कॉलेज में विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्राचार्या डॉ गगनदीप कौर ने बधाई

**बधाई**

**8 विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्राचार्या डॉ गगनदीप कौर ने बधाई दी**

देते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ कृष्ण कुमाए व कॉलेज कॉउंसिल सदस्य डॉ पूनम बागी व अन्य शिक्षक डॉ श्रेष्ठा, डॉ सीमा देवी,डॉ सीमा नाहर,डॉ सपना,डॉ सुनील थुआ मौजूद रहे।

# डेहा कालोनी मे चलाया गया विशेष कॉम्बिंग आपरेशन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के निर्देशानुसार नागरिकों की सुरक्षा, कानून एवम व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों, नशे की रोकथाम व संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान के लिए सहायक अधीक्षक अम्बाला दीपक कुमार के नेतृत्व में थाना अम्बाला शहर पुलिस दल, सीआईए-1, सीआईए-2, एन्टी नारकोटिक सैल अम्बाला व स्वैट टीम द्वारा कोम्बिंग करते हुए डेहा कालोनी अम्बाला शहर मे विशेष सर्च अभियान चलाया गया। कोबिंग के दौरान डेहा कालोनी अम्बाला शहर से लगभग 13 संदिग्ध मोटरसाईकिल बरामद की गई है। इन संदिग्ध मोटरसाईकिलों के मालिको का पता लगाकर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी।



इस अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, नशे का व्यापार करने वालो की पहचान करने के साथ-साथ क्षेत्र में रहने वाले आम नागरिकों से भी अपील की गई कि वह अपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों की सूचना पुलिस को दें जिससे अपराधों व नशे पर अंकुश लगाया जा सके। यह अभियान अपराधों, व नशे की रोकथाम के लिए भविष्य में भी समय-समय पर जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी

**ऑपरेशन**

**8 सीआईए-2, एन्टी नारकोटिक सैल अम्बाला व स्वैट टीम द्वारा कोम्बिंग करते हुए डेहा कालोनी अम्बाला शहर मे विशेष सर्च अभियान चलाया गया**

पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने थानाधिकार क्षेत्रों में कोम्बिंग अभियान चला कर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने, कानून व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने एवम अपराधों, नशे की रोकथाम के लिए सभी बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, होटलों, ढाबों, धर्मशालाओं, टैक्सी स्टैण्डों, सरायों, मॉल, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, घुमन्तू जाति के लोग जो झुग्गी-झोपडियों में अभी कुछ ही समय से आकर रहने लगे हो उनकी गहनता से जाँच करें कि उनमें या उनके आसपास कोई अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति छिपा ना हो, ऐसे व्यक्तियों को तुरन्त गिरफ्तार कर उचित कार्यवाही करें ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ-साथ जिला में अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह घरेलू नौकर व किराएदार की पुलिस वैरीफिकेशन करवाने के लिए सूचना तुरन्त पुलिस को दें और यदि उनके आस-पास के क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है।

# जगबीर जोगनाखेड़ा बनें डेंगू पीड़ित परिवारों की आवाज

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक)** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेडा सिविल अस्पताल पंहुचे जहां उन्होंने मरीजों की समस्याओं को सुना। जगबीर ने अस्पताल में अव्यवस्थाओं और लचर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्थानीय विधायक, सांसद और प्रशासन को कोसा। आप जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेडा ने स्थानीय प्रशासन के साथ साथ हेल्थ मिनिस्टर अनिल विज पर जमकर निशाना साधा और कहा कि सीएम मनोहर लाल और अनिल विज के बीच चल रही खींचतान में आम जनता पीस रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़े लोग सारा दिन अरविंद केजरीवाल और आप को कोसते हैं। परंतु हकीकत ये है कि डेंगू से निपटने में सरकार बिल्कुल नाकाम रही हैं।

**डेंगू से मौत और मरीजों की संख्या छिपा रही सरकार:** जगबीर सिंह



जोगनाखेड़ ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में सरकार और प्रशासन ने जनता को रामभरोसे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के फॉगिंग और कीटनाशक तक नहीं हुई। परिणामस्वरूप अब यहां डेंगू भयानक रूप ले रहा है। जोगनाखेड़ा ने आरोप लगाया कि सरकार डेंगू के मामले बताने की जगह लीपापोती कर रही है। उन्होंने दावा किया कि डेंगू से सैंकड़ों मौत हुई हैं जिन्हे छिपाया जा रहा है।

**खांसी जुकाम तक की दवाइयां नहीं, सीएम मुफ्त ईलाज योजना फैल:** जगबीर जोगनाखेडा ने सीएमओ ऑफिस और अस्पताल के डेंगू वार्ड, जर्नल वार्ड, महिला वार्ड का निरीक्षण किया जहां मरीजों ने उन्हे अपना दुखड़ा सुनाया।

**निशाना साधा**

**8 जगबीर जोगनाखेडा ने स्थानीय प्रशासन के साथ साथ हेल्थ मिनिस्टर अनिल विज पर जमकर निशाना साधा**

आप जिलाध्यक्ष ने कहा कि सीएम मुफ्त ईलाज योजना के लिए सरकार के पास बजट तक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल पर निजी कंपनी के दवाइयों को लेकर लाखों का कर्ज है। उन्होंने सरकार से जवाब मांगा कि सीएम मुफ्त ईलाज योजना का बजट जिसने खाया? कौन इन खामियों के लिए जिम्मेदार है?

**3500 करोड़ हजम करने वाले अस्पताल की सुध लें:** आप जिलाध्यक्ष ने स्थानीय सांसद और विधायक पर आरोप लगाया कि आप 3500 करोड़ और 3700 करोड़ की बातें करते हो। यहां व्यवस्था बदहाल है। उन्होंने कहा कि यहां एक्सरे, अल्ट्रासाउंड मशीन चलाने के लिए रेडियोलॉजिस्ट नहीं हैं, डॉक्टरों का टोटा है, एक एक बेड पर कई कई मरीज हैं।

**केजरीवाल के मोहल्ला क्लीनिकों के मुकाबले नहीं ठहरता सिविल अस्पताल:** आप जिलाध्यक्ष जगबीर सिंह जोगनाखेडा ने दावा किया कि केजरीवाल पर आरोप लगाने वाले, षड्यंत्र रचने वाले वास्तव में केजरीवाल द्वारा जारी विजन, काम और योजनाओं से परेशान हैं। अच्छा काम करने वाले स्वास्थ्य मंत्री को जेल भेजा, अच्छी शिक्षा देने वाले शिक्षा मंत्री को जेल भेजा अब बदलाव और क्रांति के अग्रदूत की जेल भेजने का षड्यंत्र रच रहे हैं।

# 35 ग्राम स्मैक सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

सीआईए टू पुलिस टीम ने गांव सनौली अड्डा पर एक नशा तस्कर को 35 ग्राम स्मैक सहित काबू किया। आरोपी की पहचान रणजीत उर्फ जोनी निवासी सोंधी झज्जर के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि रविवार देर शाम उनकी टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गांव सनौली में अड्डे पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक यूपी की और से सनौली अड्डा की तरफ आएगा। युवक के पास मादक पदार्थ होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए सनौली अड्डा पर नाकाबंदी कर संदिग्ध युवकों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर



पश्चात संदिग्ध किस्म का एक युवक यूपी की और से आते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम ने पास आने पर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान रणजीत उर्फ जोनी पुत्र रोहताश निवासी सोंधी झज्जर के रूप में बताई।

पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ अनिल मलिक की उपस्थिति में युवक की तलाशी ली

**काबू किया**

**8 रविवार देर शाम उनकी टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गांव सनौली में अड्डे पर मौजूद थी**

तो उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक का वजन करने पर 35 ग्राम पाया गया। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने व शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए आरोपी उक्त स्मैक को मुजफ्फरनगर में एक युवक से 20 हजार रूपए में खरीदकर लाया था।

# जन संवाद की पहल से लोगों की समस्याएं हुई हल : मोहन लाल

## इंद्री विधानसभा के विभिन्न गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **पूरे प्रदेश** में आयोजित किये जा रहे जन संवाद कार्यक्रम पूरी तरह रंग ला रहे हैं। जन संवाद में लोगों की समस्याओं का मौके पर निदान किया जा रहा है। यह बात राई से विधायक मोहन लाल कौशिक ने इंद्री विधानसभा क्षेत्र के पाँच गांव में उमडे जन सैलाब को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान विधायक का पगड़ी व शाल भेंट करके ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।



विधायक मोहन लाल कौशिक ने कहा कि वह इस सम्मान को कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने लोगों से मिले आशीर्वाद के लिए सभी का आभार प्रकट किया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार का 9 साल का कार्यकाल उपलब्धियां से भरा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश ने विकास के चरम को छुआ है। मेरे लिए यह सौभाग्य का अवसर है कि मुझे ईमानदार मुख्यमंत्री के साथ कार्य करने का मौका मिला।

उन्होंने कहा कि पांचों गांवों की तरफ से जो मांग पत्र दिए गए हैं, उन्हें मुख्यमंत्री के समक्ष जल्द ही प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कुंजपुरा, घीड़, ब्याना, बीबीपुर ब्राह्मणान व गढ़ी बीरबल गांव में पहुंचकर आमजन की समस्याएँ सुनी और उनके निदान के लिए सबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि हर आदमी को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ नौकरियां देने का काम किया है।

जन संवाद उन लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है जो घर से अपनी समस्या को लेकर संबंधित कार्यालय नहीं पहुंच पाते व अपनी समस्या प्रस्तुत करने से हिचकिचाते है।

## दुर्गा कॉलोनी में बंद मकान में लगी आग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया** **दुर्गा कॉलोनी** स्थित एक बंद घर में अचानक आग लग गई। आग लगने से कार समेत अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। आगजनी के समय घर पर परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। घर के सभी सदस्य विदेश गए हुए हैं। सूचना के बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाडियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट के कारण घर में आग लगी है। कुछ ही देर में आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। पड़ोसियों ने धुआं निकलता देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद दो गाडियां मौके पर पहुंची और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पडोसियों ने बताया कि घर का मालिक अपने पूरे परिवार सहित करीब 8-9 साल से विदेश में रह रहा है। उसने लोगों के पैसे देने थे



और लोगों से बचने के लिए ही वह फरार है।

आज तक वह घर आया ही नहीं। घर खाली पड़ा था और कोई भी घर पर नहीं था।

जांच अधिकारी अधिकारी बलवान सिंह ने बताया कि उन्हें मकान में आग लगने की सूचना मिली थी। कोई हताहत नहीं हुआ है। घर का सामान जला है और एक कार भी जल गई है। मकान मालिक परिवार सहित विदेश गया हुआ है। दमकल विभाग की गाडियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है।

## न्यूज फ्लैश

### बिजली निगम कर्मियों ने कार्यकारी अभियंता का पुतला फूंक जताया रोष

**जींद: ऑल** हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर सोमवार को जींद यूनिट ने कार्यकारी अभियंता की कार्यशैली के रोष स्वरूप प्रदर्शन किया और पटियाला चौक पर पुतला फूंका। इस दौरान बिजली कर्मियों ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान राकेश ईक्कस ने की और संचालन संजीव ढांडा ने किया। धरने को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए राज्य प्रधान सुरेश राठी और सर्कल सचिव धर्मबीर भम्भेवा ने कहा कि कार्यकारी अभियंता जींद द्वारा जिस प्रकार का माहौल जींद डिवीजन में किया गया है वो अफरा-तफरी और कर्मचारियों में अपनी तानाशाही रवैया दिखाने जैसा है। भाई-भतीजावाद को बढावा दिया जा रहा है। इसी के चलते कर्मचारियों के तबादले चार्जशीट किए जा रहे हैं। निगम के नियमों की अवेहलना करते हुए तबादले कर रहे हैं और गलत सूचना उच्च अधिकारियों को भेज कर सब स्टेशन स्टाफ के तबादले करवाए गए हैं। इसी को लेकर वो पिछले 27 दिन से धरना भी दे रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की तरफ कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। इसी को लेकर अधीक्षक अभियंता से बैठक के बाद ही आंदोलन को लेकर अहम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मांगों का समाधान नहीं हुआ तो बिजली कर्मी ठोस कदम उठाने को मजबूर होंगे। इस मौके पर राज्य ऑडिटर रामफल दलाल, राज्य कमेटी सदस्य रामबीर, मा. बलबीर, रमेश चंद्र, कपूर, अमित खटकड़, बलवान नेहरा, अनूप,सतीश, सुशील ईक्कस, राजेंद्र शर्मा, सुनीता कालीरामण ने भी बिजली कर्मियों को संबोाति किया।

### गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय ने कई रोजगारपरक कोर्स आरंभ किए

**हिसार: गुरु जम्भेश्वर** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि विश्वविद्यालय ने इस सत्र से कई रोजगारपरक कोर्स आरंभ किए गए हैं। ये कोर्स समय की मांग हैं। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय की शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक परिवर्तन किए जा रहे हैं। कुलपति प्रो. नरसीराम सोमवार को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद की 61वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपने विचार रख रहे थे। बैठक का संचालन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने किया। कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर करने के लिए इस बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है।

### तीसरे जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में वूलफैब की



### शुरूआत

**नई दिल्ली। तीसरे** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर, वूल फैब, ऊनी उत्पादों की एक विशेष हथकरघा प्रदर्शनी 17 नवंबर 2023 को हैंडलूम हाट, जनपथ, नई दिल्ली में शुरू हुई। प्रदर्शनी 30 नवंबर, 2023 तक सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुली रहेगी।

2 दशकों से अधिक की अवधि में, यह प्रदर्शनी राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (रा०ह०वि०नि०) के माध्यम से विकास आयुक्त (हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक ऐसी पहल है जिससे हथकरघा बुनकर, देश के विभिन्न शहरों में अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं को बिक्री कर सकते हैं। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की एजेंसियां/शीर्ष निकाय, प्राथमिक हथकरघा बुनकर सहकारी समितियां, निमार्ता कंपनी, अन्य हथकरघा एजेंसियां एवं हस्तशिल्प कारीगर शामिल हैं। 09 राज्यों की 75 हथकरघा बुनकर एवं हस्तशिल्प कारीगर भाग ले रहें हैं। भारत में रोजगार क्षमता की दृष्टि से कृषि क्षेत्र के उपरान्त हथकरघा ही सबसे बड़ा क्षेत्र है जहां 35 लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला हुआ है। हथकरघा बुनाई के साथ हमारी परम्पराएं जुड़ी हुई है तथा प्रत्येक क्षेत्र की अपनी एक खास कारीगरी है। कानी शॉल, पश्मीना शॉल, कुल्लू शॉल, जैकेट, मफलर, स्टोल, कोट, ऊनी सूट, काफ्तान, कंबल, बेडशीट और फेरन जैसे कुछ नाम विशिष्ट बुनाई, डिजाइन और पारंपरिक रूपांकनों के साथ दुनिया भर में ग्राहकों को आकर्षित करते हैं। हथकरघा उत्पादों के लिए हैण्डलूम मार्क रेशमी उत्पादों की वास्तविकता के लिए सिल्क मार्क तथा पर्यावरण पर शून्य दोष और शून्य प्रभाव वाले उच्च गुणवत्ता वाले हथकरघा उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए "इंडिया हैण्डलूम ब्रांड" योजना शुरू की है। अद्वितीय कारीगरी का प्रचार हो और उसे एक विशिष्ट पहचान मिले। यह उपभोक्ताओं को इस बात का आश्वासन भी देता है कि उनके द्वारा खरीदा गया उत्पाद वास्तविक रूप से हाथ का ही बुना हुआ है।

## 'कांग्रेस सरकार बनते ही प्रॉपर्टी आईडी, फेमिली आईडी के झंझट से मिलेगा छुटकारा'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है।

कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हे कांग्रेस सरकार की हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे हैं।

सचिन कुंडू ने हल्का पानीपत ग्रामीण की *बबैल रोड़ बलजीत नगर* में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान चलाया गया ।और जनता को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपाझजजपा सरकार की खराब मानसिकता को जनता के समक्ष पेश किया। सचिन कुंडू ने कहा कि बीते 9 वर्षों में प्रदेश में आए दिन हत्या, फिरौती बलात्कार, लूट आदि जुर्म की वारदातें लागातर बढ़ती जा रही है और वर्तमान सरकार ने आंखें बंद की हुई हैं। प्रदेश की जनता जनविरोधी बीजेपी-जेजेपी सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। आगे बोलते हुए सचिन कुंडू ने कहा कि हल्का पानीपत ग्रामीण की समस्त कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। सड़कें टूटी हुई हैं व जगह जगह खड्डे हुए पड़े हैं, सीवरेज नहीं हैं नालियों बंद पड़ी हैं का पानी रास्तों में भर रहा है, जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है। परंतु सरकार ने कालोनीवासियों की मांगो को नजरंदाज कर दिया है ।

वर्तमान सरकार में किसान अत्यंत दुखी हैं, उद्योग जगत चौपट पड़े हैं, युवा बेरोजार सड़कों पर घूम रहे हैं।

## कंपनी से सामान चोरी, तीन गिरफ्तार

**सोनीपत: राई क्षेत्र** के अंतर्गत एक कंपनी से एल्यूमीनियम धातु का सामान चोरी करने के आरोप में सोमवार को तीन आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। पुलिस ने चोरी का सामान बरामद कर लिया है। गोहाना के एक और मामले में चोरीशुदा मोबाइल फोन व नकदी बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों में जठेड़ी जिला सोनीपत निवासी सूरज, संदीप और अंशुल शामिल हैं। सोनीपत के सुदाम नगर निवासी हरीश ने गत 19 नवम्बर को थाना राई में शिकायत दी थी कि वह कंपनी में फाईनैंस मैनेजर है। उन्होंने कहा कि हेल्पर सूरज ने अपने दोस्त संदीप के साथ मिल कर कंपनी से एल्यूमीनियम धातु की चोरी की। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया और कार्रवाई करते हुए जांच टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही प्रीतम ने पुलिस टीम के साथ तीन आरोपियों सुरज, संदीप व अंशुल को गिरफ्तार किया। आरोपियों से चोरीशुदा सामान बरामद कर लिया गया है।

## जागरण में जा रहे कलाकारों पर हमला, दो घायल, रास्ते में घेर कर की मारपीट

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **एसपी कॉलोनी** में जागरण में झांकी दिखाने वाले कलाकारों के साथ मारपीट करने व कार के शीशे तोडने का मामला सामने आया है। कलाकार जागरण में हिस्सा लेने के लिए सोनीपत जा रहे थे। कार में एक लडकी भी सवार थी। मारपीट में दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित मनोज ने बताया कि वे जागरण में झांकी दिखाने का काम करते हैं। घर से सोनीपत



के लिए निकले थे। घर के पास ही कई लडकों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले का कारण पुरानी रंजिश है। इन युवकों के साथ पहले भी झगड़ा हो चुका है, लेकिन यह मामला थाने में ही समझौते के साथ निपट गया था। उसने बताया कुछ दिन पहले पड़ोस में रहने वाले लोगों से झगड़ा हुआ था। इस मामले में थाने में समझौता हो गया था। इसी रंजिश में उन पर हमला किया गया।

मनोज का आरोप है कि पड़ोसियों ने खुद मारपीट नहीं की, बल्कि युवकों को बाहर से बुलाकर हमला करवाया। गाड़ी में उस समेत 3 लोग सवार थे, जिसमें एक लडकी भी शामिल है। गाड़ी का शीशा भी तोडकर गए हैं। कार में सवार लडकी ने बताया कि मैं और मनोज गाड़ी में बैठे थे। गाड़ी के पीछे ही उनके तीसरे साथी के साथ मारपीट की जा रही थी। मनोज गाड़ी से उतरकर देखने ही लगा था कि हमलावरों ने पीछे से सिर में ईंट मारी।

## कार ने दो छात्रों को कुचला, एक की मौके पर मौत, दूसरा पीजीआई रेफर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया** **जिले के** गांव उपलाना बस अड्डा के नजदीक तेज रफ्तार कार ने दो छात्रों को कुचल दिया। इनमें एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे करनाल से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है।

पुलिस ने रात को छात्र के शव को कब्जे में लेकर कस्बा असंध के पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया था। आज दोपहर को पुलिस ने छात्र के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया। वहीं आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

रविवार की शाम करीब 6 बजे गांव ठरी का 17 वर्षीय समर अपने चचेरे भाई चांद राम के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने किसी पर्सनल काम के लिए असंध जा रहा था। जैसे ही उपलाना बस अड्डा पार किया तो रास्ते में दोस्त संजू मिल गया, जो कि गांव अलावला का रहने वाला है। दोनों एक ही स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ते थे। समर ने दोस्त को देखकर बाइक रूकवा ली थी। साइड में बाइक लगा दी और समर अपने दोस्त संजू से बातचीत करने लगा, जबकि उसका चचेरा भाई चांद राम साइड में बाथरूम करने के लिए झाडि?ों में उतर गया।

चांद राम ने बताया कि जब वह लघुशंका कर रहा था तो इसी दौरान



असंध की तरफ से आई एक तेज रफ्तार कार ने दोनों छात्रों को कुचलते हुए साइड में खड़ी बाइक को टक्कर मारी। टक्कर के धमाके से वह सन्न सा रह गया। वह जैसे ही बाइक के पास आया तो बाइक के परखच्चे उड़े हुए थे और समर सडक पर व उसका दोस्त संजू सडक के किनारे कच्ची जगह में लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। इस हादसे में बाइक के परखच्चे उड? के साथ गाड़ी का अगला हिस्सा भी बुरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

चांद राम ने बताया कि जब वह अपने भाई समर के पास गया तो उसने मेरी आंखों के सामने ही दम तोड़ दिया। भाई की मौत देखकर वह बुरी तरह से टूट चुका था। उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे। हादसा होता देख आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो चुके थे, जिन्होंने पुलिस को हादसे की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया।

चांद ने बताया कि समर तीन भाइयों में सबसे छोटा था और 10वीं कक्षा में पढ़ रहा था। सबसे छोटा होने के कारण पूरे परिवार का दुलारा था। समर के पिता रामपाल कंबाइन मशीन पर काम करते हैं। वहीं इस हादसे में घायल संजू को गंभीर अवस्था में करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने संजू का उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने की वजह से उसे चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया।

असंध थाना के प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी कार चालक गाड़ी को मौके पर छोडकर फरार हो गया था।

## नाबालिग के साथ हुई छेडखानी, मां ने विरोध किया तो की हाथापाई

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया** **जिले के** एक गांव में नाबालिग के साथ छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। गांव के ही 3 लोगों पर नाबालिग ने कमरे में बुलाने, पीछा करने व भद्दे कमेंट करने के आरोप लगे हैं। मां ने जब इसका विरोध किया तो उसके साथ हाथापाई की गई। पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। नाबालिग 10वीं कक्षा तक पढ़ी है। किन्हीं कारणों से परिजनों ने बीच में ही पढ़ाई छुड़वा दी थी। महिला ने बताया कि रविवार शाम को वह सुबह आठ बजे अस्पताल चली गई थी। शाम को करीब आठ बजे वापस लौटी। इस दौरान नाबालिग ने बताया कि पड़ोस के तीन लोग उसका पीछा करते हैं और गंदी-गंदी टिप्पणी भी करते हैं। इतना ही नहीं उसका हाथ भी पकड़ते हैं और कमरे में बुलाते हैं। यह सुनने के बाद मां का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और वह आरोपियों के घर पहुंच गई। ऐसा करने का कारण पूछने पर उन लोगों ने उसके साथ ही हाथापाई शुरू कर दी। इतना ही नहीं आरोपियों ने महिला को जान से मारने की भी धमकी दी।

महिला ने बताया कि उसकी 3 लड़कियां और एक बेटा है। वह भी काम पर चली जाती है और पति भी काम के लिए निकल जाता है। घर पर कोई नहीं रहता। 2 बेटियां स्कूल जाती हैं, जबकि एक नाबालिग बेटी 4 साल के बेटे के साथ रहती है। महिला ने बताया कि उसे अपनी बेटियों की सुरक्षा का खतरा है। सेक्टर 32-33 थाना के प्रभारी सुलिन्द्र कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

## हेड कांस्टेबल ने की जिला पार्षद से अभद्रता

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल** **जिला** पार्षद से थाना चार कैथल के एएसआई द्वारा की गई बदतमीजी के बाद खाप पंचायत जिला सचिवालय पहुंची और रोष प्रकट किया। खाप पंचायतों में बालू खाप, मटौर खाप, माजरा खाप, सारन खाप और कलायत सरपच एशोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल थे। खाप प्रतिनिधि सोमवार को एसपी उपासना से मिले और उन्हें बताया कि थाना शहर कैथल के हेड कांस्टेबल बलजोरा ने वार्ड नंबर 4 के जिला पार्षद दीप से थाने में अभद्र व्यवहार किया गया है। जिसे लेकर उनके अंदर रोष है। एसपी ने उनकी बात को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें डीएसपी हेड क्वार्टर से मिलने के लिए कहा। डीएसपी पंचायत प्रतिनिधियों को मामले में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## स्वामी ज्ञानानंद जी ने बताया गौमाता की पूजा का महत्व

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया** **श्री राधा** कृष्ण गौशाला अर्जुन गेट के प्रांगण में गोपाष्टमी का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस दिन हिन्दू धर्म में भगवान कृष्ण एवं गौ माता की पूजा की जाती है। हिन्दू धर्म में गाय का स्थान माता के तुल्य माना जाता है। शास्त्रों ने भी इस बात की पुष्टि की है। गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं को वास होता है। इस दिन पूजा करने से सभी फल प्राप्त होते हैं। आज गौशाला के प्रागंण में श्री महामण्डेलश्वर गीतामनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को अपने प्रवचन में गौमाता के बारे में विस्तार से बताया और गौमाता की पूजा का महत्व बताया। गायों को चारा खिलाकर एवं गुड़ खिलकर उनकी पूजा भी की। श्री



राधा कृष्ण गौशाला अर्जुन गेट के प्रधान कृष्ण लाल तनेजा एवं संचालक कैलाश चंद गुप्ता ने गौशाला की सभी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संचालक व पूर्व मंत्री शशि पाल मेहता ने मंच के माध्यम से आये हुए सदस्यों एवं सभी श्रद्धालुओं व सदस्यों का स्वागत व धन्यवाद भी किया। महासचिव हरमीत सिंह हैप्पी ने बताया कि गौशाला में गौ सेवा का कार्य प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक निस्वार्थ भाव व दानी सज्जनों के सहयोग से चल रहा है। मिले सुर मेरा तुम्हारा एवं सारिका भाटिया सेवा ट्रस्ट की भजन मण्डली द्वारा राधा कृष्ण के भजनों ने संगत का मन मोह लिया मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के मिडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, मुख्य संरक्षक अजीत सिंह चावला, रतन लाल बंसल, चेयरमैन, महेश भाटिया, प्रधान कृष्ण लाल तनेजा, वाईस चेयरमैन सुनील चावला, चीफ डायरेक्टर विनीत भाटिया, वरिष्ठ उपप्रधान विनोद खेतरपाल, महासचिव हरमीत सिंह हैप्पी, कोषाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, सचिव विपिन शर्मा, सह सचिव रवि चानना, महाप्रबंधक जगन्नाथ बत्तरा, व्यवस्था प्रमुख जंग बहादुर, मैनेजर दीपक नारंग, रामा मदान, सरदार गुरबक्श सिंह मनचंदा, मनोज वधवा, रमेश मिड्ढा, विजय तनेजा, पार्षद मेघा भंडारी, संजय बत्रा, लाजपत राय चौधरी, अमित खुराना, श्याम बत्रा, विकास टंडन, अनिल ठकराल, राकेश नागपाल, गोपीचन्द आर्य, नवीन संदूजा, राजेश ग्रोवर, लाजपत राय चुचरा, रजनीश चोपड़ा, ज्ञान सिंह चावला एवं अश्वनी स्वामी आदि उपस्थित रहे।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा में आमजन की भागीदारी की जाए सुनिश्चित'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **विकसित भारत** संकल्प यात्रा के सफल आयोजन को लेकर मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सोमवार को चंडीगढ़ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ प्रबंधों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उपायुक्त अपने-अपने जिलों में सही तरीके से यात्रा का रूट प्लान तैयार किया जाए ताकि यात्रा के दौरान अधिक से अधिक लोंगो की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा को लेकर गांव स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जाए। वीसी में सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित



अग्रवाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की पूरी रूप रेखा व किए जाने वाले प्रबंधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वीसी अन्य विभागों के उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी**

**जिला के करीब 120 गांवों में पहुंचेगी यात्रा : अनीश यादव**

वीसी में उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। ब्लॉक व गांव स्तर पर अधिकारियों की डयूटियां लगा दी गई हैं जोकि गांव स्तर पर सभी आवश्यक प्रबंधों पर कड़ी नजर रखेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा के लिए जिला में रूट प्लान तैयार कर दिया गया है। जिसके अनुसार जिला में 25 नवंबर से लेकर 25 जनवरी 2024 तक करीब 120 गांवों को कवर किया जाएगा। यह कार्यक्रम करीब 60 दिन का रहेगा। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान जहा केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। वहीं यात्रा के दौरान गांव में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के माध्यम से आनलाईन सर्विस का भी पात्र व्यक्तियों को लाभ दिया जाएगा।

जिनमें मुख्यतः बुढ़ापा पैंशन व अन्य पैंशन में आ रही दिक्कतों का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। इसके अलावा एक स्टॉल क्रिड का रहेगा जिसके द्वारा विभिन्न पोर्टल पर अपलोड या अन्य समस्याओं की सुनवाई कर मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। जैसे आधार अथवा परिवार पहचान पत्र में कोई समस्या है तो उसका मौके पर ही हल हो सके। कृषि व बागवानी विभाग के अधिकारी विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे और किसान की समस्याओं का निराकरण करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला में जितनी भी महत्वपूर्ण योजनाएं है उनके लाभार्थियों की सूची गांव वाईज व वार्ड वाईज तैयार करवा ली गई है ताकि उनके अनुभवों को मौके पर सांझा किया जा सके।

## चिन्हित और जघन्य अपराधों में पुलिस जांच में न आए कोई कमी: अनीश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया** **डीसी अनीश** यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में चिन्हित अपराधों की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित व जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को हर हाल में सजा मिलनी चाहिए। इसके लिए अभियोजना पक्ष और जांच अधिकारी की ओर से कोई कमी न रहे तथा ऐसे मामलो में गवाहों की सुरक्षा भी सुनिश्चित रहनी चाहिए। अनीश यादव ने कहा कि जिला में चिन्हित अपराधों को लेकर हर मास बैठक कर मंथन किया जाता है,




ताकि संगीन अपराधों में शामिल अपराधियों का हर हाल में सजा दिलवाई जा सके। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा देश है, जिसमें एक न्याय प्रक्रिया से अपराधियों को सजा दी जाती है, यानि समझौता से अपराधियों को छोड़ देने का कोई कानून नहीं है। इसलिए संगीन अपराधों में एफएसएल रिपोर्ट तथा न्यायालय में चालान दाखिल करने से पहले उसे अच्छी तरह देखने पर जोर दिया जाता है। संगीन अपराधों में शामिल व्यक्ति बरी न हो, इसे लेकर जांच अधिकारी और पब्लिक प्रोसिक्यूटर को केस की अच्छे से स्टडी करने के लिए कहा जाता है।

## संपादकीय

# कर्नाटक में भाजपा और कांग्रेस दोनों में नेतृत्व का संकट

**अंदरूनी** कलह ने सरकार के कामकाज पर प्रतिकूल असर डाला है। राहुल और प्रियंका द्वारा किये गये अधिकांश चुनाव पूर्व वायदे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं क्योंकि वरिष्ठ नेता होने के नाते मंत्री अपने-अपने नेताओं के लिए समर्थन जुटाने में व्यस्त हैं। लोकसभा चुनाव से पहले अंदरूनी कलह के कारण भी पार्टी में फेरबदल में बाधा आ रही है। कर्नाटक भाजपा में हाल के घटनाक्रम इस बात का खुलासे करते हैं कि अमित शाह, अपनी तथाकथित 'चाणक्य' प्रसिद्धि के बावजूद, पार्टी मामलों पर पकड़ खो चुके हैं और उनके पास विचारों की भी कमी है। केवल एक सप्ताह पहले, भाजपा नेतृत्व ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के छोटे बेटे, पहली बार विधायक बने बीवाई विजयेंद्र को राज्य इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। इसे पुराने लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा को एक बार फिर से पार्टी की कमान सौंपने की एक घुमावदार चाल के रूप में देखा जा रहा है, जिन्हेंइस साल मई में राज्य चुनाव के ठीक बीच में मोदी और शाह ने किनारा लगा दिया था ताकि पार्टी को लिंगायत ताकतवर नेता की छाया से दूर ले जाया जा सके। मोदी और शाह का वह निर्णय आत्मघाती साबित हुआ, क्योंकि लिंगायतों ने कांग्रेस के प्रति अपनी वफादारी बदल दी और कम से कम 30 निर्वाचन क्षेत्रों में उसकी जीत सुनिश्चित की। हालांकि भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का दावा है कि विधानसभा में हार से सबक लेते हुए उन्होंने येदियुरप्पा को कमान सौंपी है, लेकिन इसका राज्य इकाई पर पहले ही हानिकारक प्रभाव पड़ चुका है। पार्टी की राज्य इकाई में बड़ी संख्या में प्रमुख लिंगायत चेहरे हैं। वे शाह और मोदी के इस कदम से आहत हैं और खुलेआम कहते हैं कि वे अपमानित महसूस कर रहे हैं। उनके पास वाजिब तर्क है। वे बीएस येदियुरप्पा का सम्मान करते थे, क्योंकि वह एक वरिष्ठ नेता थे और उन्होंने राज्य में पार्टी को पुनर्जीवित किया था। लेकिन उनके प्रति सम्मान को मोदी और शाह द्वारा यह समझना भूल है कि वरिष्ठ लिंगायत नेता नवसिखिये विजयेंद्र के आदेशों को सुनेंगे। उन्होंने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि मई 2023 की हार के बाद और 2024 के राष्ट्रीय चुनावों से पहले लिंगायत वोट पार्टी पर भारी है। भाजपा को उम्मीद है कि विजयेंद्र की स्थापना से लिंगायतों को पार्टी में वापस लाया जा सकेगा और 2019 के लोकसभा प्रदर्शन को दोहराने में मदद मिलेगी, जब उसने कर्नाटक में 28 में से 25 सीटें जीती थीं।

स्वाभाविक रूप से, राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में विजयेंद्र की नियुक्ति के बाद भाजपा को 'वंशवाद की राजनीति' की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ लिंगायत नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय नेतृत्व के पास इस बारे में विचारों की कमी है कि राज्य में पार्टी का आधार कैसे बढ़ाया जाये और संभवतः उन्होंने कैडर-आधारित नेतृत्व प्रणाली विकसित करने की रणनीति को छोड़ दिया है। ध्यान रहे कि 2021 में येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से बीच में ही हटाया गया था। येदियुरप्पा जैसी प्रमुख जातियों के कद्दावर नेताओं को संदेश देते हुए कि वे अब पार्टी नेतृत्व पर अपनी शर्तें नहीं थोप सकते, और वंशवाद की राजनीति के खिलाफ अपने रुख का हवाला देते हुए, भाजपा ने 2018 में विजयेंद्र को चुनावी टिकट देने से इनकार कर दिया था और उन्हें 2021 और 2023 के बीच मंत्री पद से भी वंचित कर दिया था।

# आज दिल जीते हैं, कल फिर कप जीतेंगे

डॉ सत्यवान सौरभ

> ऐसे हम दो कप जीत चुके। 2027 में फिर मेहनत करेंगे और हम जीतेंगे। मैच से पूर्व हमारे कप्तान साहब ने कांफ्रेंस में कहा था की एक गलती हमें भारी पड़ सकती है और फाइनल में गलती करी शुभमन गिल ने और दूसरी गलती श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव ने। आज हारे तो क्या हुआ? हारा तो पिछली बार ऑस्ट्रेलिया भी था। फिर भी आने वाले वर्ल्ड कप में अच्छी हम तैयारी करेंगे। सिर्फ एक हार से अब ठान लो। आगे अब हर बार इसका इंतकाम लेंगे। टीम में दो तीन ऑलराउंडर रखो। अपनी मनोस्थिति पर और दबाव पर काबू रखना सीखो। भौकाल से बचो। इस दर्द ने 20 साल पुराना जख्म कुरेद तो दिया लेकिन यह शिकस्त बहुत कुछ सीखा गई। धीरज रखो, हमारी टीम बहुत बहादुर है। आप प्रण करो अब हम किसी से किसी भी कीमत पर निपट लेंगे। कल फिर जीतेंगे

**कप** जितने से बड़ी बात दिल जीतना होता है। क्रिकेट खत्म नही हो गया। 46 दिन में 45 दिन आप जीते हो। हमारी भारतीय टीम ने 2023 वर्ल्ड कप के अंदर 10 मैच जीते और आज फाइनल हारने पर 140 करोड़ हिंदुस्तानियों का दिल टूटा है। ऐसे हम दो कप जीत चुके। 2027 में फिर मेहनत करेंगे और हम जीतेंगे। हार जीत तो लगी रहती है। लेकिन पूरे वर्ल्ड कप में इण्डियन टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है। फाइनल में हम नहीं जीत पाये कोई बात नहीं। फिर आगे जीतेंगे। मोहब्बत तुम्हारे लिए नीली टी-शर्ट वाले लड़को। ये दिल हर बार ब्लू-ब्वायज के लिए ही धड़केगा। निरंतर बेहतरीन खेल दिखाने वाली हमारी भारत टीम को ढेरों बधाइयाँ। आपने लगातार शानदार खेल खेलकर उत्साह और उमंग के साथ भारत को आगे बढ़ाया। हम अपने खिलाड़ियों को रोते हुए नहीं देख सकते। रोकें ये आंसू। खेल में एक टीम जीतती है, दूसरी हारती है। आज भारतीय टीम का दिन नहीं था। कल हमारा दिन फिर से लौटेगा। आज हारे तो क्या हुआ? हारा तो पिछली बार ऑस्ट्रेलिया भी था। फिर आने वाले वर्ल्ड कप में हम अच्छी तैयारी करेंगे। सिर्फ एक हार से अब ठान लो, आगे अब हर बार इसका इंतकाम लेंगे। यह शिकस्त बहुत कुछ सीखा गई। धीरज रखो, हमारी टीम बहुत बहादुर है। आप प्रण करो अब हम किसी से किसी भी कीमत पर निपट लेंगे। कल फिर जीतेंगे।

सफलता सार्वजनिक उत्सव है, जबकि असफलता व्यक्तिगत शोक। यह बात थॉमस जेफरसन ने लिखी थी। इसलिए कैप्टन आंसू नहीं, यह जज्बात है, निकल जाने दीजिए, बह जाने दीजिए, उस कश्मकश को, कई वर्षों तक आपको और मुझे टीसती रहेगी, सुना है साथ में रोना, दिल को हल्के करने जैसा होता है, लेकिन याद रखना, पूरा देश आपके साथ है, करोड़ों हाथो की दुआएं, आपके साथ रहेंगी, लेकिन यह सच है, पराजय में जय छुपी हुई है, जितना खेले शानदार खेले, फाइनल का दिन, सबके लिए बुरा था। बहुत बुरा लेकिन याद रखना कल फिर सुबह होगी। एक नई सुबह, नई रोशनियां। हम सबका फिर से इंतजार करेंगी। कुछ देर बाद फिर उम्मीदें लगाई जाएंगी, फिर तालिया बजेंगी, शोर होगा, यह तो धर्म है। यही खेल है। क्रिकेट भी वही, जिसका दिन अच्छा, उसकी जीत। जिसका दिन बुरा उसकी पराजय। फिर एक दिन आएगा, जब हम जीतेंगे। कप जितने से बड़ी बात दिल जीतना होता है। क्रिकेट खत्म नही हो गया। 46 दिन में 45 दिन आप जीते हो। हमारी भारतीय टीम ने 2023 वर्ल्ड कप के अंदर 10 मैच जीते और आज फाइनल हारने पर 140 करोड़ हिंदुस्तानियों का दिल टूटा है।



ऐसे हम दो कप जीत चुके। 2027 में फिर मेहनत करेंगे और हम जीतेंगे। मैच से पूर्व हमारे कप्तान साहब ने कांफ्रेंस में कहा था की एक गलती हमें भारी पड़ सकती है और फाइनल में गलती करी शुभमन गिल ने और दूसरी गलती श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव ने। आज हारे तो क्या हुआ? हारा तो पिछली बार ऑस्ट्रेलिया भी था। फिर भी आने वाले वर्ल्ड कप में अच्छी हम तैयारी करेंगे। सिर्फ एक हार से अब ठान लो। आगे अब हर बार इसका इंतकाम लेंगे। टीम में दो तीन ऑलराउंडर रखो। अपनी मनोस्थिति पर और दबाव पर काबू रखना सीखो। भौकाल से बचो। इस दर्द ने 20 साल पुराना जख्म कुरेद तो दिया लेकिन यह शिकस्त बहुत कुछ सीखा गई। धीरज रखो, हमारी टीम बहुत बहादुर है। आप प्रण करो अब हम किसी से किसी भी कीमत पर निपट लेंगे। कल फिर जीतेंगे।

हार जीत तो लगी रहती है। लेकिन पूरे वर्ल्ड कप में इण्डियन टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है। फाइनल में हम नहीं जीत पाये कोई बात नहीं। फिर आगे जीतेंगे।। मोहब्बत तुम्हारे लिए नीली टी-शर्ट वाले लड़को। ये दिल हर बार ब्लू-ब्वायज के लिए ही धड़केगा। सेमीफाइनल तक भारत का हुआ बहुत नाम लेकिन क्या ये सही हैं कि हार गये है फाइनल, चलो करते हैं बदनाम। सुख के ही साथी बनना सही नहीं हैं। कभी कोई टीम को कोस रहा है, कभी कोई स्टेडियम मे पहुंचे मेहमानो को। सच्चे भारतीय हो तो कोसना बंद करो और अपने देश और टीम के साथ खडे रहो।

फाइनल हार गये। इस बात का दुख पूरे देश को है। लेकिन उससे भी कहीं ज्यादा दुख हुआ हमें अपने खिलाडियों को रोते हुवे देख कर। हार जीत तो मुकद्दर की बात है। होती रहती है। कोई हारता है तो कोई जीतता है। इसमें आप अपना दिल छोटा मत करिये। निराश मत होइए। देश हर हाल में आपके साथ है। देश जीत में भी साथ था, हार में भी साथ है। आप देश की आन-बान-शान हो। देश को आप पर गर्व है।

सभी प्लेयर बहुत अच्छा खेले। पिछले सारे मैच में बहुत शानदार सफर तय किया है। आपका ये उम्दा प्रदर्शन क्रिकेट जगत के सुनहरे पन्नों में हमेशा दर्ज रहेगा। आप मैच हारे हैं, हिम्मत मत हारना। हम वक़्त का इंतजार करेंगे। अगली बार वर्ल्ड कप जरूर जीतेंगे। सच मे-

**क्या हार में, क्या जीत में, किंचित**
**नहीं भयभीत मैं।**
**संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी सही**
**वह भी सही।।**
**कभी मंज़िल रह जाती है दूर बस**
**एक कदम**
**पर शिखर तक पहुँचना भी कहाँ**
**होता है कम।।**

सबसे बड़ी जीत खेल भावना की होती है। निरंतर बेहतरीन खेल दिखाने वाली हमारी भारत की टीम को ढेरों बधाइयाँ। आपने लगातार भारत को शानदार खेल खेलकर उत्साह और उमंग के साथ आगे बढ़ाया। हम अपने खिलाड़ियों को रोते हुए नहीं देख सकते। रोकें ये आंसू। खेल में एक टीम जीतती है, दूसरी हारती है। आज भारतीय टीम का दिन नहीं था। कल हमारा दिन फिर से लौटेगा। क्या हुआ जो एक मैच हार गए। अभी सब कुछ नहीं हारे हैं, विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम का अभूतपूर्व प्रदर्शन, इच्छा शक्ति, खेल का जुनून और जज्बा आगे कायम रहना चाहिए। शर्मा जी के नेतृत्व में अगली बार दुनिया जीतेंगे। हार-जीत खेल का हिस्सा है। मायने ये रखता है कि आपने अपने हिस्से का खेल पूरे दिल से खेला या नहीं। अब जब टीम हार गई है तो लोग ट्रोल करने लगे हैं और आगे भी करेंगे लेकिन मुझे पता है खिलाड़ियों पर क्या गुजर रही होगी। खोट निकालेंगे खेल में लेकिन मेरा दिल पसीज रहा है, ये सब देखकर। दुआ है सभी प्यारे नीली टी-शर्ट वालों के लिए, आपके इस वर्ल्ड-कप के सफर को दुनिया याद रखेगी।

आज नहीं, हम कल जीतेंगे, विश्व विजेता बनेंगे, हम इण्डियन टीम के साथ हैं। जिस टीम का सब कुछ अच्छा हो और हार जाये ऐसा केवल खेल मे होता है। टीम इंडिया फाइनल हारी है टीम मजबूत नहीं रहती तो फाइनल मे नहीं पहुँचती। दिल दुखी है लेकिन हौसला मजबूत है। इस समय पूरे देश को इन खिलाडियों का साथ देना चाहिए। तभी मन को सहारा मिलेगा। क्रिकेट विश्व कप-2023 में अपने शानदार प्रदर्शन से आप सभी ने करोड़ों खेल प्रेमियों का दिल जीता है। आज हारे कल फिर जीतेंगे। भारतीय क्रिकेट टीम पर पूरे देश को गर्व है।

## कविता

हवा में भटकती आत्मा को ,
उसने मुड़कर यकायक आवाज
लगाईं ,
आत्मा अविचलित निस्पृह थी,
उसके चहरे से विषाद ,गम,
या खुशियों के निचोड़ नहीं
टपक रहे थे,
उसे लगा की आत्मा को उसने महसूसा है,
पर आत्मा उसे नहीं पहचान पाई,
ऐसा अक्सर होता है
ब्रह्म की खोज में,
कोई किसी को नहीं चिन्हता,
नहीं पह्चानता,
जानकर कोई क्या करेगा,
सब ब्रह्म की खोज में लगे हुए हैं,
उससे पूछ ही लिया
आत्मा जवाब नहीं दे पाई,
गर्दन को हल्का सा
झटका दिया और
आंखें सिकोड़ ली उसने,
बातचीत, माध्यम, खिंचाव
और खीज सब
उसे ही महसूस हो रहे थे\
आत्मा हजारों साल पूर्व की तरह
सपाट थी, फिर भी पीछे पड़ कर
पूछा उससे

संजीव

## जगत का निमित्त कारण निराकार शक्ति ईश्वर

**अशोक प्रवृद्ध**

**वैदिक** मतानुसार ईश्वर, जीव और प्रकृति तीनों कारण, स्वयंसिद्ध और अनादि हैं। ईश्वर अर्थात परमात्मा में परम+ आत्मा तथा जीवात्मा में जीव+ आत्मा दो शब्द हैं। परमात्मा शब्द का अर्थ है-सर्वश्रेष्ठ आत्मा और जीवात्मा का अर्थ है-प्राणधारी आत्मा। आत्मा शब्द दोनों में ही संलिप्त होने के कारण अक्सर ही लोग परमात्मा और जीवात्माओं में कोई भेदभाव किए बिना सभी जीवन तत्वों के लिए आत्मा शब्द का प्रयोग करते हैं। दोनों के कार्यक्षेत्र अत्यंत विभिन्न होने के बावजूद परमात्मा और जीवात्माओं के कार्यो में अत्यंत समानता होना इस भ्रम का कारण है। इसके कारण नास्तिकों को मनुष्य को सिद्ध और ईश्वर की श्रेणी में दशार्ने का अवसर मिल जाता है। इस कार्यरूप सृष्टि के नियमों पर विचार करने से स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है कि इस सृष्टि का प्रत्येक पदार्थ नियमपूर्वक परिवर्तनशील है। प्रत्येक जाति के प्राणी अपनी जाति के ही अंदर उत्तम, मध्यम और निकृष्ट स्वभाव से पैदा होते हैं। इस विशाल सृष्टि में होने वाले सभी कार्य नियमित, बुद्धिपूर्वक और आवश्यक है। सृष्टि नियमपूर्वक परिवर्तनशील होने का अर्थ है, सृष्टि को स्वाभाविक गुण से परिवर्तनशील मानने वाले गलती पर हैं, क्योंकि स्वभाव में परिवर्तन नहीं होता। ऐसे लोग भूल जाते हैं कि परिवर्तन नाम है अस्थिरता का। और स्वभाव में अस्थिरता नहीं होती, क्योंकि उलट- पलट, अस्थिर ये नैमित्तिक गुण हैं, स्वाभाविक नहीं। इसलिए सृष्टि में परिवर्तन स्वाभाविक नहीं। प्रकृति में परिवर्तन स्वाभाविक माने जाने से अनंत परिवर्तन अर्थात अनंत गति माननी पड़ेगी और फिर एक समान अनंत गति मानने से संसार में किसी भी प्रकार से ह्रास -विकास संभव नहीं रहेगा, किन्तु सृष्टि में बनने और बिगड़ने की निरंतर प्रक्रिया से सिद्ध होता है कि सृष्टि का परिवर्तन नैमित्तिक है, स्वाभाविक नहीं। इस परिवर्तनरुपी नियम के द्वारा यह सिद्धप्राय है कि सृष्टि का मूल व प्रधान कारण है, जो खंड खंड, परिवर्तन शील और परमाणु रूप से विद्यमान है। परन्तु यह परमाणु चेतन और ज्ञानवान नहीं हैं। इसका कारण है कि चेतन और ज्ञानवान सत्ता कभी दूसरे के बनाये नियमों में बंध नहीं सकती, बल्कि ऐसी सत्ता अपनी ज्ञान स्वतंत्रता से निर्धारित नियमों में बाधा पहुँचाती है। इस जगत में परमाणु अपना कार्य बखूबी कर रहे हैं। किसी भी स्थान पर दूसरे जड़ पदार्थों से जोड़े जाने पर भी ये वहाँ भी आँख बंद करके भी कार्य कर रहे हैं, तनिक भी इधर- उधर नहीं होते। इससे स्पष्ट है कि इस सृष्टि का परिवर्तनशील कारण जो परमाणु रूप में विद्यमान है, ज्ञानवान नहीं, बल्कि जड़ है। इसी जड़, परिवर्तनशील और परमाणु रूप उपादान कारण को माया, प्रकृति, परमाणु, मेटर आदि संज्ञाओं से अभिहित किया जाता है, जो संसार के कारणों में से एक माना जाता है।

## विचार

# कैट परीक्षा न केवल गति बल्कि सटीकता का भी मूल्यांकन करती है

**विजय गर्ग**

**क्या उन्हें** गलत उत्तरों के कारण दंड का जोखिम उठाते हुए, तेजी से अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए उत्तर देने में जल्दबाजी करनी चाहिए, या क्या उन्हें सावधानीपूर्वक, मापा दृष्टिकोण चुनना चाहिए जो उनके समग्र स्कोर को सीमित कर सकता है? यह विचार कि गति को प्राथमिकता देने से सटीकता से समझौता होता है, कैट अभ्यर्थियों के मन में घर कर गया है। लेकिन आदर्श रूप से, कैट की तैयारी को इस तरह के समझौते के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए। एक गलत धारणा है कि केवल अधिक प्रश्नों का प्रयास करने से उच्च अंक सुनिश्चित हो जाता है, लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। सुधार की संभावनाओं को नजर अंदाज न करना महत्वपूर्ण है। किसी की ताकत, फोकस और लगातार प्रदर्शन को नजरअंदाज करना कोई विकल्प नहीं है। तो, कोई गति और सटीकता के बीच इस स्थायी संघर्ष को कैसे सुलझा सकता है? इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई व्यक्ति प्रगति करते रहने के लिए इस बाधा को कैसे पार कर सकता है? समाधान केवल एक को दूसरे के ऊपर चुनने पर निर्भर नहीं है। बल्कि, यह संतुलन बनाने के बारे में है। इसमें एक रणनीतिक पद्धति शामिल है जहां गति सटीकता से समझौता नहीं करती बल्कि इसे बढ़ाती है। एक संतुलित रणनीति प्राप्त करने का अर्थ है त्वरित-समाधान कौशल और सटीकता दोनों को परिष्कृत करना, सटीकता को खतरे में डाले बिना गति के महत्व को स्वीकार करना। यह उन प्रश्नों को चतुराई से चुनने के बारे में है जहां सटीकता को बरकरार रखा जा सकता है जबकि दूसरों में गति तेज की जा सकती है। यह सामंजस्यपूर्ण मिश्रण सुनिश्चित करता है कि प्रयास किया गया प्रत्येक प्रश्न एक सुसंगत लय बनाए रखते हुए सही होने की संभावना को अधिकतम करता है। इस चुनौती पर विजय पाने के लिए एक सूक्ष्म दृष्टिकोण की आवश्यकता है, गति की आवश्यकता की उपेक्षा न करते हुए सटीकता को महत्व देना, अंततः कैट उम्मीदवारों को उनकी तैयारी में आगे बढ़ाना है। संतुलन बनाने के लिए यहां कुछ स्मार्ट रणनीतियाँ दी गई हैं। उत्तर विकल्पों पर शीघ्रता से नजर डालें कैट परीक्षा में, उत्तर विकल्पों पर एक त्वरित नजर डालना महत्वपूर्ण महत्व रखता है। यह त्वरित स्कैन परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्न के लिए उपलब्ध विकल्पों का एहसास कराता है। यह संभावित समाधानों की सीमा का आकलन करने, आगे के कार्य के लिए एक मानसिक मानचित्र बनाने का क्षण है। यह प्रारंभिक समीक्षा पैटर्न, महत्वपूर्ण शब्दों और उत्तर प्रकारों को समझने में मदद करती है, जिससे समस्या-समाधान अधिक कुशल हो जाता है। इसके अतिरिक्त, यह सीधे समाधान खोजने या स्पष्ट रूप से गलत विकल्पों को खत्म करने, संभावित सही उत्तरों को सीमित करने में सहायता करता है। यह त्वरित अवलोकन परिचित अवधारणाओं की तत्काल पहचान को गति प्रदान कर सकता है, जिससे चयन प्रक्रिया में तेजी आएगी। हालाँकि, यह त्वरित नजर समस्या को हल करने के बारे में नहीं है, बल्कि प्रश्न परिदृश्य के माध्यम से एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करती है, जिससे समय की बचत होती है और सही समाधान खोजने की संभावना में सुधार होता है। फिर भी, परीक्षा के दौरान एक सूचित और सटीक विकल्प के लिए प्रत्येक विकल्प के विस्तृत विश्लेषण और गहन मूल्यांकन के साथ इस नजर का पालन करना महत्वपूर्ण है। सन्निकटन का उपयोग करना सीखें केवल सटीक गणनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, रणनीतिक अनुमानों को शामिल करने से समस्या-समाधान में गति और सटीकता के बीच एक सामंजस्यपूर्ण संतुलन बनाया जा सकता है। सन्निकटन का उपयोग करने से उम्मीदवारों को सटीकता से समझौता किए बिना, विशेष रूप से मात्रात्मक अनुभागों में, अपनी गति तेज करने की अनुमति मिलती है। संख्याओं को पूर्णांकित करने या गणनाओं को सरल बनाने से प्रति प्रश्न खर्च होने वाला समय काफी कम हो जाता है, जिससे प्रक्रिया में तेजी आती है जबकि जटिल गणनाओं में त्रुटियों की संभावना कम हो जाती है। इसी तरह, मौखिक अनुभागों में जहां व्यापक पढ़ना महत्वपूर्ण है, केंद्रीय विषय या मुख्य बिंदुओं का अनुमान लगाने से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने में तेजी आ सकती है, जिससे त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सकती है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# राई घटै न तिल बढ़ै

**डॉ.शेषपाल सिंह**
**शेष-सुमन सागर**

मनुष्य के द्वारा अपने मन के अज्ञान से मुक्ति पाना बहुत कठिन कार्य है। हम अपने आप को ज्ञानी समझते हैं, ईश्वर में विश्वास करते हैं और अपने को आस्तिक मानते हैं। यह कैसा ईश्वर में विश्वास और आस्तिकता है कि क्षणे-क्षणे हमारे मन में आशंकाएँ घिरी रहती हैं। यदि हम ईश्वर में विश्वास करते हैं तो फिर आशंका और चिंता की अपेक्षा कहाँ रह जाती है? चिंतित और आशंकित रहने का अर्थ तो यह हुआ कि हमें ईश्वर पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं है, हम स्वयं ही कार्य के कर्ता-धर्ता हैं तथा हमारे बनाने से ही कार्य बनेगा अन्यथा बिगड़ जाएगा।

वास्तविकता तो यह है कि इस संसार का सूत्रधार स्वयं परमात्मा है या यों कहें कि कोई परम शक्ति है जो इस संसार को चला रही है। हाँ, इतना अवश्य है कि प्रभु ने हमें जो बुद्धि, विवेक, अंग-प्रत्यंग एवं सर्वांग सक्षम शरीर दिया है उसका उपयोग हमें अवश्य पूरी सावधानी और समग्र सामर्थ्य के साथ करना चाहिए। इसमें चिंता और शंका के भाव की कोई आवश्यकता नहीं है। कार्य का नियंता, सूत्रधार और उसका कर्ता-धर्ता प्रभु को मानकर निर्लिप्त भाव से और समर्पण के साथ ही हमें किसी कार्य को करना चाहिए। ऐसा करने से हमें एक अलौकिक आनंद की अनुभूति होगी तथा कार्य की सफलता और विफलता दोनों स्थितियों में हम अच्छा ही अनुभव करेंगे। इस प्रकार दुखानुभूति से हम पूरी तरह बच जाएँगे। जीवन की साँसें गिनी हुई अर्थात पूर्व निर्धारित है, न एक साँस अधिक मिलनी है और नहीं एक साँस कम होनी है। इसीलिए कहा गया है कि, "राई घटे न तिल बढ़े, रहि रे जीव निशंक"। मृत्यु से भयभीत होना अज्ञान है। मृत्यु इतनी निश्चित है जितना और कुछ भी नहीं। मृत्यु तो होनी ही है और कुछ हो चाहे न हो। यह जानकर भी हम इस तथ्य को भूलकर मृत्यु से डरते हैं। यह विचारणीय है कि एक जीवन में मृत्यु एक बार ही होगी, अनेक बार नहीं। उसे किसी भी कीमत पर टाला नहीं जा सकता फिर मृत्यु का भय कैसा? यदि एक ही जीवन में अनेक बार मृत्यु हो और प्रयास करके एकाध बार की मृत्यु को टालने में हम सफल हो जाएँ तब तो मृत्यु से डरना ठीक है। लेकिन हमें पता है कि ऐसा तो होना ही नहीं है।

## आत्माराम का भूत

**डॉ. सुरेश कुमार**

**हैदराबाद के** हलचल भरे शहर में वह एक अंधेरी, नीरस शाम थी। सड़कें दैनिक जीवन की हलचल से भरी हुई थीं क्योंकि लोग अपनी स्वार्थी इच्छाओं से ग्रस्त होकर इधर-उधर भाग रहे थे। एक समय जीवंत शहर मानवीय मूल्यों के पतन का प्रजनन स्थल सा लगता है, जहाँ लालच और महत्वाकांक्षा का बोलबाला चरम पर होता है। शहर के मध्य में, धनी और प्रभावशाली आत्माराम साहब का एक बड़ा बंगला था। वह बहुत धनवान और शक्तिशाली व्यक्ति था, लेकिन उसका दिल शहर की सड़कों पर चलने वाली सर्दियों की हवा की तरह सर्द और संवेदनाहीन था। उसने संदिग्ध व्यापारिक लेनदारियों और परिचितों को लूट पाटकर अपनी तिजोरी में पैसे के नाम पर लोगों की बद्दुआएँ अर्जित की थी। यही कारण था कि अपने से कम भाग्यशाली लोगों के प्रति उसका तिरस्कार पूरे शहर में चर्चा का विषय था। एक अशुभ घड़ी में, जब आत्माराम अपने मंद रोशनी वाले अध्ययन कक्ष में अकेले बैठे अपने गोरख धंधों से कमाई नोटों की गड्डियों की गिनती कर रहे था। तभी उसके पुराने व्यापारिक मित्र धनीराम उससे मिलने आया। धनीराम एक मनहूस और पीड़ित किस्म का व्यक्ति था, जो जीवन में अपने लालच और स्वार्थ की सजा के रूप में अनंत काल तक पृथ्वी पर भटकने के लिए अभिशप्त था। आत्माराम को देखते हुए धनीराम ने कराहते हुए कहा, "मैं आपको उस चेष्टा के बारे में चेतावनी देने आया हूं जो नैतिक पतन के इस रास्ते पर जारी रहने पर आपका इंतजार कर रहा है। धन और शक्ति के लिए आपकी अतृप्त भूख ने आपको अपने आस-पास के लोगों की पीड़ा के प्रति अंधा कर दिया है, और यदि आप अपने तरीके नहीं बदलेंगे, तो आपको इसका भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। आत्माराम ने धनीराम की चेतावनी का उपहास उड़ाया, और इसे अपने ही दोषी विवेक द्वारा लाया गया मात्र मतिभ्रम कहकर खारिज कर दिया। लेकिन जैसे-जैसे रात बीतती गई, उसके पास अलौकिक भूतों की एक श्रृंखला आई, जिन्होंने उसे उनके तरीकों की त्रुटि और उनके कार्यों के परिणाम दिखाए। पहला भूत अहंकार, आत्माराम को उसके अपने इतिहास की यात्रा पर ले गया, और उसे अपने जीवन के उन क्षणों को दिखाया जहां एक बार उसके पास एक दयालु और उदार भावना थी।

## न्यूज फ्लैश

### शारदा हॉस्पिटल में नेत्र विज्ञान विभाग द्वारा सीएमई कार्यक्रम आयोजन किया गया

**ग्रेटर नोएडा।** स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च (एसएमएसएंडआर) के नेत्र विज्ञान विभाग ने 8 नवंबर 2023, को मधुमेह नेत्र रोगों के प्रबंधन में हालिया प्रगति पर एक सतत चिकित्सा शिक्षा (सी.एम.ई) कार्यक्रम का सफलतापूर्ण आयोजन किया। इस कार्यक्रम को शारदा यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज, स्कूल ऑफ मेडिकल एंड रिसर्च के समुदायक चिकित्सा विभाग के डीन डॉ. निरुपमा गुप्ता और नेत्र विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं हेड डॉ. जे.एल. गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मधुमेह और नेत्र स्वास्थ्य के बीच संबंध के बारे में स्वास्थ्य पेशेवरों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हुए इस कार्यक्रम में मधुमेह नेत्र रोग प्रबंधन में नवीनतम प्रगति पर चर्चा करने के लिए नेत्र रोग विशेषज्ञ, ऑप्टोमेट्रिस्ट, डायटीशियन और सामान्य चिकित्सकों जैसे प्रमुख विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम सफल आयोजन होने पर अपने भाव व्यक्त करते हुए डॉ. जे.एल. गोयल, प्रोफेसर एवं हेड, नेत्र विज्ञान विभाग, (एसएमएसएंडआर) ने कहा पिछले कुछ वर्षों में, मधुमेह संबंधी नेत्र रोगों में बड़ी वृद्धि हुई है, जो स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए एक बड़ी समस्या है। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हमारे स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के पास इन चुनौतियों से निपटने के लिए नवीनतम ज्ञान और उपकरण हों, जिससे इस बीमारी का जल्द और बेहतर इलाज हो सकें। और इसी उद्देश्य से हमने इस सी.ए.मई कार्यक्रम के माध्यम से यह पहल की है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक मधुमेह रोगी को हर छह महीने या सालाना अपनी आंखों की जांच करानी चाहिए, और यदि रोगी को पहले से ही मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी है, तो उन्हें हर तीन महीने में अपनी आंखों की जांच करानी चाहिए। वर्तमान में भारत में 101 मिलियन से अधिक लोग मधुमेह से पीड़ित हैं और अन्य 136 मिलियन लोग प्री-डायबिटीज से पीड़ित हैं। और मधुमेह मरीजों की इसी बढ़ती संख्या ने आज दुनिया में भारत मधुमेह राजधानी के रूप में उभरा है। मधुमेह हमारी आंखों सहित शरीर के कई हिस्सों को प्रभावित कर सकता है और यहां तक कि स्थायी अंधापन भी हो सकता है। सीएमई कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों में डायबिटिक रेटिनोपैथी, डायबिटिक मैक्यूलर एडिमा और अन्य संबंधित जटिलताओं से संबंधित विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किये गाएं। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में रीसेंट एडवांसेज इन द मैनेजमेंट ऑफ डायबिटिक रेटिनोपैथी विषय पर पैनल डिस्कशन किया गया, जिनमें गेस्ट फैकल्टी डॉ. अमित खोसला, डॉ. सरिता बेरी, डिपार्टमेंट हेड डॉ. जे.एल गोयल, प्रोफेसर डॉ. आभा गहलोत, एवं विजिटिंग सर्जन डॉ. चारू मलिक ने प्रभावी और सूचनात्मक चर्चा की। मधुमेह नेत्र रोग एक गंभीर समस्या है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है और यह एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बन गई है। इस सीएमई कार्यक्रम का लक्ष्य इन बीमारियों के निदान और उपचार में नवीनतम ज्ञान के साथ इस पहल का प्रसार और इसके प्रति लोगों को जागरूक करना था।



### फ्लेयर राइटिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड का आईपीओ बुधवार, 22 नवंबर, 2023 को खुलेगा

**नोएडा।** फ्लेयर राइटिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड (कंपनी), बुधवार, 22 नवंबर, 2023 को इक्विटी शेयरों की अपनी आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) खोलेगी। कंपनी की योजना क 5 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों के माध्यम से कुल मिलाकर 5,930.00 मिलियन [क593 करोड़] तक धन जुटाने की है। इस ऑफर में क2,920.00 मिलियन [क292 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू (फ्रेश इश्यू) और क 3,010.00 मिलियन [क301 करोड़] तक का ऑफर फॉर सेल (ऑफर फॉर सेल और नये इश्यू के साथ मिलाकर ऑफर) शामिल है। कंपनी ने, बुक रनिंग लीड मैनेजर्स के परामर्श से, 10 नवंबर, 2023 को कुल क730.00 मिलियन [क73 करोड़] के नकद प्रतिफल के लिए क 304.00 प्रति इक्विटी शेयर (क299.00 प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) के निर्गम मूल्य पर 2,401,315 इक्विटी शेयरों का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट किया है। फ्रेश इश्यू का आकार क730.00 मिलियन [क73 करोड़] कम कर दिया गया है और तदनुसार, फ्रेश इश्यू का आकार क2,920.00 मिलियन [क292 करोड़] तक है। एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 21 नवंबर, 2023 होगी। ऑफर सब्सक्रिप्शन के लिए बुधवार, 22 नवंबर, 2023 को खुलेगा और शुक्रवार, 24 नवंबर, 2023 को बंद होगा।ऑफर का प्राइस बैंड क288 से क304 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 49 इक्विटी शेयर और उसके बाद 49 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है।



### आने वाली पीढियों को स्वच्छ व स्वस्थ उपजाऊ भूमि देने के लिए किसान प्राकृतिक खेती को दे बढ़ावा-उपायुक्त

**सोनीपत: उपायुक्त डॉ०** मनोज कुमार ने कहा कि अपनी आने वाली पीढियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने तथा उनको स्वच्छ व स्वस्थ उपजाऊ भूमि देने के लिए किसान प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसलों में कम से कम रासायनिक खादों का उपयोग करें, ताकि हमारी भूमि की उर्वरा शक्ति लंबे समय तक बनी रहे। उपायुक्त ने किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों के हित के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। सरकार द्वारा खेती में जोखिमों को कम करने व खेती को बेहतर बनाने के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार की अनुदान योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने योजनाओं का विस्तार करते हुए अब स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले ऐसे किसान, जिसके पास दो से पांच एकड़ भूमि है, को देसी गाय की खरीद पर अधिकतम 25 हजार रुपए का अनुदान देने की योजना है। इन्ही योजनाओं में से एक प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भी बनाई गई है। इस योजना का लाभ लेने वाले किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत का घोल तैयार करने के लिए चार बड़े ड्रम नि:शुल्क दिए जाते हैं।

# मेयर ने निगम वासियों को दी छठ पर्व की शुभकामनाएं

## विभिन्न छठ घाटों पर पहुँचे मेयर निखिल मदान, सोमवार सुबह उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर लिया छठ माई का आशीर्वाद, ोमवार सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैय्या से सबके कुशल मंगल की कामना की

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नगर निगम** सोनीपत मेयर निखिल मदान ने सोमवार को छठ पूजा के समापन के अवसर पर सभी शहरवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने निगम क्षेत्र की विभिन्न कालोनियों कबीरपुर, बाबा कालोनी, लक्ष्मण कालोनी,मोहन नगर, आर के कालोनी, कलावती विहार में बने छठ घाटों पर पहुँच कर वहाँ पूजा अर्चना कर रही मातृशक्ति और सभी क्षेत्रवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी और उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही सोमवार सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैय्या से सबके कुशल मंगल की कामना की। मेयर निखिल मदान ने बताया कि भगवान सूर्य की उपासना और लोक आस्था से जुड़ा छठ पर्व देश की सनातन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसमें माताओं द्वारा अपनी संतानों की दीघार्यु और



स्वस्थ जीवन के लिए 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है जोकि तप और समर्पण का प्रतीक है, जिसमें सभी माता बहनें 36 घंटे का व्रत रखती है औक उगते एवं ढ़लते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना करती है। कार्तिक माह की चतुर्थी तिथि को पहले दिन नहाय खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है।

निखिल मदान ने कहा कि वो सृष्टि के पालनकर्ता सूर्यदेव एवं छठी मैय्या से सभी की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना करते है।

इस अवसर पर पूर्वांचल समाज की विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों ने मेयर निखिल मदान का फूल मालाओं से स्वागत किया और अगली छठ पूजा पर निगम की और से कई स्थानों पर पक्के छठ घाट बनाने की मांग की ,जिस पर मेयर निखिल मदान ने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि अबकी बार आर के कालोनी में भी निगम द्वारा नया घाट बनाया गया है।

इस दौरान पूर्वी जन कल्याण समिति के संजय मिश्रा, प्रदीप कुमार सिंह,पूर्व पार्षद सत नारायण सरोहा,राजेश यादव,अजय चौहान ,प्रवीण सिसोदिया, जय भगवान,वकील भगत,विनय तिवारी,शंकर स्वरूप शास्त्री,संतोष ठाकुर,रमेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## गाय की पूजा को समर्पित है गोपाष्टमी पर्व: दिलबाग डांगी

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**गोपाष्टमी** के पर्व पर स्टेट अवार्ड हिंदी प्राध्यापक दिलबाग सिंह दांगी अपनी धर्मपत्नी हिंदी अध्यापिका गीता डांगी व अपने विद्यार्थियों सहित जटवाड़ा गौशाला की शाखा कामी रोड पर गौशाला में पहुंचे जो अपने साथ हरा चारा गुड सतनजा आदि सामान गौ माता के लिए लेकर गए और उनको बड़े प्यार से खिलाए इसके उपरांत बीमार गौ माता को पानी पिलाना बाड़े से गोबर उठाना शाम को चार निकालना वह ताजा चारा डालना झाडू से सफाई करना



गौ माता के शरीर पर खुररा फेरना आदि गौ माता की सेवा की दिलबाग डांगी ने कहा देश में हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी का त्यौहार मनाए जाने की परंपरा है आज 20 नवंबर को हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय मानकर माता का दर्जा दिया जाता है क्योंकि गाय को 36 कोटी देवी देवताओं का वास माना जाता है बताया जाता है कि श्री कृष्ण ने गोपास्टमी पर्व पर ही गौ माता को चराना शुरू किया था इसलिए हमें गौ माता की सेवा करनी चाहिए।

## 'सच्चे मन से पूजा करने पर मनोकामनाएं पूरी करती है छठ मैय्या'

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**राई के** विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि सच्चे मन से पूजा करने वालों की छठ मैय्या सभी मनोकामनाएं पूरी करती है। यह बच्चों के स्वास्थ्य की कामना का पर्व है और मैं सभी को इसकी शुभकामनाएं देता हूं। विधायक बड़ौली ने सोमवार को गांव नाहरी व कुंडली के अलावा यमुना पर बने विभिन्न छठ घाटों पर आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक बड़ौली ने कहा कि पूर्वांचल के भाई बहनों ने अपना जन्म स्थान छोडकर पंचकूला व अन्य स्थानों पर आने के बावजूद भी अपनी पूर्वांचल की संस्कृति व सभ्यता



को बनाये रखा और उसी जोश के साथ त्योहारों को मना रहे, जिस जोश से बिहार या यूपी में मनाया करते थे। यह उनका अपनी संस्कृति व सभ्यता के प्रति प्रेम का ही परिणाम है कि आज इतनी बड़ी संख्या में लोग यहां छठी पूजा पर्व को मनाने के लिये एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमारी आने वाली पीढिकों को भी अपनी सभ्यता व संस्कृति को याद रखने की प्रेरणा देता है। प्रशासनिक घाटों के अलावा लोगों ने यमुना के मीमारपुर व गढ़मिरकपुर घाट, पश्चिमी यमुना लिंक नहर के किनारे व कई अन्य स्थानों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया जा रहा है। इसके लिए बेहतर प्रबंध किए गए हैं।

इस मौके पर अशोक चेयरमैन, नितिन कौशिक, प्रवीण खत्री, दीपक शर्मा, हर्ष भारद्वाज, प्रवीण खरब, गुलशन कुमार, बिजेन्द्र जोगी, निटू कुमार, अरूण यादव, सुदेश रानी, अर्चना रानी, कुंदन, गणेश, शुभ संस्कार समिति व छठ पूजा सेवा समिति के पदाधिकारी सहित सभी पार्षद व अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## गौ माता के कान से पूंछ तक में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास: ललित बत्रा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**गोपाष्टमी के** उपलक्ष में जटवाडा स्थित गौशाला में हवन कर गौ माता की पूजा अर्चना की गई। इस उपरांत मौके पर भंडारा वितरण भी किया गया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन ललित बत्रा ने बतौर मुख्य अतिथि हवन में आहुती डाली। उनके साथ हरियाणा राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य राकेश मलिक, मेहताब खत्री, दर्पण गर्ग, देवेंद्र खत्री, पवन दुग्गल, अमित शर्मा, प्रतीक बत्रा और गौशाला जटवाड़ा के सभी कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

पूर्व चेयरमैन ललित बत्रा ने कहा कि पंचांग के अनुसार गोपाष्टमी पर्व



कार्तिक शुक्ल अष्टमी को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीमदभागवत में यह उल्लेख है कि भगवान श्रीकृष्ण बाल्यावस्था में गायों संग खेला करते थे और वे गायों की सेवा भी करते थे। उन्हें गाय से बहुत प्रेम था। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के पुराणों और धर्मग्रंथों में गौ माता के कान से पूंछ तक में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है।

## युवक पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर लाइसेंसी रिवाल्वर छीना

**रोहतक: गांव रिटौली** में कार व मोटरसाइकिल साइकिल सवार युवकों द्वारा एक युवक पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमलावर पीडित युवक का लाइसेंसी रिवाल्वर भी अपने साथ ले गए। परिजनों द्वारा घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार रिटौली निवासी नितिन ने बताया कि दोपहर को वह अपने स्टॉक पर बैठा था तभी मोटरसाइकिल व कार सवार धोला, रोहित, हिमांशु, सुखबीर निवासी रिटौली अपने पांच छह अन्य युवकों के साथ आए और उसके पिता कर्मबीर पर लाठी डंडों से हमला कर दिया।

## छठ पूजा: पहुंचे आप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**आम आदमी** पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा रविवार देर शाम छठ पूजा कार्यक्रम में पहुंचे। उनके साथ आम आदमी पार्टी के विधायक अखिलेश त्रिपाठी भी मौजूद थे। उन्होंने सभी को छठ पूजा की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस तरीके से आप लोग अपने घर से इतनी दूर आकर अपनी संस्कृति और संस्कारों के साथ छठ पर्व मनाते हैं तो हमें ऐसा महसूस होता है कि हम सब एक ही परिवार का हिस्सा हैं। हम आपसे सीखते हैं, आप हमसे सीखते हैं और सब मिलकर छठी मैइया का गुणगान करते हैं। अनुराग ढांडा ने कहा कि हरियाणा के विकास में पूर्वांचल समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। लेकिन हरियाणा में कहीं भी छठ के आयोजन में सरकारी सहायता नहीं दी जाती। जबकि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार छठ पूजा के लिए 1000 जगहों पर सुंदर आयोजन करवाती है। उन्होंने कहा कि छठी मैइया के गुणगान को लेकर पर्वांचल के सभी भाइयों में पूरा उत्साह है, सब लोग यहां एकजुट हैं। सुबह सूर्य की पहली किरण के साथ पूजा करेंगे और सूर्य देवता को याद करेंगे। लेकिन हरियाणा में इतनी बड़ी संख्या में पूर्वांचल के लोगों के होने के बावजूद सरकार की ओर से जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जानी चाहिए वो देखने को नहीं मिल रहा है। साल दर साल ये आयोजन बड़े स्तर पर होते हैं। जैसे अरविंद केजरीवाल ने छठी मैइया के गुणगान और संस्कृति के विस्तार के लिए काम कर रहे हैं। हरियाणा में भी वैसा ही होना चाहिए। पिछले नौ साल से हरियाणा में भाजपा की सरकार है, लेकिन उन्होंने इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अब चुनावी साल में मुख्यमंत्री खट्टर वादे करके जा रहे हैं कि घाटों का पक्का करवाएंगे।

## गांव में छठ पूजा का पूर्वांचल समिति ने किया आयोजन

### कांग्रेस नेता एवं खेवड़ा गांव के सरपंच संजय आंतिल ने कार्यक्रम में पहुंचकर की पूजा अर्चना

**टीम एक्शन इंडिया/राई ।**
**कांग्रेस नेता** एवं खेवड़ा गांव के सरपंच संजय आंतिल ने कार्यक्रम में छठ पूजा के आयोजन में पहुंचे जहां उनका पूर्वांचल समिति द्वारा किया गया । समिति द्वारा कांग्रेस नेता एवं खेवड़ा गांव के सरपंच संजय आंतिल का जोरदार स्वागत किया गया। संजय आंतिल ने कहा कि सूर्य देव, छठी मैया का यह दिन छठ महापर्व आपके जीवन और मन को खुशियों से भर देगा । आपको सुख, यश, समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना। छठ



महापर्व सूर्य उपासना का सबसे बड़ा त्योहार होता है। इस पर्व में भगवान सूर्य के साथ छठी माई की पूजा-उपासना विधि-विधान के साथ की जाती है। यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। इस पर्व में आस्था रखने वाले लोग सालभर इसका इंतजार करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि छठ का व्रत संतान प्राप्ति की कामना, संतान की कुशलता, सुख-समृद्धि और उसकी दीघार्यु के लिए किया जाता है। कांग्रेस नेता संजय आंतिल ने कहा कि छठ पूजा पर्व का एक अपना महत्व हैं, जिसमें मातायें बहनें अपने बच्चों की लंबी आयु और परिवार की खुशहाली व समृद्धि के लिये बिना कुछ खाये पीये 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती है। इस मौके पर उनके साथ सोनू शर्मा के अलावा समिति के सैकड़ो बनवाने लोग मौजूद थे।

## हजारों ई-रिक्शा चालकों ने ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
शहर के हजारों ई-रिक्शा चालक अपनी समस्या को लेकर सेक्टर 26 स्थित सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए और मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन के नेतृत्व में ट्रैफिक सहायक आयुक्त रमेश कुमार जागलान से मिले। ई-रिक्शा चालकों ने ज्ञापन सौंप कर बिना रजिस्ट्रेशन वाली ई-रिक्शा चालकों के समाधान करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया।

सहायक पुलिस आयुक्त रमेश कुमार जागलान से बातचीत के बाद तय हुआ कि सभी ई-रिक्शा चालकों को एक फॉर्म दिया जायेगा जिसमे रिक्शा मालिक और रिक्शा चालक की पहचान का प्रूफ लगाया जायेगा, इसी आधार पर



रिक्शा की यूनिक आई०डी० पुलिस द्वारा बनाई जाएगी, ताकि दुर्घटना के दौरान रिक्शा चालक की पहचान हो सके। रिक्शा चालकों को सहायक पुलिस आयुक्त ने कहा कि पुलिस प्रशासन आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए भी यह प्रयास कर रहा है।

राजीव जैन ने बताया कि सभी ई-रिक्शा चालकों एवं मालिकों को एक सप्ताह के अंदर फॉर्म भरकर ट्रैफिक थाने में जमा करवाने होंगे। उन्होंने आगे कहा कि पहले ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन नहीं होता था इसलिए कोई बिल संभाल कर नहीं रखता था, इनका रोजगार बंद ना हो, शपथ पत्र के आधार पर इनका रजिस्ट्रेशन करवाया जाएगा। सभी रिक्शा चालकों ने विश्वास दिलाया कि वह पुलिस प्रशासन के साथ पूरी तरह से सहयोग करेंगे और अपना रजिस्ट्रेशन एक सप्ताह में करवा लेंगे।

## अग्रवाल मंडी की और से मेघा कैम्प लगाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**श्री वर्धमान** स्वेतामबर जैन सभा अग्रवाल मंडी की और से मेघा कैम्प लगाया गया प्रधान गौतम जैन ने बताया जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2550 वे निर्माण महोत्सव के उपलक्ष पर एक्सीडेंट के कारण किसी बीमारी के कारण या अन्य किसी कारण से हाथ पैर आदि का हिस्सा कट गया। ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों को आज लाला देवी चंद ग्रोवर की और से दिव्यांग भाईयो के क्रतिम अंग का चिकित्सकों के द्वारा नाप लिया गया। महा मंत्री राजिंदर जैन ने बताया

*फ्री मेडिकल कैंप*में राधा कृष्ण गोसाला के डॉक्टरों की टीम ने



आंख दांत शुगर ब्लड प्रेशर एवं अन्य समस्याओं का भी काफी हद तक समाधान किया गया सुशील जैन ने बताया।

रीड की हड्डी एवं घुटनों के दर्द आदि की समस्या के लिए भी दिल्ली के मशहूर डॉक्टर साइमन थॉमस की टीम ने घुटनों व हड्डियों से संबंधित बीमारियों की जांच की और जरूरतमंद व्यक्तियों के प्रश्न एवं जरूरत को पूरा किया। उनके पास ओपीडी के लगभग 256 मरीजों ने पहुंचकर सेवाओं का लाभ लिया समाज सेवी प्रवीण जैन बताया आज सभी दिव्यांग भाईयो के माप लिए गए हैं। बहुत जल्द माप लिए हुए अंग बन जायेंगे फिर सभी को बुलाकर क्रतीम अंग वितरण किए जायेंगे। आज जरूरत मंद दिव्यांगो को बैसाखी वितरण की गई व दवाइयां वितरण की सभी डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किय।इस मौके पर गौतम जैन, राजिंदर जैन, प्रवीन जैन, विजय जैन ,राजीव जैन ,संजीव जैन, रविंद्र जैन, मनोज जैन, सत्यप्रकाश जैन, अमित जैन, मनीष जैन, रश्मि जैन, सुरेंद्र जैन, अमरनाथ गुप्ता ,योगेश गोयल ,ओमवीर पवार, राजू जैन ,कैलाश जैन , अमित गुप्ता ,विकाश अग्रवाल, चिमन लाल गुलाटी ,समाज के गन मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# 'पसंदीदा अधिकारी को बचा रहे एलजी'

## अगर अधिकारियों ने कुछ गलत नहीं किया तो एलजी जांच में बाधा क्यों डाल रहे हैं?

**एलजी निशाने पर**

8 यह एलजी की ओर से अपने पसंदीदा अधिकारियों मुख्य सचिव और मंडलायुक्त को बचाने का एक प्रयास है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**बामनौली भूमि** अधिग्रहण मामले की सतर्कता मंत्री की रिपोर्ट को संदिग्ध बताकर कार्रवाई से एलजी के इनकार करने पर दिल्ली सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। दिल्ली सरकार ने कहा कि यह एलजी की ओर से अपने पसंदीदा अधिकारियों मुख्य सचिव और मंडलायुक्त को बचाने का एक प्रयास है। अगर अधिकारियों ने कुछ गलत नहीं किया तो एलजी जांच में बाधा क्यों डाल रहे हैं? दिल्ली सरकार ने कहा कि सतर्कता मंत्री की रिपोर्ट एक शिकायत और घोटाले में सीएस की भूमिका को उजागर करने वाली मीडिया रिपोर्टों के कारण आई थी, फिर भी एलजी ने सरकार पर राजनीतिक हमला करने का विकल्प चुना। सभी उपलब्ध सुबूतों को सीबीआई को भेजा जाना चाहिए, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके। मुख्य सचिव का बेटा लाभार्थी कंपनी में कर्मचारी और निदेशक है।

**'एलजी को भ्रष्टाचार में कुछ भी गलत नहीं लगता':** सरकार ने कहा कि हमें आश्चर्य है कि एलजी को इस तथ्य में कुछ भी असामान्य नहीं लगता कि सीएस का 30 वर्षीय बेटा कई कंपनियों में निदेशक है, जिनमें से कई एक ही पते पर पंजीकृत हैं, एक ही ईमेल आइडी है। दिलचस्प बात यह है कि अधिकतर कंपनियों का व्यवसाय दिल्ली में है, जहां मुख्य सचिव अधिकारियों के प्रमुख हैं।

**'सीएस बनते ही हेमंत कुमार को डीएम नियुक्त किया गया'**

सरकार ने कहा कि एलजी को यह कैसे लगता है कि यह सब सामान्य है और इसमें सीएस की कोई भूमिका नहीं है? सरकार ने कहा कि सीएस बनते ही उन्होंने बदलाव कर हेमंत कुमार को दक्षिण पश्चिमी जिले का डीएम नियुक्त कर दिया। यह कहना गलत है कि सीएस ने खुद ही डीएम के खिलाफ जांच की अनुशंसा कर दी। डीएम की ओर से अत्यधिक मुआवजे का अवार्ड 15 मई 2023 को दिया गया।





### 'केजरीवाल ने विज्ञापन पर खर्च किए करोड़ो रुपये'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय** जनता पार्टी के नेता शहजाद पूनावाला ने सोमवार को अरविंद केजरीवाल पर यमुना की सफाई को लेकर हमला बोला है। भाजपा नेता ने कहा कि यमुना को साफ बनाने के अपने वादे में केजरीवाल फेल हो गए।

**सफाई के बजाय विज्ञापन खर्च किए करोड़ो रुपये:** शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल ने केंद्र द्वारा दिए गए करोड़ों रुपये को यमुना की सफाई पर खर्च करने के बजाय विज्ञापन पर बर्बाद दिए। शहजाद पूनावाला का बयान ऐसे समय में आया है, जब सोशल मीडिया पर यमुना नदी में जहरीले झाग वाली वीडियो दिखाई दे रही हैं। श्रद्धालु उन्हीं जहरीले झाग के बीच घुटने तक पानी में खड़े होकर छठ पर छठ पूजा कर रहे थे। खास बात है कि दिल्ली में पहले से वायु प्रदूषण की समस्या से लोग जूझ रहे हैं और यमुना में जहरीले झाग ने लोगों के सामने और मुसीबत पैदा कर दी है। दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए पूनावाला ने कहा कि यह केजरीवाल मॉडल है। पहले उन्होंने शहर को गैस चैंबर में बदल दिया और अब पानी भी जहरीला हो गया है।

### आतिशी ने प्रदूषित के लिए उत्तर प्रदेश को ठहराया था जिम्मेदार

**छठ** पूजा पर भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए जब श्रद्धालु पानी में उतरे, हर जगह झागदार जहरीला पानी था। भाजपा ने आगे कहा कि केजरीवाल ने यमुना (नदी) की सफाई के बारे में बड़े दावे किए। केंद्र सरकार ने हजारों करोड़ रुपये दिए, लेकिन उनका इस्तेमाल या तो विज्ञापनों में किया गया या भ्रष्टाचार में। जहरीले झाग और घाटों को हटाने के जो वादे किए गए थे, वे पूरे नहीं हुए। इससे पहले आप मंत्री आतिशी ने बुराड़ी घाट का निरीक्षण किया और आश्वासन दिया कि जल्द ही यमुना में झाग साफ कर दिया जाएगा। हालाँकि, उन्होंने दिल्ली से गुजरने वाली नदियों में प्रदूषित पानी छोड़े जाने के लिए उत्तर प्रदेश को भी दोषी ठहराया। उस जहरीले झाग को हटाने के लिए वहां खाद्य ग्रेड रसायनों और एंजाइमों का छिड़काव किया जा रहा है। छिड़काव टीम ने कल रात 10 नावों पर छिड़काव का काम शुरू किया। अगले दो दिनों में, जहरीला झाग पूरी तरह से गायब हो जाएगा, लेकिन मैं उत्तर प्रदेश सरकार से आग्रह करना चाहूंगी कि वह अपना प्रदूषित पानी दिल्ली न भेजे।

# इस्राइल के राजदूत को जान से मारने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

इस्राइल व हमास में युद्ध के बीच भारत में तैनात इस्राइल के राजदूत नाओर गिलोन पर जानलेवा हमला हो सकता है। आतंकी संगठनों ने राजदूत पर हमले की धमकी दी है। देश के खुफिया विभाग को राजदूत पर हमले के इनपुट मिले हैं। इसके अलावा इस्राइल एंबेसी को सोशल मीडिया पर भी धमकियां मिल रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से दिल्ली पुलिस को दो दिन पहले लिखे गए पत्र में कहा गया है कि इस्राइल एंबेसी की ओर से पत्र मिला है। एंबेसी के अधिकारियों ने इस पत्र में कहा है कि इस्राइल के राजदूत पर आतंकी हमले की सोशल मीडिया पर धमकियां मिल रही हैं। गृह मंत्रालय में तैनात प्रोटोकॉल के डिप्टी चीफ सुरेश के की ओर से लिखे गए पत्र में सोशल मीडिया पर मिल रहीं धमकियों व उनकी जांच करने की बात कही है। इस पत्र में ये भी कहा है कि विभिन्न आतंकी संगठनों ने हमले की धमकी दी है। साथ ही दिल्ली पुलिस से कहा गया है इस मामले में सुरक्षा के उचित कदम उठाकर गृहमंत्रालय को सूचित किया जाए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस्राइल एबेंसी ने गृहमंत्रालय को 16 नवंबर को पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से गृहमंत्रालय से इस्राइल के राजदूत की तुरंत सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। गृहमंत्रालय के पत्र के बाद नई दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त प्रवण तायल ने आदेश दिया है कि इस्राइल के राजदूत को सोशल मीडिया पर जो धमकियां मिल रही हैं उनकी विस्तार से जांच की जाए। पुलिस उपायुक्त ने राजदूत व इस्राइल एंबेसी की सुरक्षा बढ़ाने को कहा है।




**जांच जारी**

8 राजदूत नाओर गिलोन पर जानलेवा हमला हो सकता है। आतंकी संगठनों ने राजदूत पर हमले की धमकी दी है।

# दिल्ली में भाजपा नेता विजय गोयल ने मजदूरों की सलामती के लिए किया हवन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उत्तराखंड** के उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के लिए भाजपा नेता विजय गोयल ने सोमवार को दिल्ली के हनुमान मंदिर में हवन किया। उत्तरकाशी जिले के सिलक्यारा में नौ दिन से सुरंग 41 मजदूर फंसे हुए हैं। मजदूरों को रेस्क्यू करने में अभी समय लग सकता है। सुरंग निर्माण विशेषज्ञ के मुताबिक, सुरंग के ढहने के बाद दो दिन मलबा हटाने की गलती के चलते रेस्क्यू का समय बढ़ गया है। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने में अभी पांच दिन से एक सप्ताह का समय और लग सकता है। वहीं, सुरंग के भीतर और ऊपर से रास्ता (ड्रिफ्ट) बनाना रेस्क्यू के लिए सबसे कारगर तरीके हैं। कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन, नवी मुंबई के सेवानिवृत अधिशासी निदेशक, परियोजना और टनलिंग इंजीनियर विनोद कुमार सिलक्यारा टनल रेस्क्यू अभियान पर लगातार नजर बनाए हैं। उन्होंने बताया कि उनको सुरंग की खोदाई और रेस्क्यू अभियान का करीब 51 साल का अनुभव है। रेस्क्यू ऑपरेशन युद्धस्तर पर जारी है। इस ऑपरेशन के तहत पांच प्लान पर कार्य करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार के उच्चाधिकारी सिलक्यारा में ही डेरा डाले हुए हैं। इन तमाम उच्चाधिकारियों ने विशेषज्ञों के साथ सुरंग के भीतर से लेकर इसके ऊपर की पहाड़ी तक दिनभर अनेक बार निरीक्षण कर ड्रिलिंग मशीनों के लिए प्लेटफार्म तैयार करने की कार्रवाई का जायजा लिया।



# दिल्ली में 10 हजार से अधिक होम गार्ड की होगी भर्ती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उपराज्यपाल** वीके सक्सेना ने सोमवार को 10 हजार से अधिक होम गार्ड भर्ती करने की मंजूरी दे दी है। एलजी ने होम गार्ड के चयन में अतिरिक्त क्रेडिट के माध्यम से सिविल डिफेंस वालंटियर्स को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल ने समयसीमा तय करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। भर्ती प्रक्रिया मार्च 2024 तक पूरी की जाएगी। निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रक्रिया की सीसीटीवी द्वारा वीडियोग्राफी की जाएगी।





ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी प्राईम मिनिस्टर गार्ड ऑफ ऑनर लेते हुए।

# मिली सफलता: अगवा कर बुजुर्ग की हत्या में वेटलिफ्टिंग चैंपियन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**वसंतकुंज** नॉर्थ इलाके में अपहरण कर बुजुर्ग रघुवीर सिंह (62) की हत्या करने के मामले में अपराध शाखा ने राष्ट्रीय स्तर के वेटलिफ्टिंग चैंपियन विजय सिंह उर्फ विजय पहलवान उर्फ विक्रम सिंह (52) को जबलपुर (मध्य प्रदेश) से गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन अप्रैल 2018 में विजय ने रिश्तेदार की तेरहवीं में जाने के लिए दो दिन की पेरोल ली और लापता हो गया। इसके बाद विजय को भगोड़ा घोषित कर गिरफ्तारी पर दो लाख का इनाम रखा गया।

**काबू किया**

8 किशनगढ़ गांव विजय के खिलाफ दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और गुजरात में 24 से अधिक मामले दर्ज हैं

दिल्ली के किशनगढ़ गांव विजय के खिलाफ दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और गुजरात में 24 से अधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी जबलपुर में बड़े से फॉर्म हाउस में रह रहा था। उसने यहां 14 घरेलू सहायकों के अलावा चार बंदूकधारी निजी सुरक्षाकर्मी भी रखे थे। अपराध शाखा के विशेष आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि दबंग किस्म के विजय ने किशनगढ़ में एक प्लॉट को लेकर साथियों के साथ रघुवीर को अगवा कर लिया था। जमीन उसके नाम नहीं करने पर आरोपी ने रघुवीर की गोली मारकर हत्या कर दी। 26 मई 2011 को रघुवीर के बेटे ने मामले शिकायत दी। पीड़ित ने विजय पर पिता को गायब करने का आरोप लगाया।

जांच के दौरान एक जून 2011 को बुजुर्ग का शव गुरुग्राम के जंगलों से बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तब से विजय जेल में था। इस बीच अप्रैल 2018 में वह पेरोल लेकर लापता हो गया।



### पीसीआर कॉल होने के बाद एफआईआर क्यों दर्ज की गई

**स्थानीय** पुलिस के अलावा अपराध शाखा की टीम उसकी तलाश में जुटी थी। इस बीच जानकारी मिलने पर आरोपी को जबलपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में पता चला कि वसंतकुंज नॉर्थ में बुजुर्ग की हत्या करने के अलावा उसके खिलाफ किशनगढ़ में जबरन वसूली का भी केस दर्ज है। दिल्ली-हरियाणा समेत दूसरी जगह दर्ज 19 मामलों में पुलिस को विजय की तलाश थी। आरोपी के खिलाफ 24 मामले दर्ज होने का पता चला है।

**तीन राज्यों में ली पनाह:** दिल्ली से पेरोल लेकर आरोपी महाराष्ट्र में गुरुदादू के पास पहलवान अखाड़ा, कोल्हापुर में रहने लगा।

# जाट महाधिवेशन: नरेश टिकैत के साथ कई राज्यों के किसान नेता



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के तालकटोरा स्टेडियम में अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा जाट महाधिवेशन का आयोजन किया गया। इस जाट महाधिवेशन में नरेश टिकैत सहित कई राज्यों के किसान नेता शामिल हुए। साथ ही हजारों की संख्या में अन्य लोग भी शामिल हुए। अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा आयोजित जाट महाअधिवेशन में किसान नेता नरेश टिकैत ने तकरीबन डेढ़ सौ साल पुराना नगाड़ा बजाया। महाधिवेशन में किसान नेता युद्ध वीर सिंह को 84 खाप पंचायत द्वारा लाई गई पगड़ी बांधकर उन्हें सम्मानित किया गया।

**जाट महाधिवेशन**

8 इस जाट महाधिवेशन में नरेश टिकैत सहित कई राज्यों के किसान नेता शामिल हुए

# मानहानि: राघव ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने मानहानि मामले में जारी समन को रद्द करने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दिल्ली भाजपा नेता छैल बिहारी गोस्वामी के द्वारा आपराधिक मानहानि मामले शिकायत दी गई थी।

आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ट्रायल कोर्ट के द्वारा उनके खिलाफ समन जारी किया गया था। जिसको रद्द कराने के लिए चड्ढा कोर्ट पहुंचे हैं। दिल्ली भाजपा नेता छैल बिहारी गोस्वामी के द्वारा आपराधिक मानहानि मामले शिकायत दी गई थी। इस मामले में अब अगली सुनवाई 11 दिसंबर को होगी। जज स्वरान कांत शर्मा की कोर्ट में पहुंचा है। जहां चड्ढा की ओर से दायर याचिका पर कहा कि उन्होंने इस मामले में अन्य दस्तावेजों को जाम करना चाहते हैं। इसके लिए हमें थोड़ा समय चाहिए।

इससे पहले मजिस्ट्रियल कोरट् ने आप नेता सत्येंद्र जैन और राघव चड्ढा के खिलाफ मानहानि मामले में समन जारी किया था। जिसके बाद कोर्ट ने इस फैसले को लेकर कहा कि यह बिलकुल सही फैसला है और सभी कानूनी बातों को ध्यान रखते हुए आदेश जारी किया गया है।

# जांच में खुलासा: कैदी की जेल में पिटाई से हुई थी मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मंडोली** जेल में विचाराधीन कैदी की मौत के मामले पुलिस ने करीब साढ़े छह माह बाद गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। दो जून 2023 को मंडोली जेल नंबर-13 में तंबाकू चोरी का आरोप लगाकर कैदियों ने मुस्तकीम की पिटाई कर दी थी। उस समय आशंका जाहिर की गई थी मुस्तकीम ने जहरीला पदार्थ खाया।

मामले की मजिस्ट्रेट जांच हुई। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। सीसीटीवी की जांच करने पर कुछ कैदी मुस्तकीम को पीटते हुए दिखाई दिए। फुटेज, पीएम और एफएसएल रिपोर्ट के अलावा अन्य जांचों के बाद मजिस्ट्रेट ने माना कि पिटाई की वजह से मुस्तकीम की मौत हुई थी। हर्ष विहार थाना पुलिस ने शुक्रवार को गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी कैदियों से पूछताछ कर मामले की जांच करेगी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दो जून को मंडोली जेल नंबर-13 के वार्ड नंबर-एक में बंद कैदी मुस्तकीम को अचेत अवस्था में जीटीबी अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 'मौत का खेल': हर मरीज के बिल पर 35% देने की थी डील, फोनपे पर मिलती थी दलाली...

**अरेस्ट**

8 अग्रवाल मेडिकल सेंटर में मौत के खेल के मामले में पुलिस ने दलाल जुल्फिकार (42) को गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के पॉश इलाके ग्रेटर कैलाश-एक स्थित अग्रवाल मेडिकल सेंटर में मौत के खेल के मामले में पुलिस ने दलाल जुल्फिकार (42) को गिरफ्तार किया है। इसी ने असगर अली नामक मरीज को सेंटर में भेजा था। यहीं उसकी मौत हो गई थी। जुल्फिकार डॉ. नीरज अग्रवाल के मेडिकल सेंटर में 200 से ज्यादा मरीज भेज चुका है। पुलिस अन्य दलालों को तलाश कर रही है। वहीं, पुलिस अन्य शिकायतों पर एक से दो एफआईआर दर्ज कर सकती है। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि एसीपी नीरज टोकस और ग्रेटर कैलाश थानाध्यक्ष अजीत सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर प्रेम सिंह, एसआई अनिल कुमार, एसआई विनोद व एसआई श्रीभगवान की टीम ने जुल्फिकार को संगम विहार से गिरफ्तार किया है। लाल कुआं, प्रह्लादपुर निवासी आरोपी का संगम विहार में क्लीनिक है। इसी में वह दवा की दुकान भी चलाता था। आरोपी होम्योपैथी/एलोपैथी दवाएं बेचता था। डीफार्मा कर चुके जुल्फिकार के पास दवाओं को बेचने का वैध लाइसेंस नहीं है। जुल्फिकार को डॉ. नीरज अग्रवाल का एक कार्ड मिला था। यह कार्ड संगम विहार में डा. अग्रवाल के लड़कों ने बांटा था। इस पर नंबर देखकर जुल्फिकार ने डॉ. नीरज से संपर्क किया और अग्रवाल मेडिकल सेंटर में मरीज भेजने की बात कही। डॉ. नीरज उसे प्रति मरीज कुल बिल राशि का 35 प्रतिशत भुगतान करने पर सहमत हो गया। जिन मरीजों को पथरी व डिलिवरी का ऑपरेशन कराना होता था उन्हें जुल्फिकार डॉ. नीरज अग्रवाल के सेंटर भेजता था।

**फोनपे पर देता था कमीशन**

चौधरी ने बताया कि डॉ. नीरज अग्रवाल जुल्फिकार को फोनपे पर कमीशन के पैसे देता था। यह खाता उसके मोबाइल नंबर 8882463906, बैंक ऑफ इंडिया, गोविंदपुरी शाखा, खाता नंबर 601810110003481 से जुड़ा हुआ है।

**कई साल से संपर्क में था:** जुल्फिकार पिछले सात-आठ वर्षो से डॉ. नीरज के संपर्क में था। जुल्फिकार ने अग्रवाल मेडिकल सेंटर में आखिरी मरीज असगर के रूप में भेजा था। इलाज के दौरान असगर की मौत हो गई थी। उसने लगभग 200 से 250 मरीजों को डिलीवरी/गर्भपात/पथरी जैसे इलाज के लिए डॉ. नीरज अग्रवाल के पास रेफर किया था। डॉ. नीरज डिलीवरी, पथरी के ऑपरेशन के लिए 15,000 से 20,000 और गर्भपात के लिए पांच से छह हजार रुपये लेता था।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**



**विकसित भारत** संकल्प यात्रा के सफल संचालन के लिए मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि यह यात्रा भारत सरकार के सहयोग से सभी जिलों और गांव को कवर करेगी। इसलिए सभी अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर काम करें। वीडियो कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ अमित कुमार अग्रवाल ने इस यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने वीडियो कांफ्रेंस के बाद जिला सचिवालय में जिला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल संचालन के लिए बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान एडीसी ने संबंधित एसडीएम व बीडीपीओ, नगर निगम के अधिकारियों आदि को यात्रा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा की भूमिका, उद्देश्य, यात्रा को कैसे आगे बढ़ाया जाना है, यात्रा के दौरान क्या-क्या किया जाना है, भारत सरकार और राज्य सरकार की किन स्कीमों को शामिल किया जाना है, के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वीना हुड्डा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दें और अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्रवाई के बारे में एडीसी कार्यालय को अवगत करवाया जाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल संचालन हेतू उन्होंने कहा कि संबंधित नोडल अधिकारी अपने अधीन क्षेत्र में एक दिन में दो कार्यक्रम (ग्रामीण) व प्रत्येक दिन तीन वार्डों में (शहरी) आयोजन के लिए कार्यक्रमों के आयोजन की समय सारिणी निर्धारित प्रारूप में भरकर एडीसी कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला के हर गांव व हर वार्ड में कार्यक्रम आयोजित करवाए जाएं जिसके लिए एलईडी वैन भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही युवा सशक्तिकरण के युवाओं को भी इस कार्यक्रम में जोड़ा जाए। इसी प्रकार उपरोक्त कार्यक्रम में हरियाणा उदय एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन के युवाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि इस अभियान में केंद्र व प्रदेश सरकार की मुख्यतः प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम किसान, फसल बीमा योजना, पोषण अभियान, उज्ज्वला योजना आदि आयुष्मान भारत, जन औषधि योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, कौशल विकास योजनाओं, पीएम विश्वकर्मा योजना सरीखे कार्यक्रमों पर पूरा फोकस रहेगा।

एडीसी वीना हुड्डा ने निर्देश दिए कि जनभागीदारी बढ़ाने के लिए यात्रा के दौरान हेल्थ चेकअप, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, चिरायु कार्ड, परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी इत्यादि बनवाने या त्रुटियों को दूर करने हेतू कैंप लगवाए जाए। इससे लोगों का रूझान इन यात्राओं में बढ़ेगा, ज्यादा लोग इक्ट्ठे होंगे और सरकार जो संदेश देना चाहती है वह ज्यादा लोगों तक ज्यादा सटीक तरीके से पहुंच जाएगा।

# वृद्धा आश्रम में दिव्यांगों के लिए नि :शुल्क शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**शहर के मथुरा** नगरी वृद्धा आश्रम में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक दिव्यांगजनों को जांचते हुए उनकों दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के लिए पंजीकृत किया गया। 100 से अधिक लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाते हुए अपना पंजीकरण करवाया। इस अवसर पर रेड क्रॉस की ओर से सचिव विजय लक्ष्मी, अकाउंटेंट भूपेश अग्रवाल, कार्यक्रम अधिकारी मनोज सैनी, सुनील कुमार लिपिक मौजूद रहे।

आज पंजाब से एल्मिको की टीम भी अंबाला पहुंची। इससे पहले गत दिवस बताया गया था कि एल्मिको के सहयोग से दिव्यांगजनों हेतु तिपहिया साईकिल, व्हलीचेयर, कृत्रिम अंग, कानों की मशीन व अन्य सहायक उपकरण निशुल्क उपलब्ध करवाने के लिये निरीक्षण/नापतोल शिविरों का आयोजन किया जाएगा और यह शिविर आज से 25 नवम्बर तक उपमंडल स्तर पर खंड स्तर पर आयोजित किये जाएंगे। जिला रैड क्रास सोसायटी की सचिव विजया लक्ष्मी ने बताया कि आज उपमंडल अम्बाला शहर के अंतर्गत वृद्ध आश्रम मथुरा नगरी, अम्बाला शहर में दिव्यांगजनों हेतु तिपहिया साईकिल, व्हलीचेयर, कृत्रिम अंग, कानों की मशीन व अन्य सहायक उपकरण निशुल्क उपलब्ध करवाने के लिये निरीक्षण/नापतोल शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार कल 21 नवंबर को एसडीएम कार्यालय अम्बाला छावनी में उपमंडल अम्बाला छावनी के ऐसे लोगों के लिये शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 नवम्बर को विकास खंड मुलाना व साहा के लोगों के लिये बीडीपीओ कार्यालय साहा में, 23 नवम्बर को विकास खंड बराड़ा के दिव्यांगजनों के लिये बीडीपीओ बराड़ा में, 24 नवम्बर को विकास खंड शहजादपुर के दिव्यांगजनों हेतू बीडीपीओ कार्यालय शहजादपुर में तथा 25 नवम्बर को विकास खंड नारायणगढ़ के दिव्यांगजनों के लिये नागरिक अस्पताल नारायणगढ़ में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों को रजिस्ट्रेशन के समय अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र, इन्कम सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र (राशन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड इत्यादि) तथा एक फोटो साथ लेकर आना होगा। यह सभी दस्तावेज दिव्यांगजनों को रजिस्ट्रेशन के समय जमा करवाने आवश्यक है।

**पंजीकरण**

> 8 विभिन्न सुविधाओं के लिए पंजीकृत किया गया। 100 से अधिक लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाते हुए अपना पंजीकरण करवाया

## न्यूज फ्लैश

### नाबालिग को भगाने वाले युवक पर हुआ मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी क्षेत्र एक नाबालिग युवती को भगा कर ले जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि सोनीपत के एक युवक ने नाबालिग को बहला-फुसला कर ले गया। युवक की 15 साल की नाबालिग से 3 माह पहले इंस्टाग्राम पर फ्रेंडशिप हुई थी। युवक ने नाबालिग को अपने प्यार के जाल में ऐसे फंसाया कि दूसरी बार घर से फरार हो गई। युवक नाबालिग की मां को धमकी देता है कि जो करना है कर लो, मैं लड़की को नहीं छोड़ूंगा। महिला ने महेश नगर थाने में शिकायत सौंपी है। महिला ने बताया कि उसकी बड़ी बेटी 16 नवंबर की दोपहर डेढ़ बजे बोलकर गई थी कि अपनी सहेली के घर जा रही हूं, लेकिन वापस नहीं लौटी। आरोप लगाया कि बेटी को सोनीपत का सुमित शादी करने की नीयत से बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बोर्ड परिक्षाओं के बेहतरीन परिणाम के लिए मॉनिट्रिंग बनाकर काम करने की जरूरतः अवंतिका थरेजा

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**उपायुक्त डॉ.** वीरेन्द्र कुमार दहिया के दिशा-निर्देश पर बोर्ड की परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम उपलब्ध कराने को लेकर शिक्षा विभाग ने मंथन व चिंतन प्रारंभ कर दिया है। अबकी बार परिक्षा के बेहतरीन परिणाम लाने हैं यह संकल्प लिया गया है। बोर्ड की 10वीं व 12 वीं की 2 महीने बाद होने वाली परिक्षाओं के संदर्भ में सोमवार को मॉडर्न संस्कृति सीनियर सैकेण्डरी स्कूल जीटी रोड़ के सभागार में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अवंतिका थरेजा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सभी खण्डों के बीईओ, स्कूलों के प्राचार्य, बीआरसी, एबीआरसी के अलावा विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने अपने-अपने अनुभवों के आधार पर बोर्ड की परिक्षाओं में परिणामों को कैसे बेहतरीन बना सकते हैं के बारे में सुझाव दिए। मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी ने अपने सुझावों को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के सामने रखते हुए कहा कि पहले हमें यह जानना जरूरी है कि इस स्थिति में मोनिट्रिंग कैसे करें। पहले मोनिट्रिंग रणनीति बनाकर उस पर काम करना जरूरी है। हमें यह भी जांचना होगा की स्कूलों में बच्चों की संख्या कितनी है तभी इसमें हम सफलता पा सकते हैं। सरकारी स्कूल में कम से कम 1 विशेषज्ञ चार स्कूलों को कवर करे व जिसमें अलग-अलग अधिकारी उनका सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि तीन प्रकार की विषय विशेषज्ञों के द्वारा मोनिट्रिंग करने से बेहतरीन परिणाम की उम्मीद की जा सकती है। जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया ने बताया कि विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ बोर्ड की परिक्षाओं के बेहतरीन परिणाम लाने के लिए पहले अपने आप को तैयार करें। बेहतरीन वातावरण में ही हम बेहतरीन परिणाम दे सकते हैं। तीन तरह के विशेषज्ञों द्वारा पहले पेपर बनाया जाना चाहिए। इसके संदर्भ में दिसंबर माह में पेपर कराएं व पेपर का रिकार्ड सुरक्षित रखें। उन्होंने बताया कि सिलेबस के अनुसार बच्चों की बोर्ड की परिक्षाओं की तैयारियां करवाएं। बच्चों की डायरी लगवाना भी सुनिश्चित करें व होम वर्क दें और अपना हस्ताक्षर करना न भूलें।

बैठक में विभिन्न अधिकारियों ने अपने सुझाव देते हुए कहा कि मिशन मोड में चलने पर ही हम परिक्षा के बेहतरीन परिणाम दे सकते हैं। स्कूल समय के बाद अतिरिक्त कक्षाएं लगाना भी इसका एक बेहतरीन विकल्प है। कोरोना काल के समय बनाएं गए वाहट्सएप्प ग्रुप को भी पुनः संचालित कर बच्चों को होर्म वर्क दें। इससे भी बोर्ड की परिक्षाओं के परिणाम में सुधार होगा। बैठक में शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों ने बच्चों को मोटिवेट करने के सुझाव दिए व पिछले 10 साल के पेपरों के आधार पर तैयारियां कराने का भी सुझाव दिया। विभाग के कई अधिकारियों ने मोटिवेशन की रणनीति पर काम करने का भी सुझाव दिया। कई अधिकारियों ने इस संदर्भ में प्रयोग करने व ज्यादा से ज्यादा टेस्ट लेने का सुझाव भी दिया।

# न्यू इंद्रपुरी कॉलोनी में अवैध अतिक्रमण पर चला पीला पंजा

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**



**अंबाला** में न्यू इंद्रपुरी कॉलोनी में अवैध अतिक्रमण पर पिछले महीने निगम की टीम ने कार्यवाई की और अवैध अतिक्रमण हटाया व क्रेन की मदद से पलक झपकते ही मकान धूमिल हो गए। जिसका मलवा उठाने के लिए आज नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ पहुंची और पूरा दिन मलवा उठाने का काम किया जाएगा। अंबाला शहर में फैले अवैध अतिक्रमण पर अंबाला पुलिस व निगम की टीम समय-समय पर कार्यवाई करती रहती है गौरतलब है कि बीते महीने 12 अक्टूबर को अंबाला शहर के न्यू इंद्रपुरी कॉलोनी में अवैध तरीके से बनाए गए मकानों पर नगर निगम का पीला पंजा चला था और अंबाला नगर निगम की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ पहुंच कर अवैध अतिक्रमण हटाने का काम किया था। इस दौरान पुलिस व नगर निगम की टीम को लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा था लेकिन जितने भी मकान अवैध तरीके से बनाए गए थे सभी को गिरा दिया गया था। लेकिन मकान गिरने के बाद तोड़फोड़ का सामान व मालवा वही पड़ा रहा।

# 'गो पूजन में सभी देवों की आराधना'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**गोपाष्टमी** के पावन पर्व के उपलक्ष में श्री अग्रसेन धाम कुंडली में आज गौ माता का पूजन करके उन्हें चारा गुड चूरी आदि भेंट करके मां को चुनरी अर्पण करके उनकी विधिवत आरती की गई इस अवसर पर श्री अग्रसेन धाम कुंडली कंट्रोल बोर्ड के माननीय सदस्य विजय मित्तल जी का संपूर्ण परिवार विधिवत पूजा में शामिल हुआ ' श्री अग्रसेन धाम कुंडली के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि गौ माता के पूजन में सभी देवों की आराधना है उन्होंने कहा कि गौ माता की निर्मल छाया हम सभी को धन्य करती है एवं उनके वास से जीवन की तमाम मुश्किलें समाप्त हो जाती हैं इस अवसर पर प्रमोद जिंदल, दीपक मंगला, सतीश तुषीर,आरके शर्मा, संतोष गोयल, अनु अग्रवाल, नीतू बंसल, श्रीमती स्वर्णालता, आदि अनेक भक्तों ने पूजा अर्चना की।

# मांगों को लेकर नप कर्मचारी संघ ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अपनी मांगों** को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा उपायुक्त को ज्ञापन देते हुए मांग की। प्रदेश सरकार उनकी सभी जायज मांगों को शीघ्रता के साथ माने अन्यथा कर्मचारी एक बार फिर प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। अंबाला छावनी नगर परिषद कार्यालय में कर्मचारियों की एक बैठक प्रधान सेवाराम की अध्यक्षता में हुई जिसमें सचिव वीरपाल, प्रवक्ता राहुल सुमित अनिल कुमार, विनय, संदीप शामिल हुए। बैठक में कल दिए जाने वाले ज्ञापन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में प्रधान सेवा राम ने बताया कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों के साथ दौहरी नीति अपनाएं हुए है। इसी को लेकर कल यह ज्ञापन दिया जाएगा।



उन्होंने कहा कि कर्मचारी शिक्षा सदन के नजदीक इक्ठ्ठे होगे। इसके बाद रोष मार्च करते हुए वह उपायुक्त को ज्ञापन देंगे। उन्होंने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग को लेकर इससे पहले भी कई बार सरकार से मांग लगाई जा चुकी है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि 29 अक्तूबर को हुए समझौते को सरकार जल्द ही लागू करें। हाल ही में गुडगांव में 3584 कर्मचारियों को जो छटनी की गई है उस छटनी को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए तथा उक्त कर्मचारियों को वापिस लिया जाए।

उन्होंने बताया कि इससे पहले भी गत दिवस अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने निकाय मंत्री कमल गुप्ता के निवास के बाहर सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया था। अम्बाला के सफाई कर्मचारी भी इस महापड़ाव में पहुंचे थे। कर्मचारियों की मुख्य मांग है कि अग्निशमन को निकाय विभाग से अलग न करना। दमकल विभाग में 2063 फायर ओपरेटर की भर्ती पर रोक लगाने और 1327 फायरमैन व चालकों को समायोजित करने तक नौकरी की गारंटी देना। मैनपावर के ठेकों पर लगे सफाई कर्मचारियों व सीवर मैन को विभाग में रोल पर करना। सफाई कर्मचारियों को एक हजार रुपये स्वच्छता राशि और दमकल कर्मचारियों को एक हजार रुपये जोखिम भत्ता देना। पात्र कर्मचारियों को समान काम समान वेतन देना।

# एक दिवसीय राज्य स्तरीय छात्र संगोष्ठी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**



**भारतीय** भाषा दिवस 2023 की कड़ी में दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में एक दिवसीय राज्य स्तरीय छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस संगोष्ठी के विषय भारतीय ज्ञान परंपरा में भारतीय भाषाओं का योगदान तथा आत्मनिर्भर भारत निर्माण प्रक्रिया में भारतीय भाषाओं का योगदान रहे।

इस संगोष्ठी में आई.बी. पीजी महाविद्यालय की छात्रा पूजा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज एवं माता-पिता का नाम रोशन किया प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी देश की आत्मनिर्भरता में उस देश की भाषाओं का भी बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान होता है। देश की भाषाएं उसकी संस्कृति, स्मिता, अस्तित्व, इतिहास तथा गौरव का बोध कराते हुए वहां के नागरिकों को स्वावलंबी, परिश्रमी,अनुशासित, देशप्रेमी तथा स्वदेशी बनाने की प्रेरणा देती है। हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ.शशि प्रभा ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि भारत विश्व के उन अनोखे देश में से एक है जिसे भाषाई विविधता सहज रूप में विरासत में मिली है।

भारत में 121 से अधिक ऐसी भाषाएं हैं जिनके 10000 से अधिक बोलने वाले पाए जाते हैं । उपयुक्त 121 भाषाओं में से 22 प्रमुख भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता प्रदान की गई है । इसके अतिरिक्त 99 अन्य भाषाओं को भी पठन-पाठन,व्यापार, मीडिया इत्यादि में उपयोग हेतु मान्यता प्रदान की गई है।

# ग्राम पंचायत और ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा ग्राम सभा का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत जिले** के नामुंडा समुदाय में ग्राम पंचायत और ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। समूदाय की और से पहल करते हुए ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसके तहत सरपंच नफीस द्वारा भविष्य की योजनाओं को बात की गई और में ग्रामीण स्तरीय बाल सुरक्षा समिति का गठन किया गया।

ग्रामसभा में सरपंच नफीस ने कहा की गांव में सभी लोगो को अपनी बेटियो को पढ़ाना चाहिए जिस से हमारा समाज और आगे बढ़े। सरपंच नफीस ने अपनी बात रखते हुए कहा कि यह कमेटी सिर्फ कागजों में ही नहीं बनेगी यह ग्राम स्तर पर कार्य करेगी । इस कमेटी के सभी सदस्यों की जिम्मेदारी बराबर है वह अपनी जिम्मेदारी को समझे। ब्रेकथ्रू से मुकेश ने कहा की गांव को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी गांव के लोगो की होती है।आप सभी गांव वालो को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए की हमारी बहन बेटियां सुरक्षित रहे। ब्रेकथ्रू से ही कुलदीप ने कहा की यह ग्रामीण स्तरीय बाल सुरक्षा समिति गांव में बच्चो और महिलाओ की सुरक्षा के लिए बनाई गई है। जिस भी महिला या बच्चे के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा और भैदभाव होगा तो इस समिति की जिम्मेदारी होगी की वह उसका समाधान करे। नामुंडा सरकारी स्कूल से जसबीर सर ने कहा कि गांव को सुरक्षित करने की जिम्मेदारी गांव के लोगों की ही है अगर वह लोग अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे तो गांव अपने आप सुरक्षित हो जाएगा इसलिए इस कमेटी का बनना बहुत जरूरी है।

गांव के कुछ यूथ साथियों ने सरपंच जी को गांव में ही लाइब्रेरी बनवाने को लेकर बातचीत की जिसमे सरपंच ने गांव में आए हुए ग्रांट से जल्दी ही गांव में लाइब्रेरी बनवाने को लेकर कहा। ब्रेकथ्रू से मुकेश, कुलदीप और इंद्रजीत शामिल रहे।

# पिपली में 23 को किसान करेंगे जन आक्रोश रैली

## भारतीय किसान यूनियन चंढूनी ग्रुप लंबे समय से तैयारियों में भी जुटा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**23** नवंबर को पिपली में किसान अपनी मांगों को लेकर एक बडी रैली करेंगे। इस रैली को लेकर भारतीय किसान यूनियन चंढूनी ग्रुप लंबे समय से तैयारियों में भी जुटा हुआ है। किसान गांव-गांव जाकर इस रैली में आने का न्यौता दे रहे है। किसानों का कहना है कि सरकार से लंबे समय से वह अपनी मांगों को लेकर संघर्ष करते आ रहे है।



भारतीय किसान यूनियन चंढूनी ग्रुप संयुक्त गन्ना संघर्ष कमेटी द्वारा आज गांव डौकला, पटवी, धनौरा, फिरोजपुर, रामपुर, कोडवा खुरर्द, नगला नानकू सहित अनेक गांवों का आज भी तूफानी दौरा जारी रहा जिसमें किसानों ने गांव-गांव जाकर लोगों को बताया कि किसान की हालत बेहद खराब होती जा रही है। फसल का प्रर्याप्त मूल्य भी किसानो को नहीं मिल रहा।

इससे पहले गुरनाम सिंह चढूनी कह चुके है कि भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) 23 नवंबर को कुरुक्षेत्र के पिपली में जन आक्रोश रैली कर रही है, जिसमें देशभर से किसान, मजदूर, बेरोजगार युवा व महिलाएं भाग लेंगी। चढूनी ने संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक गांव में कमेटी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि धान खरीद के सीजन के दौरान फर्जी पोर्टल दर्ज करके करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया है, जिसके लिए सीधे तौर पर मार्केटिंग बोर्ड, रेवेन्यू विभाग, खरीद एजेंसियों सहित फर्जी तौर पर बनाई गई फर्म भी शामिल है। उन्होंनें कि भाकियू (चढूनी) सरकार से मांग करती है कि फर्जी गेट पास घोटाले व राइस मिलों में धान के करोड़ों रुपए के फजीवाड़ें की सीबीआई से जांच होनी चाहिए।

# वार्ड 07 में 33 लाख की लागत से बनेगी पंचायती धर्मशाला

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**पानीपत के** वार्ड 07 में 33 लाख की लागत से पंचायती धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा, निर्माण कार्य का शुभारंभ वार्ड 07 के स्थानीय जनों की उपस्थिति में विधायक प्रमोद कुमार विज की धर्मपत्नी नीरू विज , मेयर अवनीत कौर और पार्षद अशोक कटारिया ने श्रीफल तोड़ कर किया शिलान्यास के दौरान स्थानीय जनों के द्वारा भारत माता की जय एवं भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रमोद विज की धर्मपत्नी नीरू विज ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु पूर्ण प्रयास किए जा रहे है, मुख्यमंत्री मनोहर लाल की चिरायु आयुष्मान योजना हो या वृद्धा पेंशन जैसी गरीब कल्याण हेतु अन्य योजनाएं, अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को संबल प्रदान कर रही है क विधायक विज दिनरात शहर के विकास हेतु प्रयासरत है कवार्ड में विकास कार्यो हेतु पार्षद अशोक कटारिया ने विधायक प्रमोद विज और मेयर अवनीत कौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक और मेयर के नेतृत्व में उनके वार्ड में सतत नए कार्य हो रहे है, वार्ड में विकास कार्य हेतु विधायक का पूरा सहयोग मिलता है।

# अवैध पार्किंग यातायात में डाल रही है खलल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश की राजधानी** दिल्ली में अवैध पार्किंग अब लोगों के गले की हड्डी बन चुकी हैं। दिल्ली का कोई सा भी हिस्सा हो, सभी जगह अवैध पार्किंग से राहत पाना लोगों के लिए एक सपने जैसा हो गया हैं।

यहां पर हम बात कर रहें है त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड नंबर-63 की।

**लोगों का पैदल निकलना भी हुआ जंग लड़ने जैसा:** मिली जानकारी के अनुसार त्रीनगर की गली कूचों में लोगों ने अवैध पार्किंग कर जहां एक ओर तो सड़कों को संकरा कर दिया है वहीं दूसरी ओर लोगों का पैदल निकलना भी दूभर हो गया हैं। जहां एक ओर तो लोगों की सुविधा के लिए प्रशासन की ओर से गाड़ी पार्किंग की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई हैं, वहीं दूसरी ओर लोग सड़को पर गाड़ी बेतरतीब खड़ी करके चले जाते है जिससे कि दूसरे वाहन का निकलना तो दूर की बात है पैदल निकलना भी जंग लडने जैसा हो गया हैं।

**सड़कों पर लगता हैं घंटो का जामः** कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के पास तो अवैध पार्किंग इस कदर हो गई है कि लोगों ने अपने वाहन इस तरह पार्क किए हुए हैं कि सड़क का आधा हिस्सा अवैध पार्किंग की जद में आ चुका हैं। जिससे जहां एक तो लोगों को निकलना मुश्किल हो चुका हैं। खासा परेशानी देवाराम पार्क, लेखू नगर, शांती नगर, परशुराम चौक, शंकर चौक, रामपुरा, कन्हैया नगर में अवैध पार्किंग की वजह से सड़कों पर लंबा जाम लग जाता हैं जिससे कि कन्हैया नगर मेट्रों स्टेशन से आजाद पुर, एनएसपी, रोहिणी तक मिंटो का सफर घंटो में तय करना पड़ता हैं।

**क्या कहते है लोग...**

**मुकेश गांधी (भाजपा नेता)** ने बताया कि दिल्ली सरकार या फिर आप शासित नगर निगम की ओर से त्रीनगर में लोगों की सुविधा को ध्यान में रखकर पार्किंग की कोई भी उचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे की लोग अपने वाहन को पार्किंग में खडा कर सके जिससे कि सड़को पर जाम लगना बंद हो और लोगों को भी अवैध पार्किंग के चक्कर में असुविधाओं का सामना न करना पड़ें। आप सरकार लोगों को जानबूझ कर परेशान कर रहीं हैं, केजरीवाल सरकार को जनता से कतई भी सरोकार नहीं हैं।

**राजेंद्र जिंदल प्रधान जय माता मार्किट आरडब्ल्यूए** ने बताया कि त्रीनगर में अवैध पार्किंग लोगों के लिए जी का जंजाल बन चुकी हैं, शंकर चौक से परशुराम चौक तक अवैध पार्किंग का ही बोलबाला है।

उन्होंने बताया कि मामले में समस्या को लेकर हमने कई बार थाने व संबंधित प्रशासन को शिकायत भी कर चुके है, बावजूद इसके समस्या का कोई हल नहीं निकाला गया। सरकार की और से पार्किंग की उचित व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे कि जाम की समस्या से राहत मिल सकें।

# सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला महापर्व है छठ: संजय गिरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** विभिन्न जाति धर्मों के व्यक्तियों का निवास स्थान होने के कारण यहाँ अनेको त्योहार भी मनाएं जाते हैं। भारत में ऐसे कई पर्व हैं जो बेहद कठिन माने जाते हैं और इन्हीं पर्वो में से एक पर्व है छठ पूजा। पूर्वांचल, बिहार ,रांची ,झारखंड एवं देश विदेश के उन तमाम प्रदेशों में रहने वालें प्रवासियों का महापर्व "छठ-पूजा "बड़ी आस्था व धूमधाम से मनाया जाने वाला त्यौहार है। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के छठे दिन को मनाया जाने वाला यह व्रत लोक आस्था का पर्व सूर्यदेवता को पानी में खड़े हो कर सूर्यास्त होते समय एवं अगली सुबह सूर्योदय अर्घ देते हुए मनाया जाता है। करतार नगर में रहने वाले कवि पत्रकार एवम चित्रकार संजय कुमार गिरि ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने परिवार एवम पत्नी सहित अपने घर की छत पर ही छठ पूजा बहुत ही धूमधाम से की। बेटों की लंबी आयु एवम स्वास्थ जीवन की कामना को पूर्ण करने वाला व्रत अर्थात भारतीय नारी के समर्पण, त्याग, महानता एवं पति परायणा को व्यक्त करने वाला एक महापर्व है।

# वजीरपुर क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया छठ पर्व

## सच्चे मन से करें छठ मईयां की पुजा, पूरी होगी आराधना: देवराज कोली





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर विधानसभा** क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाको में कई जगहों पर छठ पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। जहां एक और छठ घाटों पर पूजा का माहौल रहा, वहीं घरों में भी भक्तों ने पूजा अर्चना की। इस मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश के कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग, पूर्व निगम पार्षद देवराज कोली, पूर्व निगम पार्षद सुरेश भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोग छठ घाट पर पहुंचे और छठी मईयां का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश के कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने सभी को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। पूर्व पार्षद देवराज कोली ने बताया कि बड़े ही भव्य रूप में आज देश में छठ पूजा का पर्व मनाया जा रहा है, मैं सभी को छठ पर्व की बधाई देता हूं और छठ मईयां से प्रार्थना करता हूं कि छठ मईया सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये।

# हैदरपुर छठ घाट पर धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के हैदरपुर स्थित छठ घाट पर बहुताय की संख्या में भक्त मौजूद रहे और छठ मईया की पूजा-अर्चना की। आपको बतादें कि छठ घाट पूरी तरीके से रोशनी से जगमगा रहा था। सभी भक्त छठी मईया की पूजा कर रहे थे। इस मौके पर शालीमार बाग के युवा नेता राज कुमार चौधरी ने बताया कि छठ मईया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती है। बस जरूरत है, सच्चे मन से छठ मईया की आराधना करने की। उन्होंने वहां पर मौजूद छठ व्रतियों को छठ पर्व की बधाई दी और कहा कि मैं छठ मईया से प्रार्थना करता हूं कि छठ मईयां सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये और सभी खुशहाली भरा जीवन व्यतीत करें। इस मौके पर महेंद्र पाल सिंह, समाजसेवी राजकुमार चौधरी, शिवम कुमार, शिवराज कुमार, शिवानी कुमारी, रानी कुमारी, पीतांबर मुखिया मौजूद रहे।



छठ पूजा कार्यक्रम के दौरान सम्मानित होते हुए पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर साथ में है भाजपा जिला अध्यक्ष पूर्वांचल मोर्चा अविनाश सिंह व अन्य।

# छठी मैया सभी की मनोकामनाएं करती हैं पूर्ण: सुभाष झा







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श नगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई छठ घाटों पर जाकर धीरपुर वार्ड के भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष झा ने छठी माता का आशीर्वाद लिया और छठव्रतियों को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुभाष झा के साथ कई लोग भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर सुभाष झा ने कहा कि छठी मैया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं बस सच्चे मन से उनकी आराधना करने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे बताया कि जो भक्त सच्चे मन से छठी मैया की आराधना करता है, छठी मैया उसके दुख हर लेती हैं और उसके जीवन में खुशियों का संचार होना शुरू हो जाता है, इसलिए सभी भक्तों को मैं छठ पर्व की हार्दिक बधाई देता हूं। और यह भी अपील करना चाहूंगा कि सभी अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति, सभ्यता और हमारे जो तीज त्योहार हैं उनके बारे में विस्तार रूप से जानकारी दें जिससे कि आने वाली हमारी पीढ़ी हमारे तीज और त्योहारों को बेहतर तरीके से जान सके।

# भलस्वा छठ घाट पर व्रतियों ने दिया सूर्य को अर्घ्य





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी दिल्ली** के भलस्वा झील स्थित छठ घाट पर छठ महापर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छठ व्रतियों ने पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मनोज कुमार ने कहा कि हम सभी को सच्चे मन से छठी मईयां की आराधना करनी चाहिए। जो भक्त सच्चे मन से छठी मईयां की आराधना करता है, छठी मईया उसकी अवश्य ही सुनती है। इस मौके पर मनोज राय, सनोज राय, सन्जू, प्रिन्स, बादल, महक, मुस्कान, यस सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली नगर निगम के खिलाफ परिषद ने की भूख हड़ताल



**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली/ महेंद्र सिंह**
**आप शासित** दिल्ली नगर निगम में सफाई कर्मचारियों को नियमित करने के नाम पर चल रहे भ्रष्टाचार को लेकर राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद के बैनर तले कर्मचारियों ने दिल्ली के गांव बरवाला स्थित अंबेडकर पार्क में एक दिवसीय भूख हड़ताल की। इस भूख हड़ताल का आयोजन परिषद के अध्यक्ष दलीप कुमार बरवाला के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उनके साथ अनेक कर्मचारी भी उपवास पर बैठे। जानकारी के अनुसार उपवास पर बैठने वाले कर्मचारियों में बरवाला पंचायत 360 के प्रधान दयाचंद थानेदार ने दलीप को माला पहनाकर उन्हें बधाई देते हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं बरवाला पंचायत 360 के संस्थापक एंड सुप्रीमो एनपीपीएस रामकिशन पूनिया ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध उपवास पर बैठने वालों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग की तरह ही अन्य कर्मचारियों और मजदूरों के लिए भी "सफाई कर्मचारी चार्टर्स" लागू किया जाना चाहिए, जिससे एक समय बद्ध तरीके से मजदूर और सफाई कर्मचारियों का कार्य समय पर हो सके। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध सार्वजनिक रूप से आवाज उठाने वाला दिल्ली नगर निगम के मजदूरों और सफाई कर्मचारियों का यह पहला संगठन है। दिल्ली नगर निगम शिक्षा विभाग में शिक्षक संगठनों ने 2011 में लंबी लड़ाई लड़ने के बाद टीचर्स चार्टर्स/शिक्षक लोकपाल लागू कराया था।

इस अवसर पर राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद के अध्यक्ष दलीप कुमार बरवाला ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में सफाई कर्मचारियों को पक्का किए जाने में भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है, इसी के विरोध में आज हम उपवास पर बैठे हैं।

# पीतमपुरा: झील पार्क छठ पूजा महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पीतमपुरा के** रानी बाग स्थित झील पार्क में धूमधाम से छठ पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में आस-पास के क्षेत्रों से हजारों लोगों ने भाग लिया।

झील पार्क छठ पूजा समिति के अध्यक्ष आरके जायसवाल ने बताया कि छठ पूजा का यह महोत्सव पिछले 20 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में छठ पूजा के सभी विधानों का पालन किया जाता है। डूबते हुए सूरज और उगते हुए सूरज को अर्घ्य देने के साथ-साथ व्रतियों ने स्नान भी किया।

इस अवसर पर भोजपुरी और मैथिली रंगारंग प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में कई भोजपुरी और मैथिली कलाकारों ने अपने गीतों और नृत्यों से लोगों का मनोरंजन किया। छठ पूजा महोत्सव में भाग लेने वाले लोगों ने बताया कि यह महोत्सव उनके लिए एक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है। इस महोत्सव के माध्यम से वे छठ माता की पूजा करते हैं और उनकी कृपा से अपने परिवार और समाज के लिए सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हैं।

# राजनैतिक दल गांवों पर थोपे हाउस टैक्स पर स्थिति स्पष्ट करें: थान सिंह यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पंचायत** संघ ने पंच प्रमुखों कि बैठक में एमसीडी की ओर से गांवों में पिछला वर्ष 2004 से हाऊस टैक्स जमा कराने के नोटिस भेजने व संपत्ति सीलिंग के विरोध में आंदोलन करने का ऐलान किया है। राजनैतिक दलों से मांग कि गांवों में थोपे जा रहे हाऊस टैक्स पर अपनी राय स्पष्ट करें।

हाल ही में नगर निगम ने गांवों के हाउस टैक्स पर जो प्रस्ताव पास कर निगमायुक्त को भेजा उसे स्पष्ट करें। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने नोटिस भेजने व संपत्ति सील के निर्णय को ग्रामीण विरोधी करार दिया है। क्योंकि एक ओर दिल्ली नगर निगम पिछला हाउस टैक्स माफ करने की योजना लाई थी। दूसरी ओर राजनैतिक दल समय-समय पर गांवो का हाउस टैक्स माफ करने का ऐलान कर चुके हैं। इसके बावजूद ग्रामीणों के पास भारी-भरकम हाउस टैक्स के नोटिस भेजे जा रहें हैं। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि गांवों में नोटिस भेजने व संपति सील करने पर पंचायत संघ जल्द नगर निगम मुख्यालय का घेराव करेगा। इसके अलावा गांवों का हाउस टैक्स माफ, भवन उपनियम से मुक्ति, सील संपत्ति खोलने, गांवों को व्यवसायिक श्रेणी में करने के संबंध में नगर निगम में प्रस्ताव पास कराने और योजना लाने के लिए वह राजनैतिक दलों व दिल्ली देहात व ग्रामीण पृष्ठभूमि के पार्षदों पर दबाव बनाएंगे। क्योंकि नोटिस आने पर गांवों में आक्रोश बढ़ रहा है।

# नशे पर अंकुश लगाने तथा महिला सुरक्षा, साइबर व हत्या पर अंकुश लगाने के निर्देश

**समीक्षा बैठक**

**8 पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने आज सेक्टर 12 में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक की। बैठक में अपराध, कानून एवं व्यवस्था व अन्य मुद्दों से संबंधित विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में ज्वाइंट सीपी ओपी नरवाल, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, डीपीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा, डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ, डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल, एसीपी हेडक्वार्टर अभिमन्यु गोयत सहित सभी एसीपी, महिला व ट्रैफिक थाना सहित सभी थाना प्रबंधक, सभी चौकी प्रभारी, क्राइम ब्रांच व कार्यालय के सभी ब्राचं इंचार्ज और संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।
पुलिस आयुक्त ने मीटिंग के दौरान नशा तस्करी, महिला सुरक्षा, हत्या, साइबर अपराध जैसे गंभीर मुद्दों की समीक्षा करते हुए पुलिस के उच्च अधिकारियों को इनपर अंकुश लगाने तथा आमजन के बीच अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक वारदात घटित होने पर एरिया के थाना प्रभारी तथा एसीपी दोनों तुरंत मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना करें तथा अपराधी की जल्द से जल्द धरपकड़ कर उसे सलाखों के पीछे पहुंचाएं ताकि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास सुदृढ़ हो और वह सुरक्षित महसूस कर सकें।
पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जो केस काफी समय से पेंडिंग हैं उनकी समीक्षा करें तथा उनमें देरी के कारण जानकार उसका तुरंत समाधान करें तथा 3 महीने, 6 महीने तथा 1 साल से अधिक वाले मामलों में त्वरित कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के साथ विनम्र व्यवहार किया जाए। थाने में आने वाले हर व्यक्ति की सुनवाई हो और उसकी शिकायत पर तुरंत निष्पक्ष एवं न्यायोचित कार्यवाही की जाए। पीड़ित को उनके केस के बारे में सारी जानकारी दें। उनकी शिकायत दर्ज होने से लेकर के जब तक चालान पेश होता है पीड़ित के साथ खड़े रहे तथा उन्हें मामले की सारी जानकारी स्पष्ट पूर्ण तरीके से दें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही ने नहीं बरतें और हत्या, दुष्कर्म लूट, डकैती जैसे जगन्य अपराधों में अपराधियों के खिलाफ तुरंत एक्शन ले तथा संदिग्ध मामलों में थाना व चौकी प्रभारी अपने उच्च अधिकारियों को तुरंत सूचित करें।
अनेक विषयों तथा आपराधिक आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा विस्तृत विचार विमर्श किया गया जिनमें आपराधिक आंकड़ों के साथ-साथ स्थानीय एवं विशेष प्रावधानों के तहत आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम करना, लंबित उदघोषित अपराधी, बेल जंपर, मोस्ट वांटेड तथा आपराधिक गिरोह में शामिल दोषियों की धरपकड़ के लिए की गई कार्यवाही, मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त दोषियों की संपत्ति को अटैच करने की कार्रवाई, दर्ज आपराधिक मामलों की जांच पड़ताल की कार्यवाही, चिन्हित अपराधों की रोकथाम के लिए निगरानी, मादक एवं नशीले पदार्थों, जुआ सट्टा, अवैध शराब की तस्करी तथा अवैध असला को पकड़ने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के दौरान की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई तथा अपराध की दृष्टि से संवेदनशील एरिया में पुलिस की मौजूदगी एवं निगरानी इत्यादि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। पुलिस कमिश्नर श्री राकेश कुमार आर्य ने बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि अनुसंधान के दौरान मामलें की हर पहलू से जांच करे। गैंगस्टर व अपराधियों की धरपकड़ के अतिरिक्त कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था व अन्य सामान्य ड्यूटियों के दौरान भी आधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जाए। नाकाबन्दी के दौरान वाहनों की गहनता से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि संगीन किस्म के अपराधों से जुड़ी शिकायतों की गहनता से जांच करके त्वरित कार्रवाई की जाए। इसके अलावा नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने जिला के मोस्टवांटेड इनामी अपराधियों को पकड़ने के लिए गम्भीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आर्म्स एक्ट , एनडीपीएस एक्ट व जघन्य किस्म के मामलों की गहनता से जांच करने व केस की तह तक जाने व सोर्स का पता लगाने के निर्देश दिए ताकि अपराधियों के नेटवर्क का पता चल सके व प्रभावी कार्रवाई कर अपराध की पुनरावृति को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि अपराध की रोकथाम के लिए निरंतर गश्त करें। दुष्चरित्र एवं असामाजिक शरारती तत्वों पर निगरानी रखे तथा उनके खिलाफ निवारक कार्यवाही करें। आदतन अपराधियों व उनके सहयोगियों को जो जेल से बाहर आए उन पर निगाह रखी जाए।
सभी थाना प्रबंधकों, चौकी प्रभारियों को अपने-अपने एरिया के सभी बदमाशों /अपराधियों के संबंध में पूरी जानकारी होनी चाहिए। किसी भी क्रिमिनल के साथ सहयोग या मिलीभगत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आपराधिक मामलों की समीक्षा करके उनपर अंकुश लगाने

## संक्षिप्त खबरें

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत क्राइम ब्रांच कैट ने 4 वर्ष से लापता 35 वर्षीय युवक की तलाश कर किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य व डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए



क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने 4 वर्ष से लापता युवक को तलाश करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि वर्ष नवंबर 2019 में युवक के परिजनों ने ओल्ड थाने में शिकायत दी थी इसमें उन्होंने बताया कि वह 21 अक्टूबर 2019 से लापता है और उसे उन्होंने उसे तलाश करने की बहुत कोशिश की परंतु उन्हें उसका कहीं पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि आसपास के एरिया में हर जगह तलाश की तथा अपने सगे संबंधियों से भी इसके बारे में पूछताछ की परंतु उन्हें इसकी कोई खबर नहीं मिली। थाने में मुकदमा दर्ज करने के बाद युवक की तलाश के लिए टीम गठित करके आसपास के एरिया में भेजा गया और सीसीटीवी फुटेज तथा तकनीकी के आधार पर युवक की तलाश की गई परंतु उसके उसका कोई सुराग नहीं लगा। क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए सूत्रों की सूचना के आधार पर युवक के फरीदाबाद कंपलेक्स एरिया में पता लगाया और उसे सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में करने पर उसने बताया कि वह अपने परिजनों से नाराज होकर घर से निकल गया था। युवक को समझा बुझाकर उसके परिजनों के हवाले किया गया जिसपर उसके परिजनों ने क्राइम ब्रांच कैट का तहे दिल से धन्यवाद किया है।

### नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने तथा दुष्कर्म करने के मामले में 4 महीने से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने राजस्थान के डीग से किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना एनआईटी तथा क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम कन्हैयालाल(28) है जो राजस्थान के डीग एरिया में स्थित मऊ गांव का रहने वाला है। 27 जुलाई 2023 को एनआईटी थाने में अपहरण की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी एक 16 वर्षीय नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। थाना पुलिस तथा क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने मामले में संयुक्त कार्रवाई करते हुए पीड़ित लड़की को पहले ही अगस्त माह में बरामद कर लिया परंतु आरोपी पिछले 4 महीने से फरार चल रहा था जिसे पुलिस द्वारा गुप्त सूत्रों तथा तकनीकी की सहायता से राजस्थान के पसोपा गांव से गिरफ्तार किया गया है। मामले में पोक्सो एक्ट की धाराएं जोड़कर पूछता शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पेंटर का काम करता है जो वर्ष 2021 में सेक्टर 21 में किराए के मकान पर रहने आया था जहां पर पड़ोस में ही नाबालिक लड़की रहती थी जहां पर आरोपी ने लड़की के साथ बातचीत करना शुरू किया और उसके साथ दोस्ती बढ़ने लगा। जुलाई 2023 में आरोपी लड़की को अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया तथा जैसे ही उसे पता चला कि पुलिस उसके पीछे है तो वह पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए फरार हो गया जिसे पुलिस ने काबू कर लिया है। आरोपी के खिलाफ यूपी के मथुरा में दहेज का एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर दिव्यांग घायल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
रेलवे ओवरब्रिज के निकट रेलवे ट्रैक पार करते समय 22 वर्षीय एक दिव्यांग ट्रेन की चपेट में आ कर गंभीर रूप घायल हो गया। सूचना पर गन्नौर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत इलाज के लिए खानपुर मेडिकल में दाखिल करवाया। जहां वह फिलहाल उपचाराधीन है। जीआरपी चौकी प्रभारी एसआई सुरेश कुमार ने बताया कि शेखपुरा निवासी जोगिंद्र पैर से दिव्यांग है। जोगेंद्र खानपुर मेडिकल में आक्सीजन प्लांट में नौकरी करता है। अगले महीने उसकी शादी है। सोमवार को जोगिंद्र किसी काम से गन्नौर आया था।

# नमो श्रद्धा और सेवा ही हमारा लक्ष्य है: युवा नेता अमन गोयल

**त्यौहार**

**8 गोयल के मार्गदर्शन मे उनकी टीम द्वारा फरीदाबाद के पूर्वांचल का त्यौहार अनोखे तरिके से मनाया गया**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल के मार्गदर्शन मे उनकी टीम द्वारा फरीदाबाद के पूर्वांचल का सबसे बड़ा त्यौहार अनोखे तरिके से मनाया गया। पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल द्वारा नमो श्रद्धा और सेवा भाव के तहत फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के दस से ज्यादा अलग -अलग एरिया मे हजारों श्रद्धालुओं कों चाय का प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें महिलाओ ने सुबह 6 बजे सूर्य भगवान कों अर्ग देने के बाद चाय के प्रसाद से छठ मैया का व्रत खोला।इस अवसर पर पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल की तरफ से नमो श्रद्धा और सेवा के तहत विधानसभा बड़खल, तिगांव, डबुआ कॉलोनी एन आई टी, बल्लबगढ़ और ओल्ड फरीदाबाद विधानसभा के अंदर चाय के प्रसाद का वितरण करने का स्टॉल लगाया। इन सभी कार्यक्रमों मे उनके भतीजे अमन गोयल ने हिस्सा लेकर सभी श्रद्धालुओं कों छठ की बधाई और शुभकामनायें दी। इस अवसर पर पहुँचे युवा भाजपा नेता अमन गोयल ने सभी आयोजकों का भव्य कार्यक्रम के लिए हौसला अफजाई की और धन्यवाद किया। इस मोके पर अमन गोयल ने सभी श्रद्धालुओं की छठ मैया से मनोकामना पूर्ण हों ऐसी प्रार्थना भी की। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा बड़खल में सूरजकुण्ड, तिगांव के सेक्टर- 29 मे बायपास रोड पर, ओल्ड फरीदाबाद के बराही तालाब मे स्थित छठ घाट, एनआईटी डबुआ मे स्थित सूर्य मंदिर, भोजपुरी अवधि समाज द्वारा आयोजित छठ मेला डबुआ एनआईटी व सेक्टर 3 के नए पुल पर नहर के साथ व बायपास रोड पर सेक्टर-8 स्थित छठ पूजा आयोजनों पर युवा भाजपा नेता अमन गोयल ने शिरकत की व नमो श्रद्धा और सेवा के तहत अपने हाथो से चाय का प्रसाद वितरित किया व उसके बाद सभी घाट पर निजी कर्मचारियों से सफाई करवाने का काम भी किया। इस मोके पर युवा भाजपा नेता अमन गोयल ने मंच से सम्बोधित करते हुए कहा की छठ हिन्दू धर्म मे एक बहुत बड़ा और श्रद्धा से मनाया जाने वाला पर्व हैं जो बिहार और उत्तर प्रदेश मे ही नहीं बल्कि आज पुरे देश मे कोने कोने मे बड़े उल्लास के साथ मनाया जाता हैं।

# प्रधानमंत्री जी ने झाड़ू उठाया और देश को स्वच्छता का संदेश दिया: राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने गांव शाहाबाद में मेरा गांव मेरा अभिमान अभियान की शुरूआत की। उन्होंने यहां पर लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। जहां पहुंचने पर उनका स्थानीय ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया।
विधायक राजेश नागर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झाड़ू उठाई और लोगों को स्वच्छता का महत्व दोबारा याद दिलाया। आज देश में स्वच्छ भारत अभियान के नाते लोग



स्वच्छता की तरफ तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं, लेकिन स्वच्छता हम सबको अपनानी होगी। नागर ने कहा कि साफ सफाई का काम केवल सरकारी विभागों और जनप्रतिनिधियों के सहारे नहीं छोड़ा जा सकता है। यह काम हम सबको मिलकर करना होगा। विधायक नागर ने कहा कि कूड़ा फैलाने के लिए कोई बाहर से व्यक्ति नहीं आता है। यह समस्त कूड़ा हम लोग खुद ही फैलाते हैं।

## ट्रक ने गाड़ी को टक्कर मार कर गाड़ी को घसीटा, गाड़ी चालक घायल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
जीटी रोड पर हलदाना बार्डर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने गाडी डिवाइडर से जा टकराई। इसके बाद ट्रक गाड़ी को घसीटते हुए फ्लाईओवर पर ले गया जहां गाड़ी पलट गई। इस हादसे में गाड़ी चालक घायल हो गया। घायल गाड़ी चालक ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी। शिकायत में अलवर, राजस्थान हाल डकौत महौल्ला, पुलिस चौकी, रामनगर, करनाल निवासी श्याम सुंदर ने बताया कि वह बिगहोर्न सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बतौर गाड़ी चालक कार्यरत है।

## भारतीय मजदूर संघ से संबंधित पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर कार्यालय पर किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर आगेर्नाईजेशन हरियाणा ने अपना मांग पत्र केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सेक्टर 28 स्थित कार्यालय पर उनकी अनुपस्थिति में उनके ओएसडी डॉ कौशल बाठला को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महामंत्री जगदीश प्रसाद ने बताया कि हमने सर्वप्रथम हरियाणा प्रदेश में कार्यरत ट्यूबवेल ऑपरेटर को विकास एवं पंचायत विभाग के अंतर्गत लाकर अप्रैल 2020 से न्यूनतम वेतन का लाभ दिया जाने पर प्रदेश एवं देश की भाजपा सरकार का आभार प्रकट किया है। आशा करते हैं कि हमारी निम्नलिखित मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उन्हें पूरा करने की अनुकंपा करेंगे। कोषाध्यक्ष प्रमोद गोयल ने बताया कि हमारी मुख्य मांगें इस प्रकार हैः गत वर्ष 20 अक्टूबर 2022 को अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास एवं पंचायत विभाग की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए निर्णयों जैसे एढत्र्र्र एरक् ए७- ऋ्र्र्३ इत्यादि की अनुपालन करवाई जावे। सभी जल कर्मियों को नियमित किया जावे तथा जब तक नियमित नहीं किया जाता तब तक ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की भांति 15000 मासिक वेतन दिया जावे और समय-समय पर न्यूनतम वेतन में जो बढ़ोतरी हुई है उसका बकाया भी दिया जावे। सभी जल कर्मियों को रेनकोट, वर्दी तथा धुलाई भत्ता दिया जावे। सभी जल कर्मियों को महीने की 7 तारीख तक वेतन का भुगतान सुनिश्चित करवाया जावे,सभी प्रकार के अवकाश देने का भी प्रावधान हो। कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी अधिनियम 1972 के प्रावधानों अनुसार ग्रेच्युटी का भुगतान किया जावे। जिन पंचायतों को नगर पालिका, नगर परिषद तथा नगर निगम में सम्मिलित कर लिया गया है उन पंचायतों के जल कर्मियों को उपरोक्त स्थानीय निकायों में समायोजित किया जावे तथा इस प्रक्रिया के दौरान जो वेतन बकाया है उसका भुगतान करवाना सुनिश्चित किया जाए।

# प्राचीन हनुमान मंदिर सैक्टर-22 के प्रांगण में मनाया गया छठ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** प्राचीन हनुमान मंदिर सैक्टर-22 के प्रांगण में महापर्व छठ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता भारत भूषण शर्मा, विशिष्ठ अतिथि के रूप में समाजसेवी नवीन चौधरी, विशेष रूप से युवा कांग्रेस नेता आनन्द राजपूत (सारन), एडवोकेट हरीश पाराशर, इंजीनियर करण पाराशर, डा. विंध्या गुप्ता, मुख्य पुजारी सीताशरण तिवारी, राकेश तिवारी, अमित, लक्ष्मण, उत्तम मिश्रा, शत्रुघन गुप्ता, महेन्द्र शर्मा, रमेश भारद्वाज, त्रिपुरेश मिश्रा मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधान गंगेश तिवारी, आयोजक मिथिलेश मिश्रा



ने आए हुए सभी अतिथियों का बुक्के देकर, पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मंच का संचालन संजू सांवरिया ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता भारत भूषण शर्मा ने सभी के जीवन में सुख शांति के लिए सूर्यदेव एवं छठी मैया से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि छठ का पर्व बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश एवं बिहार के निवासियों द्वारा मनाया जाता है, लेकिन आज महापर्व छठ पूरे भारत ही नहीं बल्कि विश्व भर के विभिन्न देशों में मनाया जा रहा है। इस पर्व को संपूर्ण भक्तिएवं शक्ति के साथ मनाते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि छठ पर्व वास्तव में शक्ति की उपासना का पर्व है और इस पर्व पर व्रत रखकर भक्तजन भगवान(भास्कर) सूर्यदेव के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। विशिष्ठ अतिथि नवीन चौधरी, आनन्द राजपूत, हरीश पाराशर करण पाराशर ने कहा कि छठी मैया उनके जीवन में संपन्नता एवं शांति बनाए रखे। इस अवसर पर व्रत करने वाले छठी मैया से भी आस-औलाद की रक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों ने व्रत रखने वालों को सभी वर्तियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# राजस्थान चुनाव में 25 सीटों पर जीत को लेकर जननायक पार्टी ने ताकत झोंकी

## चुनाव प्रचार के लिए भरतपुर राजस्थान के जघिना गांव में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के साथ प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** राजस्थान चुनाव में 25 सीटों पर जीत को लेकर जन नायक जनता पार्टी ने ताकत झोंक दी है , सोमवार को फरीदाबाद लोकसभा से कई कार्यकर्ता चुनाव प्रचार को लेकर विभिन्न विधानसभा में रैली और नुक्कड़ सभा में प्रचार करते दिखे। खुद डिप्टी सीएम हरियाणा दुष्यंत चौटाला इसकी कमान संभाल रहे थे भरतपुर राजस्थान के जघिना गांव में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के साथ प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी, पलवल जिला अध्यक्ष देवेंद्र सेरोत, खेमचंद जी,राजेश रावत एडवोकेट, सुख



राम डागर , तेजपाल डागर, जे पी सिंह, भारत सिंह प्रत्याशी मोहन सिंह जी के समर्थन में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जी के साथ मोर्चे पर डटे रहे। कार्यकर्ता घर घर जाकर गली मोहल्ले में पार्टी की नीतियों और विकास के एजेंडों के साथ मतदाताओं को रिझाने का काम करते दिखाई दिए । भरतपुर राजस्थान के जघिना गांव में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जी के मंच पर उमेश भाटी अपनी टीम के साथ नजर आए। यहां उन्होंने जननायक जनता पार्टी द्वारा हरियाणा में हुए विकास की लिस्ट गिनाकर राजस्थान में सभी सीटों पर जीत का दावा किया और कहा की अगर उनकी यहां आशा के अनुरूप सीटें आती है तो सरकार में हिस्सेदारी तो होंगी ही वही राजस्थान के लोगों को भविष्य के लिए एक नई पार्टी मिलेगी जो उनका विकास कर सकती है राजस्थान की जनता ब्राइट फ्यूचर के लिए जननायक जनता पार्टी की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।
उमेश भाटी ने कहा की दुष्यंत चौटाला जी ने चुनावी वादे जो हरियाणा के जनता जनार्दन से किए थे वो पूरे किए है अब राजस्थान की प्यारी जनता अपने बेहतरीन भविष्य के लिए जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवारों जीताकार विधानसभा में भेजेगी । इसलिए जहां भी जननायक जनता पार्टी की रैली या नुक्कड़ सभा हो रही है । वहां लोगो की काफी भीड़ आ रही है।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत क्राइम ब्रांच कैट ने पांच नाबालिक बच्चों को किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** हरियाणा सरकार के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य व डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने नाबालिंग बच्चों को रेस्क्यू कर उनके जीवन को सही दिशा दिखाने के लिए व उनकी देखभाल के लिए परिजनों को प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने फरीदाबाद



के अलग अलग स्थानों से 5 नाबालिक बच्चो को लावारिस अवस्था में घूमते हुए भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया है जिसमें दो लड़के और तीन लड़कियां शामिल हैं। जिसमें बच्चों की उम्र क्रमशः 4,6,8,12 तथा 13 वर्ष है। बच्चो का नाम, पता पूछ कर सीडब्ल्यूसी के आदेशानुसार इनके परिजनों के हवाले किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि निर्धनता के चलते कुछ बच्चे अपनी शिक्षा को बीच में ही छोड़कर कार्यों में लग जाते हैं तथा कुछ बच्च भीख माँगने लग जाते हैं जिससे उनकी पढ़ाई अधूरी रह जाती है और वह समाज में एक अच्छे सतर तक नहीं पहुँच पाते तो इसी को ध्यान में रखते हुए उक्त नाबालिग बच्चों के परिजनों को बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और हिदायत देते हुए सकुशल बच्चों को परिजनों हवाले किया है। बच्चों के परिजनों ने क्राइम ब्रांच कैट का तहे दिल से धन्यवाद किया है।

